4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 345 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 05 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# हमें मजबूर न करें, SC की मयार्दा को पालन करिए....

## आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को चेताया

समाज जागरण

चंडीगढ़: सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार को सतलुज और यमुना नदियों को जोड़ने वाली नहर के अपने हिस्से के निर्माण के 21 साल पुराने निर्देश की अनदेखी करने के लिए फटकार लगाई और अदालत ने पंजाब सरकार को कोर्ट की मयार्दा का पालन करने की हिदायत दी. न्यायमूर्ति एस-के कौल की अगुवाई वाली पीठ ने पंजाब सरकार से कहा कि उसे सर्वोच्च न्यायालय की मयार्दा को स्वीकार करना होगा. अब तक नहर का निर्माण नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि

हमें कठोर आदेश देने पर मजबूर ना करें. सतलुज-यमुना लिंक नहर विवाद पर पंजाब के नहर निर्माण ना करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें कठोर आदेश देने पर मजबूर न करें और पंजाब सरकर कोर्ट की मयार्दा का पालन करे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दो दशक से सतलुज-यमुना लिंक नहर के निर्माण न होने से हम चिंतित हैं. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि पंजाब में सतलुज-यमुना नहर लिंक के लिए अधिग्रहित जमीन वापस ना लौटाई जाए और केंद्र जमीन का सर्वे करे. इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि केंद्र यह भी बताए कि कितना निर्माण कार्य पूरा हो चुकी हा. इस बीच केंद्र सरकार सुलह को लेकर दोनों राज्यों के बीच बात करते रहे. सुप्रीम कोर्ट कहा कि केंद्र सरकार पानी की मौजूदा स्थिति को लेकर भी अदालत को अवगत कराए. फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को इस काम के लिए दो महीने का वक्त दिया है. अब सुप्रीम कोर्ट जनवरी 2024 में मामले की सुनवाई करेगा.

# राहुल चाहते हैं जाति जनगणना, लेकिन राजीव ने की थी 'जातिविहीन समाज' की वकालत, वीपी सिंह को दी थी चुनौती

समाज जागरण

नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जाति जनगणना की वकालत की है और 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा दिया है, लेकिन उनके दिवंगत पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1990 में संसद में "जातिविहीन समाज" की वकालत की थी और यहां तक कि तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह पर भी मंडल आयोग की रिपोर्ट के साथ देश को जाति युद्ध में झोंकने का आरोप लगाया था.

यह शायद पिछले कुछ वर्षों में जाति-आधारित राजनीति के मुद्दे पर कांग्रेस के दृष्टिकोण में विरोधाभास को जाहिर करता है. राहुल गांधी अब पीएम नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए 1990 के दशक की मंडल राजनीति के दूसरे संस्करण की ओर रुख कर रहे हैं, जबकि उनके पिता और दादी का दृष्टिकोण अलग था.

राजीव गांधी ने 6 सितंबर 1990 को लोकसभा में अपने एक भाषण में कहा था, "अगर आप पीछे मुड़कर देखें, तो 1980 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 'न जात पर, न पात पर' (जाति या पंथ पर नहीं) का नारा लगाया था. वीपी सिंह सरकार ने कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों पर रिपोर्ट दबाए रखने का आरोप लगाया था. न्यूज18 ने उस भाषण की समीक्षा की जिसमें तत्कालीन विपक्ष के नेता राजीव गांधी की वीपी सिंह के साथ तीखी नोकझोंक हुई क्योंकि वह मंडल आयोग की रिपोर्ट को आगे बढ़ा रहे थे. राजीव गांधी ने कहा, "यह बेहद दुखद है कि इस सरकार की सोच जाति के इर्द-गिर्द घूमती है... वीपी सिंह हमारे समाज में दरार पैदा कर रहे हैं."

शेष पृष्ठ संख्या 3 पर

# नए साल से वाराणसी दिल्ली वंदे भारत में लगेंगे होटल रूम जैसे स्लीपर कोच, दो स्लीपर कोच की मिली अनुमति

समाज जागरण
वाराणसी ब्यूरो पंकज झा

वाराणसी। वाराणसी से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में नए साल से दो नए स्लीपर कोच लगाए जाएंगे। चेन्नई स्थित रेल कोच फैक्ट्री आईसीएफ में इन कोचिंग को डिजाइन किया गया है। स्लीपर कोच का किराया इस ट्रेन के एक्जीक्यूटिव क्लास के बराबर होने की संभावना है। यात्रियों की डिमांड पर रेलवे ने कोच लगाए जाने को लेकर सर्वे कराया था, इसमें यह बात सामने आई थी कि दिल्ली से कानपुर तक कई प्रीमियम चेयर कार ट्रेन है,जो लखनऊ तक जाती है।

वही वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी वाया प्रयागराज से कानपुर होते हुए दिल्ली जाती है। इसकी दूरी करीब 758 किलोमीटर है और दिल्ली से सुबह चलने वाली यह ट्रेन वाराणसी में दोपहर करीब 2 बजे पहुंचती है। ऐसे में यात्रा करने वाले यात्रियों को थकान होती है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार स्लीपर का किराया एग्जीक्यूटिव क्लास के बराबर रखने की रेलवे तैयारी कर रहा है। नई दिल्ली से वाराणसी तक का एसी चेयर का किराया 1805 रुपए और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 3335 रुपए है। रेलवे अधिकारियों की माने तो वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच को इस तरह डिजाइन किया गया है कि किसी होटल के रूम जैसा यात्रियों को एहसास होगा। वंदे भारत में लगने वाले दो नए कोच में वह हर एक सुविधा होगी जो एक होटल के कमरे में होती है।

# नोएडा अथॉरिटी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका : अब रेवेन्यू रिकॉर्ड में किसानों के नाम दर्ज होंगे

## सालारपुर गांव का पूरा भूमि अधिग्रहण रद्द

नोएडा अथॉरिटी और गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। अदालत ने इस गांव में लंबित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं, जिला प्रशासन को आदेश दिया है कि राजस्व रिकॉर्ड को दुरुस्त किया जाए। नोएडा अथॉरिटी का नाम जमीन के रिकॉर्ड से हटाकर किसानों का नाम दर्ज किया जाए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को गैर कानूनी करार देते हुए रद्द कर दिया था। अब किसानों ने हाईकोर्ट को बताया कि अथॉरिटी और जिला प्रशासन आदेशों पर अमल नहीं कर रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के एडवोकेट पंकज दुबे ने बताया कि किसानों ने नई याचिका में नए भूमि अधिग्रहण आदेश को रद्द करने की प्रार्थना की। दरअसल, 04 मार्च 2023 को अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) ने एक आदेश पारित किया। याचिकाकताओं ने राजस्व रिकॉर्ड से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटाने की मांग की है। अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) ने नोएडा के स्थान पर किसानों का नाम दर्ज करने की अर्जी को अस्वीकार कर दिया। पंकज दुबे ने बताया कि याचिकाकताओं की उपरोक्त भूमि का अधिग्रहण भूमि अधिग्रहण अधिनियम-1894 की धारा 17(1)(4) के तहत किया गया था। किसानों ने 11 सितंबर 2008 और 30 सितंबर 2009 की अधिसूचनाओं को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। राजेंद्र एस्टेट बनाम यूपी राज्य और अन्य मामले में हाईकोर्ट ने 24 सितंबर 2010 को किसानों की याचिका खारिज कर दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

हाईकोर्ट में हारने के बाद 2013 में

किसानों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 11 सितंबर 2008 और 30 सितंबर 2009 की अधिसूचनाओं को रद्द कर दिया। पंकज दुबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का ऑपरेटिव भाग इस प्रकार है. ह्लअपील को अनुमति दी जाती है। विवादित आदेश निर्धारित किया जाता है कि अधिसूचना दिनांक 11.09.2008 और 30.09.2009 एकतरफा हैं। उन्हें रद्द किया जाता है। हालांकि, यह स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार प्रक्रिया का पालन करते हुए दोबारा भूमि अधिग्रहण करने के लिए स्वतंत्र होगी। यह प्रक्रिया अधिनियम के तहत निर्धारित है।"

### नोएडा अथॉरिटी का नाम नहीं हटा

पंकज दुबे के मुताबिक, ह्लसुप्रीम कोर्ट का साफ-साफ आदेश आने के बाद याचिकाकताओं ने एडीएम (एलए) से अनुरोध किया कि राजस्व रिकॉर्ड से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटाया जाए। अब 04.03.2023 को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (भूमि अध्याप्ति) ने याचिकाकताओं का प्रत्यावेदन खारिज कर दिया। एडीएम ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट में दायर सिविल अपील में पक्षकार नहीं थे। लिहाजा, लाभ के हकदार नहीं होंगे।

### 'फैसले का लाभ सबको मिलेगा'

याचिकाकताओं के वकील ने तर्क दिया कि एक बार भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा-4 और 6 के तहत अधिसूचनाएं सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दी हैं तो कुछ नहीं बचा है। नोएडा अथॉरिटी और जिला प्रशासन आदेश का आदर नहीं कर रहे हैं। जब राजेंद्र एस्टेट के मामले में कोर्ट ने अधिसूचनाएं रद्द कर दी हैं तो इसका प्रभाव तो पूरे अधिग्रहण पर पड़ेगा। रिट में जाने वालों को लाभ मिलेगा और बाकी को नहीं मिलेगा, यह सवाल ही नहीं बचता है। लिहाजा, इस कानूनी स्थिति का लाभ सभी को मिलेगा।

भूमि अधिग्रहण की नई प्रक्रिया शुरू हुई एडीएम की ओर से हाजिर सरकारी वकील ने स्वीकार किया कि अब तक कोई अवॉर्ड घोषित नहीं किया गया है। नोएडा प्राधिकरण का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहा है। राजेंद्र एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि भूमि के नए सिरे से अधिग्रहण के लिए कदम उठाए। अब 19.01.2019 को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (भू-अध्याप्ति) के माध्यम से सलारपुर में भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजा गया। दिनांक 07.04.2021 और 03.09.2021 को अनुस्मारक भेजे गए। एडीएम के यहां से कोई उत्तर नहीं आया है।

### गजराज और सावित्री देवी पर हुई चर्चा

एडवोकेट पंकज दुबे ने बताया कि हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने से पहले गौतमबुद्ध नगर के इन दो ऐतिहासिक मुकदमों की चर्चा की। अदालत ने कहा, इससे पहले कि हम आगे बढ़ें, यह नोट करना प्रासंगिक है, जिन अधिसूचनाओं को राजेंद्र के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था, इस न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा बरकरार रखा गया था। जबकि, गजराज बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य से जुड़े मामले में रिपोर्ट किया गया है। गजराज मामले में फैसले को बरकरार रखा गया था और सुप्रीम कोर्ट ने सावित्री देवी बनाम यूपी राज्य मामले में भी याचिकाकताओं को राहत। ऐसा प्रतीत होता है कि राजेंद्र एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के मामले में इन तथ्यों को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष नहीं रखा गया। स्थिति इस प्रकार उभरकर आती है कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अधिग्रहण को रोकता है। लिहाजा, कार्रवाई अवैध होगी, लेकिन सावित्री देवी के मामले में जो निर्णय दिया गया था, वह उन्हीं सूचनाओं को बरकरार रखता है।

### अब कोर्ट ने सुनाया यह फैसला

अदालत ने अपने फैसले में कहा है, 'रिट याचिका स्वीकार की जाती है। उत्तरदाता को निर्देशित किया जाता है कि राजस्व अभिलेखों से नोएडा अथॉरिटी का नाम हटा दिया जाए। किसानों की भूमि पर उनका नाम चढ़ाने के लिए चार सप्ताह के अंदर आदेश का अमल करें। अथॉरिटी और प्रशासन भूमि अधिग्रहण करने के लिए स्वतंत्र हैं। कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया अपनाने का विकल्प खुला छोड़ दिया गया है।

# निदेशक कुणाल सिल्कू ने वीआरएस प्रशिक्षण के लिए लैब का किया उद्घाटन

04 अक्टूबर 2023 लखनऊ। प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय, भारत सरकार की संस्था निमि, चेन्नई के सहयोग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ के द्वारा संस्थान में वीआरएस (वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर) प्रशिक्षण के लिए लैब का उद्घाटन बुधवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कू के द्वारा किया गया।

निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 ने संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्था की तारीफ की। के श्रीनिवास राव, उप निदेशक ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की सराहना की तथा नैषध पलेजा ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निर्भय कुमार सिंह, वर्चुअल रियलिटी प्रभारी की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में विशिष्ट योग्यता के लिए वांछित कौशल प्राप्त कर प्रशिक्षार्थियों को प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण परिदृश्य में कई लाभ प्रदान कर सकता है। व्यावसायिक कौशल परिस्थितिकी तंत्र को वर्चुवल रियलिटी आधारित इण्टरैक्टिव सामग्री प्रदान करना तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा कार्यस्थल पर यथार्थवादी कठिन अनुभवों सहित विभिन्न स्थितियों में पूरी तरह से डूब सके और उन्हे बाहर निकलने के तरीको के बारे में सीख सके। जो राजकीय आईटीआई के लिए मिश्रित शिक्षण पद्धति को और मजबूत करने के लिए वर्चुवल रियलिटी सामग्री एक पायलट रोलिंग प्रोजेक्ट होगा। जिससे प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में पारंगत होने में मदद करेगा। यह योजना भारत सरकार पूरे भारत में पाँच राजकीय आईटीआई को प्रदान की गयी है जिसमें यह संस्थान भी है।

इस अवसर पर के. श्रीनिवास राव, उप निदेशक, राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान, चेन्नई एवं नैषध पलेजा, सह संस्थापक, फीस्ट सॉफ्टवेयर प्रा0लि0, मुम्बई तथा मण्डलीय संयुक्त निदेशक भगवत दयाल, प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, चन्द्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य, शिवानी पंकज, प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# राज महंत राजेश्वर भार्गव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर हुए शामिल

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर । रायगढ़ में आयोजित भरोसा के सम्मेलन के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मल्लिकाअर्जुन खरगे और जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार गुरु ने छत्तीसगढ़ के 82 विकास खण्ड में परम पूज्य गुरूघासी दास बाबा जी का सत्य की प्रतीक जैतखाम स्वेत झंडा फहराने के लिए समस्त मानव समाज को सत्य का निशानी का भूमिपूजन सभी समाज के साथ छत्तीसगढ़ के भरोसे की सरकार समेल्लन में किया इस अवसर पर जगतगुरु गुरु रूद्रकुमार गुरू के आदेश पर बिलासपुर जिला के सभी राजमहंत मंथन सभा कक्ष बिलासपुर में उपस्थित होकर भूमिपूजन समारोह का गवाह बनकर सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया जिसमें राजमहंत राजेश्वर भार्गव सभापति ज़िला पंचायत बिलासपुर साथ में राजमहंत दशेराम खाण्डे राजमहंत उमादत्त घृतलहरे राजनारायण निराला भारत सिंह खांण्डेकर लखनटंडन भुलाऊराम कुर्रे पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप

# ईरान में एक और महसा अमिनी कांड !

## हिजाब विवाद में पिटाई से कोमा में गई 16 साल की लड़की

तेहरान. ईरान में हिजाब को लेकर सख्ती बरतने वाली मोरल पुलिस ने 16 साल की एक लड़की को पीट-पीट कर कोमा में पहुंचा दिया है. लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज अस्पताल में हो रहा है. मीडिया में आई खबरों में बताया गया है कि इस लड़की का नाम अर्मिता गारवांड है जिसे मोरल पुलिस ने बुरी तरह पीटा था. हालांकि ईरान के अफसर इसका खंडन कर रहे हैं. उनका कहना है कि लो ब्लड प्रेशर होने के कारण किशोरी अर्मिता बेहोश हो गई थी.

कुर्द आधारित समूह हेंगॉ ने कहा है कि तेहरान मेट्रो के पास मोरल पुलिस ने अर्मिता

को इतना अधिक पीटा कि वह कोमा में चली गई है. अब पुलिस उसका इलाज इतनी अधिक सुरक्षा में करा रही है कि उसके परिवार वालों तक को उससे मिलने की अनुमति नहीं है. अधिकार समूह हेंगॉ ने बताया है कि तेहरान मेट्रो के पास किशोरी को मोरल पुलिस ने पकड़ लिया था और हिजाब को लेकर उनके बीच बहस हुई थी.

### बुरी तरह घायल है किशोरी, फज्र अस्पताल में किया भर्ती

इसके बाद महिला पुलिस अधिकारियों ने किशोरी को पीटना शुरू कर दिया था. घायल लड़की को जब तक फज्र अस्पताल पहुंचाया जाता तब तक वह कोमा में जा चुकी थी. शोहदा मेट्रो स्टेशन पर हुई इस घटना में किशोरी को गंभीर शारीरिक चोटें आई हैं. बुरी तरह घायल किशोरी के बारे में पुलिस झूठ बोल रही है. उन्होंने किशोरी की हालत के लिए पुलिस को दोषी ठहराया है.

### ईरान में हाई अलर्ट, महसा अमिनी कांड की यादें हुई ताजा

एक साल पहले महसा अमिनी कांड को लेकर पूरे ईरान में प्रदर्शन हुए थे. हिजाब के कारण महसा अमिनी को मोरल पुलिस ने इस कदर पीटा था कि उसकी मौत हो गई थी और इसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे. दुनिया भर में महसा अमिनी को श्रद्धांजलि दी गई थी और ईरान की सरकार ने बहुत मुश्किल से मामले का सामना किया था. इस बार सरकार और पुलिस दोनों ही हाई अलर्ट हैं और उन्होंने तेहरान में जगह-जगह सुरक्षा कड़ी कर दी है.

# क्या ऐसे ही' न्यूज 'को' क्लिक' किया जाता है भाई ?

**दैनिक समाज जागरण**

हमारी सरकार अब ' न्यूज ' क्लिक ' करना सीख गयी है । सरकार को हर न्यूज में दिलचस्पी रहती है क्योंकि हर न्यूज सरकार का बल्ब फ्यूज करने का काम करती है। इस बार सरकार के निशाने पर सचमुच में ' न्यूज क्लिक ' ही है। सरकार यानि दिल्ली पुलिस ने न्यूज क्लिक के सौ से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की और न्यूज के तमाम स्त्रोतों से जुडी सामग्री को अपने कब्जे में ले लिये। इतना ही नहीं ऐसा करने के बाद न्यूज क्लिक करने वाले उर्मिलेश और अभिसार को भी पूछताछ के लिए अपना मेहमान बना लिया। न्यूजक्लिक पर बड़ा संगीन आरोप है कि उसने हमारी संप्रभु सरकार के खिलाफ काम करने के लिए चीन से 38 करोड़ रुपया हासिल किया।

पुलिस की इस कार्रवाई को पूरा मीडिया जगत अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला मान कर चल रहा है ,लेकिन मुझे लगता है कि इस कार्रवाई का मकसद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करने वाले तमाम लोगों को हड़काने भर की है ,क्योंकि पांच राज्यों के चुनाव सर पर हैं और कुछ ही महीने बाद आम चुनाव भी होना है। न्यूज क्लिक के बारे में कुछ बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि बीते 24 घंटे में मीडिया में दिलचस्पी रखने वाले अधिकांश लोग सर्च इंजिनों के जरिये न्यूज क्लिक को खंगाल चुके हैं। न्यूज क्लिक में जाहिर है कि केवल और केवल न्यूज बनती है, और बेचीं जाती है।

न्यूज क्लिक पर जो आरोप हैं वे एकदम ताजा नहीं हैं । दो साल पुराने है । पुलिस चाहती तो दो साल में इस मामले को दाखिल दफतर कर सकती थी या जो कार्रवाई उसने मंगलवार को की उसे पहले ही अंजाम दे सकती थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को ऐसे ही संगीन मामले कार्रवाई के लिए सौंपे जाते हैं। दिल्ली पुलिस की तारीफ करना चाहिए कि उसे जो टास्क दिया जाता है उसे वो प्राणपण से पूरा करने की कोशिश करती है । दिल्ली पुलिस को मीडिया कि अभिव्यक्ति की आजादी - वाजादी से कुछ लेना-देना नहीं है । उसे तो अपने आकाओं के हुक्म को तामील करना है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर में न्यूज क्लिक वेबसाइट के पत्रकारों के ठिकानों पर रेड डाली व न्यूजक्लिक का दफ्तर सील कर दिया. यह कार्रवाई फॉरेन फंडिंग के मामले में यूएपीए के तहत की जा रही है। देश में मीडिया को व्विदेशी पूँजी निवेश की छोट है। ये छोट भी सरकार ने दी ह। आप 26 फीसदी विदेशी निवेश ले सकते हैं ,लेकिन सरकार को उखड फेंकने के लिए इस निवेश का इस्तेमाल करेंगे तो पकडे जायेंगे। न्यूज क्लिक पर आरोप है कि उसने बजरिये अमरीका चीन से 38 करोड़ रुपए लेकर अपनी बेव साईट के जरिये देश में सरकार विरोधी माहौल बनाना शुरू किया। अब भला कोई भी सरकार ये कैसे बर्दाश्त कर सकती ह। कांग्रेस की सरकार भी होती तो वो भी यही सब करती जो भाजपा की स-रकार यानि उसकी पुलिस कर रही है।

देश में इससे पहले भी पुलिस इसी तरह के मामलो में कार्रवाई कर चुकी है । मुझे याद नहीं आता कि किसीको भी फांसी पर चढ़ाया गया हो । सरकार सिर्फ धमकाती है, आँखें दिखाती है और सब कुछ भूल जाती है। न्यूज क्लिक के प्रबीर पुलकायस्थ को भी फांसी पर नहीं चढ़ाया जायेगा । अभिसार और उर्मिलेश जी भी जल्द ही घर आ जायेंगे ,लेकिन तब तक देश के मीडिया को ये सन्देश दे दिया जाएगा कि कृपया सरकार के पक्ष में वातावरण नहीं बना सकते तो खिलाफ में भी मत बनाइये। और मुझे लगता है कि सरकार का मकसद पूरा हो चुका है। सरकार की कार्रवाई के विरोध में जिन्हें बोलना था वो बोल रहे हैं और जिन्हें खामोशी अख्तियार करना थी वो खामोशी की चादर ओढ़ चुके हैं उनसे बोलने की अपेक्षा भी नहीं की जाना चाहिए।

देश को यदि न्यूज क्लिक के खिलाफ की जा रही कार्रवाई आपातकाल की आहट लगती है तो उसे सावधान हो जाना चाहिए और नहीं लगती तो मौज करना चाहिए। पिछले एक दशक में देश का मीडिया जिस तरीके से वातसल्य भाव से काम कर रहा है वो किसी से छिपा ही नहीं है। ऐसे में न्यूज क्लिक जैसी संस्थाओं की सक्रियता को ये देश आखिर कैसे बर्दाश्त कर सकता है ?अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षक तमाम संस्थाओं को पहचानने का ये सही समय है। इस समय जो मौन है और जो मुखर है पहचाना जाएगा। शर्त एक ही है कि साधन और साध्य की पवित्रता का ख्याल मीडिया खुद रखे।

अपनी वेबसाइट चलने के लिए फंडिंग के लिए चीन जाने कि क्या जरूरत है,अमेरिका से पैसे लेने की क्या जरूरत है । अपने ही देश की जनता के पास इतना पैसा है कि आपका काम चल जाएग। मेरा तो चल रहा है । मै अपने पाठकों से रोजाना केवल एक रुपया लेता हूँ। जिनके पास नहीं है उन्हें अपनी सामग्री मुफ्त भी देता हूँ। इसके बावजूद मुझे भी पुलिस जिस दिन आका का हुक्म होगा उस दिन उर्मिलेश और अभिसार की तरह उठा लेगी। पुलिस को अपना काम करने दीजिये । आप यानि मीडिया अपना काम करे । कानून अपना काम करता ही है। कानून का दखल न होता तो न्यूज क्लिक की पूरी टीम पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी होती। कुछ समय पहले कानून ने ही इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाईं थी

देश में पिछले दरवाजे से आपातकाल आज नहीं आ रहा उसे आये एक दशक होने को है। वो तो गनीमत है कि सरकार उदार है अन्यथा इंदिरा गाँधी कि तरह आज के माहौल में कभी का आपातकाल लगा चुकी होतीं। देश के वैकल्पिक मीडिया की हर न्यूज जब क्लिक होती है तब -तब सरकार की एक न एक ईंट कमजोर होती है इसलिए ये संघर्ष भी सनातन ही समझिये। सरकार को अपना काम करने दीजिये ,आप अपना काम कीजिये। सरकार कि अक्ल अपने आप ठिकाने लग जाएगी। आखिर सरकार है तो पूर्णतः स्वदेशी । उसे तो किसी दूसरे देश की सरकार या जनता ने तो फंडिंग नहीं की। सरकार की सारी फंडिंग अडानी और अम्बानी जैसे स्वदेशी लोग करते हैं। अमेरिका के नेविल राय सिंघम नहीं।

आपको याद होगा कि एक महीने पहले लोकसभा में भी न्यूजक्लिक का मुद्दा उठाया गया था। 7 अगस्त 2023 को बीजेपी सासंद निशिकांत दुबे ने कहा था कि न्यूजक्लिक को चीन से फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा ,।था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि न्यूजक्लिक देश विरोधी है. निशिकांत ने मीडिया पोर्टल पर चाइनीज फंडिंग से सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' जैसे अखबार भी स्वीकार कर रहे हैं कि नेविल रॉय सिंघम और उनका न्यूज क्लिक चीन की कम्युनिस्ट.पार्टी (सीपीसी) के खतरनाक हथियार हैं और दुनिया भर में चीन के राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं।

**@ राकेश अचल**

# बैठकी "जातिय जनगणना" पूर्णत: राजनीतिक

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े--"सरजी,मैं,"श्री निवास राम" एक शिक्षक होने के नाते,अपने राष्ट्र और अपने सनातन धर्म पर मनन करता हूँ तो इसी निष्कर्ष पर आता हूँ कि हजार बर्षों से सनातन धर्म और सनातनियों को नष्ट करने तथा शासन और शोषण करने के उद्देश्य से जिस ब्रम्हास्त्र-"जातिवाद" का प्रयोग मुगलों,अंग्रेजों ने किया,वही आजादी के बाद संविधान में आर्थिक आरक्षण की जगह, जातिगत आरक्षण की व्यवस्था देकर कांग्रेस ने किया।आगे चलकर "जातिगत आरक्षण" की संवैधानिक व्यवस्था ने क्षेत्रीय जातिवादी एवं परिवार-

वादी राजनीतिक दलों को जन्म दिया। लेकिन 2014 से अभी तक,मोदी सरकार ने जिस तरह राष्ट्र और देश के आमजनों को सशक्त करने का संकल्प दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप 13 करोड़ से भी अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर उठ पाये। कोरोना जैसी विपरीत स्थितियों में भी मोदी सरकार ने विकास की जो पटरी बिछाई उसने विपक्षियों की नींद हराम कर दी है। अब मरता क्या न करता!!इसलिए इंडी एलायंस ने मोदीजी को, राज्य और केंद्र के चुनाव में घेरने के लिए, पुरे देश में "जातिय जनगणना" कराने की मांग को,अपना चुनावी एजेंडा बना लिया है।"

ठीक बोले मास्टर साहब, 2014 से लेकर अबतक, मोदीजी के शासनकाल में,जिस कदर राष्ट्र और गरीबों तथा वंचितों का उत्थान हुआ है उससे विपक्षियों के आंचल में झूठ और फेक फैलाने के सिवा कोई हथियार रह नहीं गया है तथापि सनातन के विरुद्ध तुष्टीकरण, और हिंदू मतदाताओं की बड़ी जनसंख्या-पिछड़ी जातियों को लुभाने के लिये "फूट डालो और राज खरो" की नीति के तहत,"जातिय जनगणना" को चुनावी आधार बनाने पर जोर दे रहे हैं। इधर बिहार ने ज्यों हीं "जातिय जनगणना" के आंकड़े जारी किये और उसमें पिछड़ी जातियों की आबादी प्रतिशत 63 देखे,उछलकूद और बढ़ गई है।--डा.पिंटू अपनी कहे।

सरजी,बिहार सरकार ने जो आंकड़ा जारी किया गया है उसमें हिंदूओं की जनसंख्या 81.99 प्रतिशत,मुस्लिम 17.70 प्रतिशत,और अन्य .31 प्रतिशत दशार्या गया है। पिछड़ों में ओबीसी-27.12 प्रतिशत और इबीसी अर्थात अति पिछड़ों का प्रतिशत 36.01 प्रतिशत दिखाया गया है। जबकि सामान्य का प्रतिशत-15.52, दिखाया जा रहा है।पिछड़ों की जनसंख्या-63 प्रतिशत देखते हीं बिहार क्या, पुरे देश की राजनीति,अब इन्हीं पिछड़ी जातियों को वोटबैंक बनाने के ईर्द-गिर्द घुमाती दिख रही है!--पारसनेता हाथ चमकाये।

नेताजी! इस जनगणना में गजब का घालमेल किया गया है।--कुंवरजी सोफे पर आगे की ओर झुककर।

उ का कुंवर बाबु!!--मुखियाजी पुछ बैठे।

पहली बात कि कई क्षेत्रों में जहाँ सबर्णों की जनसंख्या घनी धी वहाँ दो-चार घरों को गैप दे,दे कर गिनती की गई अर्थात सबर्णों का सही प्रतिशत नहीं है। दुसरी बात की पिछड़ों की गिनती में मुस्लिम समाज के लोगों को भी शामिल किया गया है जिससे स्वभाविक रूप से पिछड़ों का प्रतिशत बढ़ गया और मुस्लिम जनसंख्या का कितना प्रतिशत सामान्य की श्रेणी में है,ये भी स्पष्ट नहीं।--कुंवरजी रुके।

तभी मास्टर साहब बोल पड़े--"सबसे महत्वपूर्ण बात तो ये है कि इस जातिय सर्वे में आर्थिक स्थिति का सर्वे भी शामिल था लेकिन उसकी रिपोर्ट क्यों दबा दी गई!!इसी से पता चलता कि किस जाति की आर्थिक स्थिति कैसी है!!लेकिन ऐसा नहीं किया गया क्योंकि इस "जातिय जनगणना" का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक है,गरीबों का उत्थान नहीं।"

ये भी सोचनीय बात है कि 1931के बाद जितनी जनगणना हुई है उसमें ब्राम्हणों का प्रतिशत, 4.5 से अधिक रहा है तो अब घटकर 3.65 प्रतिशत कैसे हो गया!! जबकि कुर्मी,कुशवाहा का बढ़ गया है। दुसरी बात कि नितीश बाबु,पिछड़ों के इतने हीं हमदर्द रहें हैं तो महादलित मांझी को हटाकर स्वयं मुख्यमंत्री क्यों बन गये!! खैर,अब तो नितीश और ओजस्वी को दलित और अति पिछड़ों के लिए कुर्सी खाली कर देनी चाहिए। तीसरी बात कांग्रेस के राहुलजी से है--"जब 2011 में कांग्रेस ने जातिय जनगणना करायी थी और उसपर देश के टैक्स दाताओं का 5 हजार करोड़ खर्च किया था तो आंकड़े जारी क्यों नहीं किया!!साथ हीं आज कांग्रेस के दलित समाज के अध्यक्ष- मल्लिकार्जुन खेगड़े को प्रधानमंत्री के रुप में क्यों नहीं परोसा जाता!!"

कुछ भी कहिये, जातिय जनगणना का उद्देश्य तो जात-पात की राजनीति करना हीं है!! जबकि एक विडिओ देखा था जिसमें नितीश और तेजस्वी,जात-पात की राजनीति करने का ब्लेम भाजपा पर लगा रहे थे वही लोग हाथ-पैर तोड़कर जातिगत राजनीति पर उतारु हैं।

असल उद्देश्य किसी प्रकार सत्ता हथियाना है और सनातन को हानि फहुँचाना है।--उमाकाका मुखियाजी की ओर देखकर।

ए भाई,मोदीजी गरीबी के महत्व देके, जाति के राजनीति प गरदा डाल देले बाड़े बाकि अब फेरु विपक्षिया कुल,जाति के राजनीति, जोर-शोर से शुरू कईले बाड़न स।--मुखियाजी दुखी लगे।

सुना नहीं आपलोगों ने!नितीश और तेजस्वी कह रहे थे कि जातिय जनगणना से दबे कुचले लोगों को उपर उठाने में मदद मिलेगी। तो इन्हें,जनता को बताना चाहिए कि 15 साल लालू का शासन रहा फिर 18 साल से नितीश बाबु,मुख्यमंत्री हैं। ये लोग 33 साल से पिछड़ों के विकास के लिये क्या किये !! यदि नहीं कर सके तो क्या इसी जातिय जनगणना का अबतक इंतजार कर रहे थे!!--पारसनेता मुंह बनाये।

नेताजी,ठीक कहा आपने। ये जातियां तो पहले भी थीं और यही लोग सत्ता में भी रहे हैं और हैं तो,इनलोगों ने उन जातियों के लिये अब तक क्या किया!! अगर प्रति व्यक्ति आय को देखें तो आज बिहार,पुरे देश में सबसे नीचे स्तर पर है। बिहार का प्रति व्यक्ति सालाना आय, मात्र 49 हजार है। जबकि महाराष्ट्र में 2 लाख 42 हजार,दिल्ली में 3 लाख 89 हजार,गुजरात में 2 लाख 96 हजार है और देश का औसत प्रति व्यक्ति आय 98 हजार है। मतलब देश की औसत आय भी बिहार से दुगना है और ये अब चले हैं जाति की राजनीति करके जनता को मूर्ख बनाने।--डा.पिंटू के चेहरे पर घृणा के भाव दिखे।

लालूजी और नितीश के 33 बर्षों के राज का हीं परिणाम है कि आज रोजी-रोटी के लिए,पिछड़े वर्ग के 50 प्रतिशत परिवार के सदस्य, राज्य के बाहर जाने को बाध्य हुए हैं। कोरोना काल याद है न!!--मास्टर साहब मुंह बनाये।

ए सरजी, रउवा कुछ कहीं!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,आज जो देश की स्थिति है उसमें जातिय राजनीति का नहीं बल्कि विकास की राजनीति की आवश्यकता है। अगर सच में इंडी एलायंस को समाज के वंचित, शोषित, पिछड़ों के उत्थान की चिंता रहती तो सबसे पहले ये राजनीतिक पार्टियां,संविधान में संशोधन करके "जातिगत आरक्षण" को हटाकर "आर्थिक आरक्षण" पर बल देंती। क्योंकि आज बदलते परिवेश में "सामाजिक स्टेटस" पूर्णतः "आर्थिक स्टेटस" पर निर्भर है। आज हमारे समाज में कोई पिछड़ा है तो बस गरीबी ने पिछड़ा बना रखा है।अब इन जातिवादी नेताओं, जो पिछड़े,दलीत जाति से आतें हैं क्या पिछड़े रह गये हैं!!जैसे-लाल परिवार, मुलायम परिवार, नितीश, मायावती,या दक्षिण राज्यों के जातिवादी राजनीतिज्ञ!! मतलब साफ है, ये सभी येनकेन धनी बन गये। बढ़ते आर्थिक स्थिति ने इनकी सामाजिक स्थिति को भी उपर उठा दिया है।

इन जातिवादी राजनीतिक दलों का उद्देश्य समाज और राष्ट्र का विकास नहीं,सिर्फ अपना स्वार्थ है जिसका प्रमाण परिवारवाद है।

इंडी एलायंस का नारा--"जिसकी जितनी संख्या भारी,उसकी उतनी भागिदारी"। यहाँ भागिदारी से तात्पर्य मात्र आरक्षण के लाभ से है।बिहार का "जातिय जनगणना",पिछड़े वर्ग को बड़ा वोटबैंक दर्शा रही है तो "जातिय जनगणना" पिछड़ा वर्ग को अपनी ओर मोड़ने का घटिया चाल पूर्णतः, हिंदू समाज विरोधी ओर विकास की नीति के विरुद्ध है।--मैं चुप हुआ।

अच्छा,देर भईल अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!

**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## सब धर्मों का धर्म हमारी गीता है

-- --

दो मुस्लिम बातचीत कर रहे हों
भगवद्गीता व सनातन महिमा में,
हर धर्म का मानव वक्त निकाल
पढ़ें, क्या लिखा गया है गीता में।

मानव जीवन की वास्तविकता
का आधार श्रीमदभगवद्गीता है,
सब धर्मों का धर्म हमारी गीता है,
कृष्ण की वाणी पार्थ की शिक्षा है।

कोई किसी धर्म या जाति का हो,
खून का रंग नहीं अलग होता है,
भोजन का प्रबंध जन्म से पहले,
ईश्वर सब के लिये कर देता है।

सबकी माँ भी होती है, पिता भी,
सबका जन्म जगत में माँ देती है,
किसी धर्म व जाति में किसी का
पिता कभी जन्म नहीं दे सकता है।

भेद भाव बनाए हैं दुनिया वालों ने,
नहीं भेद किया किसी में ईश्वर ने,
गीता का ज्ञान यही तो कहता है,
आदित्य कर्म ही धर्म वो कहता है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

## कौन हूँ मैं ?

मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर दिया
या पानी ने अपनी धाराओं में
विलोपित कर दिया मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं आता
अपने अतीत में अपने को खोजता
पीछे की ओर नजरें दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा मैं
शून्य होकर रह गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से तलाशता,
सूखे पत्तों सा फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने दिया
मुक्ति का संदेश,
नवयुग की ओर जाने का
मार्ग,
सच, नवजात नन्हा ही
आज और आने वाले कल का
सच्चा पथ प्रदर्शक है,

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़**

*आलेख -*

# अवसर की ताक में लोकतंत्र के बहुरूपिए जो देश का अहित कर रहे हैं।

**दैनिक समाज जागरण**

अवसर हर एक व्यक्ति को जीने की दशा और दिशा देता है।अवसर यदि अच्छे लोगों को मिलता है तो माहौल अच्छा और सच्चा हो जाता है और अवसर बुरे व्यक्ति को मिले तो निश्चित ही माहौल बुरा हो जाता है। हमारे देश में लोकतंत्र है सारी पार्टियां अवसर की तलाश में रहती है कि, उन्हें सत्ता में आने का मौका मिले तो वह देश के लिए कुछ करे?

हमारे देश में लोगों को यह मौका तो मिलता है परंतु व्यक्तिगत आधार पर नहीं बल्कि पार्टी के आधार पर ? पार्टी में अच्छे और बुरे लोग दोनों होते हैं और अवसर अच्छे और बुरे दोनों लोगों को मिल जाता है। अच्छे लोग सच्चाई और अच्छाई की मयार्दा में दबे रह जाते हैं और बुरे लोग देश का बुरा कर जाते हैं। जबकि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, स्पष्टता, स्वच्छता एवं जवाबदेही आवश्यक है,इन सब से भी पहले व्यक्ति में राष्ट्रीयता की भावना की प्रचुरता आवश्यक है। लोकतंत्र लोकशासन है और लोगो में राष्ट्रीयता की भावना सबसे पहले होना आवश्यक है परंतु हमारे देश के लोकतंत्र में राष्ट्रीयता की भावना का अभाव देखा जा सकता है? राष्ट्रीयता की भावना की जगह व्यक्तिगत भावना का असर हर राज्य की शासन-व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों में देखा जा सकता है।

यह भावना आजादी से पहले ही बीज के रुप में बोई गई है जो अब फल-फूल रही है।देश को आजादी बंटवारे की कीमत पर मिली क्षेत्र के साथ साथ धार्मिक भावनाओं के बंटवारे पर आजादी मिली? और यह बंटवारा देश का दुर्भाग्य बन गई?देश तो बट गया किन्तु धर्म के बंटवारे की भावना हमारे देश में आज भी फल फूल रही है। आजादी के समय जो बीज बोया गया वह आज कांटेदार वृक्ष बन चुका है?

आजादी के बाद देश में दो राजनीतिक दल मुख्य रुप से देश के शासन में भागीदार रही है पहला कांग्रेस और दूसरा भारतीय जनता पार्टी।इन दोनों पार्टियों के अलावा बहुत सारी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां हैं जो इन दोनों पार्टियों को मजबूत बनाने में सहायक रही है एवं दल-बदल के तहत देश को हानि पहुंचा रही है विधायको की खरीद बिक्री और पार्टियों की खरीद बिक्री को बढ़ावा देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और सबसे ज्यादा देश को कमजोर कर रही है।

बंटवारे के तर्ज पर देश की दोनों मुख्य पार्टियां भी बंटी रही एक ने मुस्लिम अल्पसंख्यको को खुश कर राजनीति की और दूसरे ने हिन्दू और सनातन धर्म का सहारा लेकर राजनीति कर रही है इसमें कहीं से कोई दो राय नहीं है?

यही कारण है कि अबतक कभी भी देश में किसी भी योजना या देश के विकास से संबंधित किसी कार्य में आम सहमति नहीं बन पाई है।इन दोनों पार्टियों की सोच एवं नीति देश को दो अलग-अलग दिशाओं में ले जाती रही है जो देश के लिए उस समय भी घातक था जब देश का बंटवारा हुआ और अभी भी घातक है जब देश दंगों की बारूद पर बैठ चुका है?

इन दोनों बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने देश में राष्ट्रीयता की भावना को लेकर शासन नहीं किया है वरण धर्म का सहारा लेकर देश तथा देश के लोगों को गुमराह किया है।

जबकि होना यह चाहिए था कि देश में धर्म से हटकर देश के विकास और देश की स-ुरक्षा को ध्यान में रखकर राष्ट्रवाद का हाथ पकड़ कर शासन होना चाहिए था।

देश के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी धर्म को धर्म की जगह होना चाहिए था, राजनीति का हिस्सा धर्म को नहीं बनाना चाहिए था,अगर ऐसा हुआ होता तो निश्चित ही आज देश की तस्वीर ही अलग होती ।

आज निश्चित ही देश पूरी दुनिया के सामने मजबूत स्थिति में है परंतु धर्म को हथियार बनाकर राजनीति करना देश के हित में बिल्कुल भी नहीं है।

लोकतंत्र में अवसर वैसे लोगो को मिलना चाहिए जो वास्तव में राष्ट्रवादी हो और देश का विकास करना चाहते हैं।

**लेखक - चंद्रकांत पूजारी गुजरात**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जाति जनगणना भारत को तोड़ रही है: राजीव गांधी

शेष पृष्ठ संख्या 1 का

उन्होंने कहा कि "देश का लक्ष्य जातिविहीन समाज होना चाहिए" और आपको ऐसा कोई भी कदम उठाने से बचना चाहिए जो देश को जाति-ग्रस्त समाज की ओर ले जाए. उन्होंने कहा, ह्वइस सदन में कोई भी यह नहीं कहेगा कि जातिवाद को हटाना उस राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा नहीं है."

## जाति जनगणना भारत को तोड़ रही है: राजीव गांधी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतावनी दी है कि जाति जनगणना की बात करना लोगों और देश को बांटने के समान है. राजीव गांधी ने 1990 में संसद में अपने भाषण में मंडल आयोग की रिपोर्ट के बारे में ऐसे ही विचार रखे थे. राजीव गांधी ने लोकसभा में कहा, "...जिस तरह से आपने मंडल आयोग को लागू किया है, मेरे लिए यह मेरे देश को तोड़ रहा है. इस समय में भी, देश को इस जाति विभाजन से वापस खींचने का समय है." रिकॉर्ड के मुताबिक, उन्होंने कहा कि वीपी सिंह सरकार "जातिवाद में निहित स्वार्थ पैदा कर रही है और देश को इसके लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी".

## राजीव गांधी ने की थी समान अवसर देने की पैरवी

राजीव गांधी ने यह भी पूछा कि सरकार जाति को एकमात्र पहचानकर्ता के रूप में क्यों स्वीकार कर रही है. उन्होंने कहा था कि पिछड़ेपन और गरीबी को दूर करने के लिए समस्या की जड़ को देखना होगा और समान अवसर देना होगा. राजीव गांधी ने कहा, "हम, कांग्रेस, पिछड़े समुदायों के लिए एक व्यापक कार्य योजना, एक सकारात्मक कार्य योजना के पक्ष में हैं. हमें इसकी जरूरत है. समस्या को राजनीति करके या सीमित राजनीतिक रूप से प्रेरित जोड़-तोड़ से हल नहीं किया जा सकता है." उन्होंने कहा कि हकीकत तो यह है कि इस देश में जाति का बहुत महत्व है. लोकसभा में तत्कालीन विपक्षी नेता ने कहा था "लेकिन हमारा लक्ष्य क्या है? क्या हमारा लक्ष्य जातिविहीन समाज है?"

## राजीव गांधी ने वीपी सिंह को दी थी चुनौती

राजीव गांधी इस बहस में व्यक्तिगत रूप से भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए जातिविहीन समाज को लक्ष्य मानते थे. राजीव गांधी ने कहा था, "पीएम में खड़े होकर यह कहने की हिम्मत नहीं है कि वह जातिविहीन समाज में विश्वास करते हैं या जातिविहीन समाज में विश्वास नहीं करते हैं. यह बहुत दुखद है सर." उन्होंने आगे कहा कि एक व्यक्ति की जिद को भारत में जाति युद्ध का कारण न बनने दें.

## आरक्षण पर क्या थी राजीव गांधी की राय

राजीव गांधी ने अपने भाषण के समापन में कहा, "सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण सहित हर संभव मदद की जरूरत है और कांग्रेस इसमें आपका समर्थन करेगी. हम चाहते हैं कि इसका लक्ष्य सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों को लक्षित किया जाए, जिसे कांग्रेस पार्टी ने इस साल 30 अगस्त को कार्य समिति के प्रस्ताव में रेखांकित किया है."

# भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महापंचायत लखनऊ में संपन्न हुई

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ ।भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महापंचायत लखनऊ में संपन्न हुई इस किसान यूनियन महापंचायत की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की बहुत सारी समस्याएं हैं 28 सूत्री माँग को लेकर को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया है मुख्य मांगों में गन्ने का भाव 400 प्रति कुंतल किया जाए और किसानों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाए, इस वर्ष भारी वर्षा के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसलों का भारी नुकसान हुआ है उनका सर्वे करवा के किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए किसानों को 60 वर्ष के बाद रुपए 10000 महीने की पेंशन दी जाए, रहीमाबाद व कैथुलिया,दिलावर नगर मलिहाबाद रेलवे फाटक पर ओवर व्रिज या अंडरपास बनाया जाए ।

# छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक जाणता राजा विषय पर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय और दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी महाराज छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक जाणता राजा विषय पर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ छत्रपति शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर शतरूद्र प्रताप,सह प्रभारी जाणता राजा, रेशू भाटिया, आशीष गौतम, अध्यक्ष, दिव्य प्रेम सेवा मिशन एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय उपस्थित रहीं । कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्प पौध और अंगवस्त्र से किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए शतरूद्र प्रताप ने कहा कि भारत अध्यात्म की भूमि है ।स्वामी विवेकानंद ने अध्यात्म के द्वारा ही नर सेवा की । जाणता राजा एक ऐसे राजा की कहानी है जो समझदार है, जानकार हैं और अपनी संपूर्ण संवेदना के साथ जनता की सेवा करता है । छत्रपति शिवाजी की युद्ध नीति को भारत ही नहीं विदेशों में पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

1630 में जन्मे छत्रपति शिवाजी ने राज्य संभाला तो अपनी मां जीजाबाई के संकल्प को पूरा किया। उन्होंने मंदिरों की रक्षा की , बीजापुर, गोलकुंडा को जीता।एक नौ सेना की स्थापना की।कृषि, व्यापार, महिलाओं की सुरक्षा जैसे कार्य किए। इसी उद्देश्य के साथ जाणता राजा नाटक का मंचन लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में 26 से 31अक्टूबर को किया जा रहा है। जिसमें लगभग 350 कलाकार हैं भव्य मंच है एक महानायक की गाथा है ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रेशू भाटिया ने कहा कि हमसे आज तक इतिहास को छिपाया गया, हमारे महापुरुषों के त्याग और बलिदान की गाथाएं हमारे सामने नहीं आ सकी, इसी दिशा में यह एक प्रयास है। आजकल हम पश्चिमी सभ्यता के कारण अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं यदि आप जाणता राजा नाटक देखेंगे तो निश्चित ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि हम अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं इसलिए हमें अपनी संस्कृति और महापुरुषों के बारे अवश्य जानना चाहिए । छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए। आप सभी छात्राएं यदि यह नाटक देखेंगे तो अपनी संस्कृति और सभ्यता से परिचित होंगी । उन्होंने पांच प्रमुख बिंदुओं पर भी ध्यान देने को कहा , विकसित भारत, आत्मनिर्भरता, गुलामी के प्रतीक, विरासत एवं कर्तव्य पालन के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमें प्रेरित कर रहे हैं। अंत में मुख्य अतिथि डा आशीष गौतम ने कहा कि देश को ऐसे महापुरुष के चरित्र और जीवन की आवश्यकता है इस दिशा में ये नाटक एक सतत प्रयास है । कार्यक्रम में जाणता राजा पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई कार्यक्रम का संचालन प्रो संगीता शुक्ला ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अंकिता पांडे ने दिया । इस अवसर पर सुमन पांडेय, डा अनुभूति, विनीता सिंह, एकता सिंह मितुषी नेगी, मनीषा सिंह एवं महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं और छात्राएं उपस्थित रहीं ।

# महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर सीएम योगी का खौफ

**महिला अपराधों पर योगी सरकार ने कसी नकेल तो मुकदमा दर्ज कराने आगे आ रहीं पीड़ित महिलाएं**

**जागरूकता के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में महिलाओं के प्रति अपराधों की शिकायतों में हुई वृद्धि**

**पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश में कुल मामलों में दर्ज की गई गिरावट**

लखनऊ, 4 अक्टूबरः 6 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं एवं बच्चियों से जुड़े अपराधों को कम करने, आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के जो प्रयास किए हैं, उसके चलते न सिर्फ प्रदेश में इन अपराधों में काफी कमी आई है बल्कि हैवानों को सजा दिलाने के लिए पीड़ितों के परिजन भी आगे आ रहे हैं। सीएम योगी के जगाए इस विश्वास के कारण न्याय की आस में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने खिलाफ होने वाले अपराधों की शिकायत करने में कोताही नहीं बरती। नतीजा ये रहा कि एक तरफ जहां प्रदेश के कुछ जिलों में मामलों में वृद्धि दर्ज की गयी है, वहीं पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश भर में कुल मामलों में गिरावट भी दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन को लेकर समीक्षा बैठक में हैवानों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वालों पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप 5 और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम 5 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी।

# सबकी समस्या का समाधान करने को सरकार प्रतिबद्ध:मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर, 4 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की हर समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए यूपी के 762 नगरों के विकास पर योगी सरकार का फोकस

**- सस्टेनिबिलिटी के थ्री पिलर्स पर स्थापित किया जा रहा विकास का योगी मॉडल**

**- सोशल, इन्वॉयरमेंटल और इकोनॉमिकल सस्टेनिबिलिटी के आधार पर नगरों का होगा कायाकल्प**

**- मिशन टू मूवमेंट के माध्यम से हर नगर को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य**

लखनऊ, 4 अक्टूबर। यूपी को अगले पांच साल में वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में जुटी योगी सरकार ने प्रदेश के सात सौ से ज्यादा नगरों को लेकर सुनियोजित ढंग से कार्य करना शुरू कर दिया है। फिलहाल प्रदेश में मौजूद 10 स्मार्ट सिटी सहित सभी नगर निगमों को सेफ और स्मार्ट सिटी के रूप में तेजी से डेवलप किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री की मंशा प्रदेश के 762 नगर निकायों के कायाकल्प के जरिए यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय करने को लेकर है। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के अनुसार नगरों का विकास सस्टेनबल ग्रोथ के तीन स्तंभों पर आधारित है, जिससे की विकास की पूरी प्रकिया को स्थाई रूप प्रदान किया जा सके।

### मिशन टू मूवमेंट

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने के लिए सरकार का फोकस ना केवल आर्थिक मोर्चे पर है बल्कि समाज और पर्यावरण भी सरकार की प्राथमिकता में है। दरअसल, प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय, सामान्य अवस्थापना, पीने के लिए शुद्ध पेयजल, अस्पताल, बिजली, सड़क और आवास के लिए योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन टू मूवमेंट के जरिए अपना लक्ष्य तय कर रही है। सरकार प्रदेश के विकास के हर मिशन को जनआंदोलन का रूप देना चाहती है। इसी नजरिए के साथ प्रदेश के सभी 762 नगरों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ही डेवलप करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है।

### गेटिंग मोर फ्रॉम लेस

मुख्य सचिव के अनुसार स्मार्टनेस की हमारी अवधारणा गेटिंग मोर फ्रॉम लेस की है। यानी संसाधनों का ऑप्टिमम यूटिलाइजेशन हो। इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ टेक्नोलॉजी पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता है। जैसे, प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी और नगर निगमों को आज इंटिग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (क्ळउउ) से जोड़ा जा चुका है। कोरोना काल में आई ट्रिपल सी ने शानदार काम किया था। मगर आज इनके जरिए एक ही छत के नीचे से पूरे शहर को मैनेज किया जा सकता है। ये आई ट्रिपल सी आज नगरों के नर्व्स और ब्रेन दोनों बन चुके हैं।

### सोशल सस्टेनेबिलिटी

मुख्य सचिव के अनुसार सोशल सस्टेनेबिलिटी के जरिए आम जनता को विकास की प्रक्रिया के साथ जोड़ना है। जनता खुद विकास कार्यों से जुड़े, पर्यावरण के महत्व को समझे, हमारे प्राचीन भारतीय मूल्यों के साथ जुड़कर विकास के कार्यों में सहभागी बने। हर कोई जानता है कि यूपी में नदियों का जाल है, ज्यादातर हिमालयी नदियों में सालभर पानी रहता है। बावजूद इसके कई नदियां मृतप्राय हो गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जनता का नदियों से जुड़ाव खत्म होने लगा था। धीरे धीरे नदियां कूड़ा और औद्योगिक कचरा ढोने वाली वाहिकाएं बनने लगीं। मगर योगी सरकार में यूपी में 50 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया जा चुका है। इसी प्रकार ऐसे तमाम पोखरे तालाब लगभग मर चुके थे। आज उन्हें अमृत सरोवर का रूप दिया गया है। इनके पास अमृत वन बनाए गये हैं। तालाबों पर घाट बन गये हैं। यानी विकास की प्रक्रिया को हमारे मूल्यों के साथ जोड़ते हुए जनता को कनेक्ट करने का कार्य भी किया जा रहा है। क्योंकि विकास को जबतक लोगों के साथ नहीं जोड़ेंगे वो सस्टेनेबल नहीं होगा।

### इन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2070 तक कार्बन फुटप्रिंट को जीरा करने का संकल्प लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार भी प्रदेश में लाइफस्टाइल को इनवायरमेंट फ्रेंडली बनाने में लगी है। मुख्य सचिव के अनुसार हमें संसाधनों का दोहन नहीं करना है। बल्कि सरकार का विशेष बल जनता के बिहेवियरल चेंज पर है। सरकार संसाधनों के रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के जरिए एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी के फॉर्म्यूले पर काम कर रही है।

### इकोनॉमिकल सेस्टेनेबिलिटी

ठीक ऐसे ही इकोनॉमिकल सेस्टेनेबिलिटी में नवाचार के जरिए नई व्यवस्थाएं कैसे क्रियेट करें इसे लेकर सरकार का पूरा फोकस है। आज प्रदेश के युवाओं में इनोवेशन करने की चाहत बहुत तेजी से बढ़ रही है। नये स्टार्टअप तेजी से सामने आ रहे हैं। युवा वर्ग स्टार्टअप के जरिए अपना भविष्य संवारने में जुटा है। हॉर्टीकल्चर, कल कारखाना, पॉवर सेक्टर, रोड सेक्टर, रियल स्टेट जैसे टेक्नोलॉजी से जुड़ सेक्टर के अलावा हर क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर नवाचार हो रहे हैं। दरअसल हर नवाचार में टेक्नोलॉजी केवल लिफाफा भर है। इसमें सस्टेनेबिलिटी तब आएगी जब हम अपने इनोवेशन को समाज और पर्यावरण के अनुकूल रखते हैं। सरकार समाज, पर्यावरण और अर्थतंत्र तीनों के स्थाई विकास के लिए कार्य कर रही है।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों के पुनरीक्षण अवधि तक स्थानांतरण पर लगी रोक।

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार ने जानकारी देते हैं बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 27.10.2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 05.01.2024 तक सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों यथा जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि दिनांक 27.10.2023 से दिनांक 05.01.2024 तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी गयी है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन वेबसाइट ६६६.ंश्विरेरी.४स्त्रर्ॅ.ड्ड५.ल्ल / रेी.४स्त्रॅ.ड्ड५.ल्ल पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन के लिए साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सूरजपुर(कलेक्ट्रेट के निकट/पीछे ईकोटेक 2) ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर के परिसर में दिनांक 07.10.2023 एवं 08.10.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे तक लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी, जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# आर्य समाज ने सबसे पहले घर वापसी से दिया था धर्मांतरण का जवाब: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया**

**सीएम योगी ने कहा- अंग्रेजों की तुष्टीकरण की नीति के खिलाफ आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की थी**

**बोले सीएम- आर्य समाज के आंदोलनों ने दिए अनेक क्रांतिकारी**

4 अक्टूबर, बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरूआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था।

सीएम योगी ने बुधवार को होटल बालाजी में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस करता था।

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा को संस्कारों और आधुनिकता के साथ जोड़ने का कार्य आर्य समाज के संस्थापक महर्षी दयानंद सरस्वती ने किया था। उन्होंने कहा कि डीएवी को एक समय देश की सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में से एक माना जाता था, जहां पर वैदिक प्रार्थना और हवन यज्ञ के साथ दिन की शुरूआत होती थी। सीएम योगी ने कहा कि युग प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के साथ पूरा भारत जुड़ रहा है और उन्हें नमन कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिन पूर्व देश की राजधानी दिल्ली से महर्षि दयानंद सरस्वती जी के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। उन्होंने आर्य समाज के उस कार्यक्रम के माध्यम से देश और दुनिया में फैले लाखों आर्य वीरों को जागृत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष प्रारंभ होने जा रहा है, जो देश और हमारे समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान हमें अपने युवाओं के प्रेरित करना है कि वह आर्य समाज के कार्यों पर शोध करें। इससे हमारी वर्तमान पीढ़ी आर्य समाज के योगदान के बारे में जान पाएगी।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा बस्ती के प्रधान ओम प्रकाश आर्य, महामंत्री दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा विनय आर्य समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पीएम मोदी ने नवरात्रि से पहले दिया मातृशक्ति को उपहार : योगी

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उज्ज्वला योजना की सब्सिडी बढ़ाए जाने के निर्णय को बताया अभिनंदनीय**

लखनऊ, 4 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना की सब्सिडी बढ़ाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे नवरात्रि से पहले मातृ शक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिया गया उपहार बताया। उन्होंने केंद्र सरकार के इस निर्णय को अभिनंदनीय बताते हुए अपने सोशल मीडिया एक्स के अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि महिला कल्याण एवं गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत रसोई गैस पर सब्सिडी को 200 से बढ़ाकर 300 करने का निर्णय अभिनंदनीय है। शारदीय नवरात्रि एवं विभिन्न पर्वों के पूर्व मातृशक्ति को यह उपहार प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार। बता दें कि केंद्र सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर लेने वाले लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने उज्ज्वला योजना में मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी को बढ़ाकर 300 रुपये कर दिया है। ये फैसला सरकार की ओर से कैबिनेट बैठक के दौरान लिया गया। इससे पहले उज्ज्वला योजना में एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी मिलती थी।

# थाना मलवा पर सुनवाई न होने पर पति पत्नी पहुंचे पुलिस अधीक्षक की चौखट पर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के थाना मलवा क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर के निवासी मूलचंद्र ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए अवगत कराया की उसके पुत्र सुशील कुमार का गांव के ही नारायण सिंह की पुत्री अंकिता से प्रेम प्रसंग काफी दिन से चल रहा था। जो कि पिछले 26 सितंबर से दोनों घर से गायब है पीड़ित ने बताया कि अंदेशा है कि वह दोनों शायद कोर्ट मैरिज कर लिया है और अपने अपने घरों से दोनों गायब हैं। वहीं लड़की पक्ष के लोगों ने थाना मलवा में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उसके उपरांत मलवा थाना द्वारा पीड़ित व उसके पूरे परिवार को परेशान किया जा रहा है एवं घर पर खड़े ट्रैक्टर एवं पिकअप व अन्य वाहनों को आग लगाने की कोशिश की जा रही है तथा पीड़ित के मुताबिक उक्त लोगों के द्वारा घर का ताला तोड़कर सामान भी उठा ले गए हैं और खेत पर खड़ी फसल को भी नष्ट किया जा रहा है। वहीं पीड़ित ने बताया कि मलवा थाने पर शिकायत करने के बावजूद भी उसकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।जहां आज 4 अक्टूबर को पीड़ित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर पहुंचकर कहा कि उक्त विपक्षी से उसका परिवार डरा व सहमा हुआ है तथा पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है।।

# घर के सामने कुत्ता टहलाने से मना किया तो, घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़, अभद्रता, बीच बचाव करने आए पति और पड़ोसी को पीटकर किया घायल।

*पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज।*

*सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर, निलमथा की घटना।*

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। बीते मगंलवार देर शाम एक पूर्व सैनिक के घर के सामने महिला कुत्ता टहला रही थी ।महिला से,पूर्व सैनिक ने कहा कि आप अपने कुत्ते को आगे ले जाएं,जिस पर महिला ने अभद्रता की,पूर्व सैनिक अपने घर में चला गया।

आरोप है कि थोड़ी देर में आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ लौटी महिला और उसके पुत्र ने घर में घुसकर पूर्व सैनिक की पत्नी से छेड़छाड़ की विरोध में मारपीट की,बीच बचाव में आए महिला के पति और पड़ोसी को भी लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया।पीड़ित ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी,तब तक आरोपी मौके से भाग निकले,पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी,पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुंवर सिंह देवपा,पूर्व सैनिक हैं,और अपने परिवार के साथ मलाक रोड, डिफेंस कालोनी,हरिहरपुर, सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली,लखनऊ में रहते हैं।

कुंवर सिंह देवपा ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली महिला रूबी देवी अपने पालतू कुत्ते को घर के सामने घुमा रही थी, जिससे घर में मौजूद मेरा कुत्ता काफी तेज भौंक रहा था।

मैंने रूबी देवी से अपने कुत्ते को थोड़ा आगे टहलाने का अनुरोध किया था। जिस पर वह नाराज होकर बोली क्या रोड तुम्हारे बाप की है? पूर्व सैनिक कुंवर सिंह शांति पूर्वक अपने घर के अंदर चला गया।

आरोप है कि कुछ ही देर में, रूबी देवी बेटा गोलू सिंह, रूबी देवी का भाई सुगेश सिंह, देवर मनोज सिंह, पड़ोसी अभय पाण्डेय, संजय सिंह तथा नीलम देवी,और 10 से 12 अज्ञात लोग घर के अन्दर घुस गये, जमकर तांडव मचाया,और पत्नी गंगा देवपा को पीटते हुए 'घसीटकर बाहर ले गये। जब कुंवर सिंह, बीच-बचाव करने बाहर गया, तो सभी लोगों ने मिलकर कुंवर सिंह व पत्नी गंगा देवपा को, तथा पड़ोसी पूरन सिंह विष्ट, को भी डण्डो से काफी मारा-पीटा, गन्दी गन्दी गालियां दी।

तोड़े दरवाजे,खिड़कियां,दी जान से मारने की धमकी -

कुंवर सिंह देवपा ने बताया कि आरोपियों ने हाथ में लिए लाठी डंडों और लोहे की रॉड से खिड़की ,दरवाजे तोड़ डाले, समर्सिबल पंप का पाइप लाइन तोड़ दिया, मारपीट ने दौरान पत्नी गंगा देवपा के गले में पहनी चेन भी गिर गई। जो नहीं मिली, बचाव में आए पड़ोसी पूरन सिंह विष्ट का मोबाइल, व चश्मा भी गायब है।

सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फर्जी मुकदमों में पुलिस द्वारा फंसाए जाने की जानकारी पर एसपी से ऑफिस पहुँचा पीड़ित

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर थाना चांदपुर अंतर्गत कस्बे अमौली निवासी नीरज ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह को शिकायती पत्र देते हुए अपने साथ हुए अत्याचार की गुहार लगाई है। जिसमें उन्होंने बताया कि 2015 में उनके साथ मामूली कहासुनी को लेकर जानलेवा हमला करते हुए एक मारपीट हुई थी। जिसमें पीड़ित के पिता ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन चांदपुर पुलिस का खेल इसी दिन से शुरू होता है इसी मुकदमे में विपक्षियों द्वारा

क्रॉस केस बनवाया गया जिसमें मौजूदा प्रधान प्रतिनिधि पीड़ित के खिलाफ गवाह बना था।तथा दबाव बनाने के लिए पीड़ित को तमंचा लगाकर प्रताड़ित किया गया। इसके बाद गुंडा एक्ट लगाया जिसमें एडीएम कोर्ट से पीड़ित के खिलाफ उचित साक्ष्य न मिलने पर उसे बइज्जत बरी किया गया। अमौली प्रधान प्रतिनिधि प्रकाशचंद्र उर्फ बंटू तथा चांदपुर तत्कालीन थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह व मुंशी अजीम अहमद द्वारा सांठगांठ करके पीड़ित नीरज के खिलाफ छेड़खानी की आख्या एडीएम न्यायिक के यहां भेजी गई। जिसमें पीड़ित ने आरटीआई डालकर आख्या की मांग की और प्रश्नोत्तरी डाली जिसमें जवाब में कोर्ट के द्वारा या छेड़खानी का मुकदमा पीड़ित के ऊपर नहीं निकला।इसी तरह थाने के जीप द्वारा पीड़ित की मोटर साइकिल में आमने-सामने टक्कर मारी गई और पीड़ित के ऊपर मुकदमा लिखकर चालक चौकीदार बटिगवा निवासी मुकेश को दिखाया गया। जैसे ही पीड़ित के परिजनों ने मुकेश से पूछताछ की तो मुकेश ने बताया की तत्कालीन एसओ ने मेरा नाम ड्राइवर में फर्जी दिखा दिया है। पुलिस का कारनामा अभी खत्म नहीं हुआ। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा पीड़ित नीरज को हिस्ट्रीशीटर बनाने के लिए दो तत्कालीन थाना अध्यक्षों का हस्ताक्षर मैचिंग को लेकर खुलासा हो सकता है।संपूर्ण मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी जाफरगंज के हाँथो में सौंपकर मामले से संबंधित लोगों के ऊपर कार्यवाही कराएं जाने का आश्वासन दिया है।

# कागज में सड़क बनाकर सत्याग्रहियों से मिले अधिकारी, नहीं बनी बात

*विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग के लिए दो अक्टूबर से जारी सत्याग्रह का तीसरा दिन*

*सत्याग्रही प्रवीण पांडेय ने कहा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए सड़क बनने तक हार नहीं*

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल बाजपेई**

विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए बीते दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से नरैनी चौराहे पर जारी सत्याग्रह बुधवार को तीसरे दिन मां दुर्गा की आराधना के साथ शुरू हुआ। दुर्गा चालीसा पाठ में सम्मिलित होने के लिए लोग दिन भर अनशल स्थल पर पहुंचते रहे। सुबह नरैनी चौराहे पर प्राइवेट बस खड़ी होते ही सवारियां नीचे उतर पड़ीं। सत्याग्रहियों का उत्साह बढ़ाते हुए बस के मुसाफिरों ने वंदे मातरम का जयघोष किया।

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति तथा सड़क संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से सत्याग्रह शुरू किया। बीआरएस के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय का कहना था तीन दशकों से बदहाल पड़े सड़क की सुधि लेने वालों ने वर्षों तक यमुना तटवर्ती गांव के लोगों से धोखा किया है। ईश्वर उन्हें माफ नहीं करेगा, जिनकी वजह से कई गर्भवती माताओं की दुखद मौत हो गई। कई युवा साथियों ने संसार और परिवार का सुख नहीं देखा। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अनिल कुमार शील बुधवार दोपहर दो बजे करीब अपनी टीम के साथ सत्याग्रहियों से वार्ता करने गए। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि शासन ने विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण को स्वीकृति दे दी है। बहुत जल्दी धन मिल जाएगा, आगामी 15 दिनों में मार्ग निर्माण आरंभ हो जाएगा। कागज में सड़क निर्माण की जानकारी लेकर आए अधिकारियों से वार्ता करते हुए प्रवीण पांडेय व सड़क संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति के विकास की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी जाएगी। दीनदयाल जी के बताए मार्ग पर चलते हुए सड़क निर्माण प्रारंभ होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। अभी कुछ स्पष्ट नहीं विभाग कब तक और कैसे सड़क बनाएगा।

# बच्चों के विवाद को लेकर दबंगों ने दूसरे पक्ष के लोगों के साथ की मारपीट, जिसमें वृद्ध व्यक्ति का टूटा पैर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के थाना असोथर क्षेत्र के अंतर्गत सरकंडी गांव के छक्कन का डेरा के निवासी लल्लू निषाद पुत्र स्वर्गीय माधव निषाद ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देते हुए अवगत कराया कि उसके पड़ोस के भोला निषाद पुत्र रामपाल,देवा पुत्र रामपाल निषाद और रामपाल पुत्र अड्डा निषाद, केशनपाल पुत्र अड्डा निषाद एक राय होकर बच्चों के विवाद को लेकर उनके लड़के के ऊपर दो अक्टूबर को समय गरीब शाम 7:00 बजे पीड़ित के पड़ोस के उक्त लोगों द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी गई एवं मारपीट की गई। जहां पीड़ित ने बताया कि भोला पुत्र रामपाल और देवा पुत्र रामपाल व रामपाल पुत्र अड्डा व केशनपाल पुत्र अड्डा ने लाठी डंडों से प्रहार कर दिया जहां उसका पैर टूट गया तथा बेहोश होकर गिर गया वहीं पीड़ित के बच्चों को काफी मारा पीटा जहां पीड़ित व उसका पुत्र काफी गंभीर रूप से घायल हो गए जहां उन दोनों को

परिवार के सदस्यों द्वारा आनन फानन में सरकारी एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पीड़ित ने बताया कि सही इलाज न होने के चलते वह दूसरे अस्पताल में इलाज करवाने के लिए भर्ती कर दिए। पीड़ित के पुत्र ने बताया कि उनके पिता काफी गंभीर हैं जहां उनके पिता बार-बार बेहोश हो जाते हैं और पीड़ित का परिवार उक्त दबंगों से काफी भयभीत है जहां पीड़ित एवं पीड़ित के परिवार वालों का जान माल का खतरा लगातार बना हुआ है। पीड़ित के परिवार वालों ने बताया कि उक्त मामले की तहरीर लेकर थाना असोथर गए तो वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई जिस कारण वह आज 04 अक्टूबर को न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर न्याय दिलाए जाने एवं उक्त दबंगों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।।

# बुलडोजर की कार्यवाही के बाद बेघर हुए परिवार, प्रशासन से सर छुपाने की मांग रहे जगह

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में प्रशासन द्वारा मरघट की जमीन में बने मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई थी जिससे कई परिवार बेघर हो गए हैं जिसके बाद अब परिवारों के सामने रहने का संकट मंडरा रहा है और त्रिपाल डालकर परिवार गुजर बसर करने को मजबूर हैं और बारिश के दौरान खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सबसे खास बात यह है कि इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है

फतेहपुर जिले के सदर तहसील क्षेत्र के गाजीपुर में मरघट की जमीन पर बने मकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाया था जिसके चलते कई मकानों को ध्वस्त कर दिया गया था जिससे कई परिवार बेघर हो गए है वहां रह रहे परिवार परेशान हो गए और त्रिपाल डालकर रहने को मजबूर है ग्रामीणों की मांग है कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें आवास मुहैया कराया जाए ग्रामीणों ने बताया हमको 50 साल से रहते हो गए यहां करीब 88 मकान बने हुए हैं सभी यहां रह रहे हैं कोई 50 साल से रह रहा है कोई 45 साल से रह रहा है

सब यहां पर रह रहे हैं अब उनके मकान गिरकर ध्वस्त कर दिया गया और सरकार घर बनवा कर देती है की गिराती है घर गिराती नहीं है मकान बनवा कर देती है लेकिन इतने प्रधान यहां पर थे किसी प्रधान ने यहां पर हस्तक्षेप नहीं किया कि यहां पर गलत जगह रह रहे हैं इसको नहीं बनाये कोई नहीं रोका ना कोई मना किया सब लोगों ने अपने-अपने मकान बनाकर गरीबी में कमा कर पैसा मकान बनाया मकान ध्वस्त कर दिया इसलिए इसे मरघट बता रहे हैं कभी कुछ बता रहे हैं गरीब आदमी त्रिपाल डालकर रह रहे हैं पानी बरस रहा है राशन भीग जाता और बच्चे स्कूल जा नहीं पा रहे हैं कैसे पढाए इन बच्चों को सामान देखें बच्चे की पढ़ने जाए इस समस्या का निदान कैसे हो बच्चे पढ़ने नही जा पा रहे हमारी यह मांग है गरीबों को छत्रछाया बना कर दें ताकि वह वहां रह सके अपना कार्य का सके क्योंकि अब यहां पर बना नहीं पा सकते क्योंकि सब ध्वस्त हो गए हैं नए सिरे से बनाएंगे तो टाइम लगेगा हम चाहते हैं कि गरीब आदमी हैं उनको मकान बना कर दिया जाए प्रशासन से मांग है क्योंकि दिन में कमा कर लाते हैं शाम को खाते हैं

# संकल्प सप्ताह के अंतर्गत हुआ सुपोषित परिवार पोषण मेलों व गोष्ठियों का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर आकांक्षी जनपद फतेहपुर में चयनित आकांक्षी विकासखंड हथगाँव में नीति आयोग के निदेर्शानुसार संकल्प सप्ताह का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर श्री सूरज पटैल के नेतृत्व में विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों में आच्छादित आंगनबाड़ी केंद्रों के द्वारा सुपोषित परिवार - पोषण मेलों व गोष्ठियों का आयोजन सफलता पूर्वक गया क इसी तारतम्य में बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष कुमार पाल एवं सहयोगी विकास संस्थाओं पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनवर हुसैन खान, प्रथम 1000 दिवस परियोजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुभव गर्ग आदि के सहयोग से ग्राम पट्टीशाह एवं हरिरामपुर कथौली में वृहद सुपोषित परिवार - पोषण मेलों का आयोजन किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सीमा देवी ,जनकदुलारी ,फूलमती ,मिथलेश ,सरोज , नीता शुक्ला आदि के द्वारा अन्नप्राशन ,चौपाल पे बात संतुलित आहार , किचिन गार्डन आदि विषयों पर गोष्ठिओं का आयोजन वृहद जनसमूह को लक्षित कर किया गया कजिसका उद्देश्य नीति आयोग द्वारा आकाक्षात्मक विकासखंड के परफॉर्मेंस इंडिकेटरों में उन्नयन करना था क इन समस्त कार्यक्रमों में सम्पूर्ण विकासखंड के 210 आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 हजार से अधिक लक्षित हितग्राहियों को जागरूक किया गया क

कायर्क्रम के दौरान प्रथम 1000 परियोजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुभव गर्ग द्वारा

बताया गया कि आकांक्षी जिला प्रोग्राम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति से काम किया है, क्योंकि सर्वांगीण विकास, सर्व-स्पर्शी विकास, सर्व-हितकारी विकास ये अगर हम नहीं करते हैं तो आंकड़े भले संतोष भी दें, लेकिन मूलतः परिवर्तन संभव नहीं होता है। इसलिए आवश्यक है कि ग्रासरूट पर परिवर्तन करते हुए हमें आगे बढ़ना है।

तीन अक्तूबर से नौ अक्तूबर, 2023 तक मनाए जाने वाले ह्यसंकल्प सप्ताहह्ल में प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विकास थीम को समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। पहले छह दिनों की थीम में ह्यसंपूर्ण स्वास्थ्यह्ल, ह्यसुपोषित परिवारह्ल, ह्यस्वच्छताह्ल, ह्यकृषिह्ल, ह्यशिक्षाह्ल और ह्यसमृद्धि दिवसह्ल शामिल हैं। सप्ताह के अंतिम दिन यानी नौ अक्तूबर, 2023 को पूरे सप्ताह के दौरान किए गए कार्यों का ह्यसंकल्प सप्ताह-समावेश समारोहह्ल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनवर हुसैन खान ने बताया की एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम (एबीपी) का उद्घाटन 7 जनवरी 2023 को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। यह जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन और विकास को चलाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। एबीपी भारत के 329 जिलों में फैले 500 महत्वाकांक्षी ब्लॉकों पर ध्यान केंद्रित करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन क्षेत्रों में शासन और सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी को बढ़ाकर नागरिकों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

पहले छह दिनों के विषय इस प्रकार हैं:

समग्र स्वास्थ्यः इन ब्लॉकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक दिन।

सुपोषित परिवारः यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना कि परिवारों को पौष्टिक भोजन मिले, जिससे समुदाय के समग्र स्वास्थ्य में वृद्धि हो।

स्वच्छताः इन ब्लॉकों में स्वच्छता और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने, एक स्वस्थ वातावरण बनाने का एक ठोस प्रयास।

कृषिः ग्रामीण समुदायों की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए कृषि विकास पर जोर।

शिक्षाः शैक्षिक अवसरों में सुधार और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा तक पहुंच की दिशा में काम करना।

समृद्धि दिवसः आकांक्षी ब्लॉकों में आर्थिक विकास और समृद्धि को समर्पित एक दिन।

सप्ताह के अंतिम दिन 9 अक्टूबर को पूरे सप्ताह के कार्यों को संकल्प सप्ताह समावेश समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

यह उत्सव पूरे सप्ताह हासिल की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रगति को पहचानेगा और सम्मानित करेगा। यह नागरिकों के जीवन पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और 'संकल्प सप्ताह' के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

# पुराणों में उल्लेखित स्थानों से यदि शासन को कराया जाए अवगत तो जनपद में मिल सकता है टूरिज्म को बढ़ावा

*अश्वस्थामापुरी से जुड़ा हैं महाभारत कालीन का इतिहास*

*भृगु ऋषि की तपोस्थली व अश्वस्थामा की नगरी का भी पुराणों में मिलता है उल्लेख*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश का फतेहपुर जनपद जिसका उल्लेख पुराणों में भी मिलता है जो की गंगा और यमुना जैसी दो पवित्र नदियों के बीच बसा हुआ है और इसीलिए दोआबा की धरती के रूप में भी जाना जाता है इतना ही नहीं फतेहपुर जनपद के कई प्रमुख स्थानों का उल्लेख पुराणों में भी किया गया है जो कि जनपद वासियों की आस्था का प्रतीक माना जाता है। मालूम रहे की फतेहपुर जनपद के भिटौरा घाट भृगु ऋषि की तपोस्थली व असनी घाट ( पक्का घाट ) समेत बने मंदिर व कई गंगा घाटों का उल्लेख पुराणों में किया गया है। भृगु ऋषि की तपोस्थली (ओम घाट ) के इतिहास की जानकारी पूरी तरह से युवा पीढ़ी को नहीं है। आपको बताते चलें कि राजा दिलीप की दूसरी पत्नी के पुत्र भागीरथ जी ने अपने पूर्वजों का क्रिया कर्म करने के बाद उनकी भटकती हुई आत्माओ को शांति दिलाने के अलावा पूर्वजों को तारने हेतु उनकी राख को गंगा जी में प्रवाहित करने का प्रण ले लिया था जिसके बाद उन्होंने कठोर तपस्या कर गंगा जी व शिवजी को प्रसन्न कर शिव जी की जटा के माध्यम से गंगा जी को धरती पर ले आए और उनका मार्गदर्शन करते हुए आगे बढ़ते गए और गंगा जी उनके पीछे बहती गई तभी गंगा जी ने देखा कि उनके मार्ग के बीच में भृगु ऋषि अपनी तपस्या में लीन हैं। भृगु ऋषि की तपस्या को भंग ना करते हुए गंगा जी ने उनके चरणों का अंगूठा स्पर्स कर उन्हें प्रणाम करते हुए अपना मार्ग बदल कर उत्तर दिशा की तरफ आगे बढ़ गईं। इसीलिए जनपद फतेहपुर के भिटौरा घाट को उत्तर वाहिनी गंगा के रूप में जाना जाता है भृगु ऋषि के द्वारा की गई तपस्या के कारण उनके तपोबल वाले स्थान पर सभी देवी देवताओं का वास है। कहा जाता है कि ओम घाट में जाकर गंगा जी में डुबकी लगा कर स्नान करने वाले भक्तों को पापों से मुक्ति मिलने के अलावा उन्हें सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है इतना ही नहीं ओम घाट में स्थित मंदिर के भीतर लगभग 6 फीट की शिवलिंग स्थापित है जहां लगभग दो दशकों से "ओम नमः शिवाय" के मित्रों का उच्चारण बिना रुके हि दिन और रात होता रहता है किंतु स्वामी विज्ञानानंद जी के द्वारा दो दशकों से किए जा रहे भरपूर प्रयासों के बावजूद ओम घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित ना किया जा सका। इसी प्रकार जनपद के खागा नगर पंचायत से कुछ दूरी में मझिल गांव में स्थित शिव मंदिर के अलावा जनपद में मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित दक्षिण दिशा में महाभारत कालीन अश्वस्थामा की नगरी भी मावजुद है जो महाभारत कालीन में अश्वस्थामापुरी के नाम से जानी जाती थी वह अब असोथर नगर पंचायत के रूप में जानी जाती है। असोथर कस्बा में स्थित महाभारत कालीन अश्वस्थामा मंदिर में प्राचीनकाल की पांच पांडवों के अवशेष तथा अश्वस्थामा की मूर्ति भी मावजूद हैं जो महाभारत कालीन को दशार्ती हैं। मालूम रहे कि लंबे समय से इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने की मांग चल रही है। जनपद को एक पहचान देने वाली ऐतिहासिक धरोहर मिट्टी में मिलती नजर आ रही है जो की उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के अश्वस्थामा मंदिर को महाभारत कालीन के इतिहास से जोड़ती है। माना जाता है कि महाभारत काल में गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वस्थामा ने ब्रह्मास्त्र पाने के लिए यहां तपस्या की थी और इसके अलावा पांचों पांडव अज्ञातवास में यहीं टिके थे। जिसे कई दसक पूर्व अस्वस्थामा की नगरी के रूप में जाना जाता था किंतु जिसको कालांतर में असोथर के नाम से जाना जाता है और जो मुख्य पर्यटक स्थलों में से एक है। अवस्थामा की नगरी दिन ब दिन जनपद वासियों के बीच विख्यात होती गई और जनपद वासियों के लिए यह एक आस्था का केंद्र बन गया इतना ही नहीं उपरोक्त स्थान का उल्लेख पुराणों में भी किया गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि जनपद को एक नई पहचान दिलाने वाले इस आस्था के केंद्र को गंभीरता से नहीं लिया गया जबकि जनपद की उपरोक्त ऐतिहासिक धरोहरें जनपद के लिए वरदान साबित हो सकती हैं और जनपद में टूरिज्म को बढ़ावा भी मिल सकता है। गौरतलब बात तो यह है कि यदि जनपद की जिला अधिकारी द्वारा शासन को पत्र भेज कर पुराणों में उल्लेख किए गए सभी उपरोक्त स्थानों को जो कि जनपद वासियों की आस्था का केंद्र हैं से पुनः अवगत कराया जाए तो पुरातत्व विभाग द्वारा उपरोक्त सभी स्थानों का परीक्षण कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जा सके जिससे कि इन आस्था के केंद्रों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके तथा नवयुवा पीढ़ी भी इन आस्था के केंद्रों से भली भांति अवगत हो सके। इसके अलावा फतेहपुर जनपद में भी टूरिज्म को बढ़ावा मिल सके।

# शहीद शुभम सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ प्रतिमा अनावरण

*श्रद्धाञ्जलि पत्र पाकर नम हो गई परिजनों की आँखे*

*अमर वाटिका मे शहीद शुभम का नाम होगा दर्ज*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर मलवा विकास खंड के मौहार गाँव मे आयोजित शहीद शुभम सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धाञ्जलि दी गई।शहीद परिवार के सदस्यों को जनप्रतिनिधियों ने ढाढस बधाया।बताते चले 4 अक्टुबर 2022 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी मे हिमस्खलन में शहीद हुए गाँव मौहार के पैरा कमांडो शहीद शुभम सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रतिमा अनावरण में मुख्य अतिथि विधायक बिंदकी जयकुमार सिंह जैकी,भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल,पूर्व विधायक करण सिंह पटेल एवं शहीद के पिता देवीदीन सिंह,माता मनफूलन सिंह,पत्नी निधि सिंह व भाई पैरा कमांडो सत्यम सिंह द्वारा किया गया तो शहीद स्थल वीर शहीद के जयकारो से गूँज उठा।इस दौरान शहीद परिजनों की आँखों से अश्रु छलक पड़े।विधायक जयकुमार जैकी ने कहा जब जब फतेहपुर मे शहीदों को याद किया जायेगा शुभम सिंह का नाम गर्व से लिया जायेगा।उन्होंने यहां गेट बनाने एवं एक करोड़ की धनराशि से शहीद पार्क बनाने की बात कही।6 पैरा बटालियन एस एफ आगरा रेजिमेंट से आये नायक सूबेदार अशोक सिंह ने अपने तीन साथियों लेफ्टिनेंट कर्नल अजय त्रांशी,हवलदार धर्मेंद्र सिंह व धर्मवीर सिंह तथा पीटीआर

अभय सिंह के साथ थल सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय द्वारा भेजे गए श्रद्धाञ्जली पत्र को शहीद शुभम सिंह की पत्नी निधि सिंह को सौपा।गोपालगंज एनसीसी कैडेटो द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया।जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा दिल्ली मे बनाई जा रही अमर वाटिका मे शहीद शुभम सिंह का भी नाम दर्ज होगा।जिससे शहीद परिवार का सम्मान बढ़ेगा।गायक धर्मेंद्र सिंह ने वीर रस से ओतप्रोत शहीद पर बनाये गए गीतों से समा बांधे रखा।वही वेदांता हास्पिटल एवं ए एस जी हास्पिटल द्वारा स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह गौतम एवं संचालन पूर्व प्रमुख जितेंद्र सिंह गौतम जीतू सिंह द्वारा किया गया।इस मौके पर कैप्टन पीतांबर सिंह,जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह भदौरिया,युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़,प्रधान नरेंद्र सिंह कछवाह,रुद्रपाल सिंह,मनोज सिंह,स्वरूप राज सिंह जूली,जिपस मोहर सिंह पटेल,अमित शिवहरे,सत्यम सिंह,बबलू सिंह, कमल सिंह,मयंक सिंह चौहान रहे।

## कलेंडर पहुँचे घर घर

फतेहपुर।अलीपुर गाँव स्थित वाणी इंटरनेशनल एकेडमी के धीरेंद्र सिंह एवं वीरेंद्र सिंह द्वारा शहीद शुभम सिंह के चित्र का उपस्थित लोगो को कलेंडर वितरित किया गया।शहीद शुभम सिंह के चित्र का कलेंडर घर घर पहुँचा तो मौहार एवं आसपास के लोगो ने श्रद्धाञ्जलि देकर नमन किया।

# सूचना विभाग की प्रदर्शनी के दूसरे दिन कॉलेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों व क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण कर सरकारी योजनाओं को जाना।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा टूण्डला के ठा0 वीरी सिंह महाविद्यालय प्रांगण में लगाई गयी तीन दिवसीय प्रदर्शनी के आज बुधवार को दूसरे दिन टूण्डला के इण्टर व डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों सहित नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में लगाए गए 60 आकर्षित डिस्प्ले बोर्डों के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की एक-एक महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रमाणित विवरण प्रदर्शित किया गया है, जिसे देखकर योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों की जिज्ञासा बड़ी हुई थी। योजनाओं के बारें में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर ने बताया कि सरकार की इन जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होने बताया कि सूचना विभाग की इस प्रदर्शनी के माध्यम से एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की जानकारियां दी जा रहीं है, क्षेत्र व नगरवासी इस प्रदर्शनी का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन किया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी कांग्रेस नेता व पूर्व सभासद अमजद सिद्दीकी ने निस्वार्थ अपने आवास पर आयुष्मान कैम्प का आयोजन करके सैकड़ों लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड बनवाये इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष ने कैम्प का फायदा उठाया इस कार्य से अमजद सिद्दीकी की मोहल्ले वासी सराहना कर रहे है

## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने LLB टापर सबा नाज को सम्मानित किया।

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद /साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने LLB के सभी सेमेस्टर में कालेज टॉप करने वाली सबा नाज को सम्मानित किया।इस मौके पर पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह व न्यायिक मजिस्ट्रेट नजीबाबाद एम आर चौहान उपस्थित रहे। सबा नाज नजीबाबाद निवासी निसार एडवोकेट की बेटी है। इन्होंने नार्थ इंडिया कालेज से छछइ की है। छछइ में सबा नाज ने सभी सेमेस्टर में टाप करके नाम रोशन किया है। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सबा नाज को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की दुआएं दी। और सम्मानित करके सबा नाज की हौसला अफजाई की। इस मौके पर पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने भी सबा नाज को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। न्यायिक मजिस्ट्रेट नजीबाबाद एम आर चौहान ने भी सबा नाज को बधाई दिए। और बेहतर भविष्य के लिए बेहद सुझाव दिए।

## सरकारी नल से पानी भरने को लेकर खुनी संघर्ष

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। कोतवाली क्षेत्र में एक गांव में सरकारी नल से पानी भरने को लेकर लोहे की राड सर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी राहुल कुमार पुत्र भूरे ने पुलिस तहरीर मुकदमा दर्ज करा कर बताया कि गांव एक सरकारी नल से पानी भर था तभी गांव के ही रमन पुत्र रामचन्द्र सिंह वहां आया और पानी भरता देख गाली गलौज उतारू होने लगा पीड़ित ने गाली गलौज करने को मना किया रमन घर गया और लोहे की राड लेकर आया उसके ऊपर हमला कर सर मैं मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके संबंध में पुलिस की तहरीर के आधार रमन के खिलाफ आईपीसी की धारा 307,504 के अंतर्गत में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी

## आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार लोगों की चिंता का विषय

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ । कोतवाली क्षेत्र ग्राम मे आवारा कुत्ते ने फिर एक बालक को काट कर घायल किया।घायल बालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढी. मे भर्ती कराया गया है। चार दिन पूर्व ग्राम मानियावाला मे आवारा कुत्तों ने दो बच्चों विराट व सोनू को काट कर घायल कर दिया था उससे पूर्व भी कई लोग कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। जानकारी अनुसार ग्राम मकसूदाबाद निवासी मोहम्मद नासिर ने बताया कि उसका पुत्र मोहम्मद सुऐब उर्फ शेबू उम्र 13 वर्ष मकसूदाबाद से ग्राम सुआवाला आकर बाल कटिंग का काम सीखने जाता है । बुधवार की सुबह जब वह ग्राम सुआवाला दुकान पर पहुंचा तभी पीछे से आकर अचानक आवारा कुत्ते ने हमला बोल दिया और उसके पैर में काट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । घायल को पीएचसी कासमपुरगढ़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र में आवारा कुत्तों हमले को दरकिनार दिखा जा रहा ब्लाक सहित नगरपालिका इस बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पा रही या कोई बड़ी घटना का इन्तजार कर रही है आवारा कुत्ते हमले हद से ज्यादा बढ़ने को लोगों ने कुत्ते को पकड़कर दूर जंगलों में छोड़ना की मांग करी है

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पर सकलंप सप्ताह मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पर संकल्प सप्ताह मेले का पूर्व सांसद राजा भारतेंदु द्वारा फिता काटकर शुभारंभ किया गया

निजी आयोग द्वारा चयनीत आकांक्षात्मक विकास खण्डों मे तीन से नौ अक्टूबर 2023 तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिकित्सा की ओर से निशुल्क मरीजों की जांच की जाएगी सोमवार को नजीबाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पूर्व सांसद राजा भारतेंदु द्वारा फिता काटकर शुभारंभ किया गया इस दौरान चिकित्साको द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें मरीजो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया स्वास्थ्य मेले में गर्भवती महिलाओं की बच्चों का टीकाकरण एनीमिया की जांच हाइपरटेंशन डायबिटीज टीवी के लक्षण युक्त मरीजों की जांच तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड संबंधित सुविधाएं प्राप्त कराई गई इस दौरान स्वास्थ्य मेले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकित कुमार पूर्व सांसद राजा भारतेंदु डॉक्टर गौरव डॉक्टर कोनेन डॉक्टर अजहर फामेर्सी बृजेश श्री नीपेंद्र आदि स्टाफ मौजूद रहा

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता: मोबाइल टावर से चोरी हुए बैटरे एवं सेल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार

अजमल हसन दैनिक समाज अफजलगढ । एक सप्ताह पूर्व एक मोबाइल टावर से बैटरी व सैल चोरी के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कुमार पुत्र बृजपाल सिंह निवासी ग्राम हारावाला थाना रेहड़ द्वारा स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 26 सितम्बर 2023 को उसके टावर की केबिन से टीन उखाड़ कर केबिन में रखें बैटरे वह सैल चोरी हो गए थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 374/23 धारा 380/374 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक मुकेश कुमार राजौरा, सत्यवीर सिंह, जुनेद खान,सचिन कुमार, आदि ने अभियुक्त अतुल कुमार 31 वर्ष पुत्र पुखराज सिंह निवासी गांव बड़ा श्यामपुर थाना नगीना देहात सुपरवाइजर श्री टेलीकॉम कंपनी (एटीसी बिजनौर) को नगर के बस स्टैंड जसपुर चौराहे से मारुति संख्या वढ16ऊ6283 के साथ तीन बेटरे सात सैल के साथ हिरासत में ले लिया आरोपी ने चोरी का इकबाल जुर्म कर लिया। पुलिस ने चोरी में गए माल की बारामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे की धाराओं में आईपीसी की धारा 411 की अतिरिक्त वृद्धि कर आरोपी को न्यायालय पेश किया।

## उत्तराखंड की शिक्षाविद डॉ दीपा गुप्ता को सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया।

दैनिक समाज जागरण

सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा उत्तराखंड की शिक्षाविद डॉ दीपा गुप्ता को सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्भल में मुरादाबाद रोड पर नवीन कुमार अग्रवाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध साहित्यकार और हिन्दी प्रवक्ता डॉ दीपा गुप्ता को समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, राष्ट्रीय महासचिव कुसुम, राष्ट्रीय उपनिदेशक डॉ जिकरूल हक, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यक्रम सचिव मंजर उल हक, मनोज कुमार गुप्ता,तालिब खान, डॉ आलोक कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ दीपा गुप्ता ने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से एक उत्कृष्ट समाज की स्थापना करना है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने का कार्य करके एक श्रेष्ठ कार्य कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने कहा कि डॉ दीपा गुप्ता ने शिक्षा और साहित्य के माध्यम से उत्तराखंड समेत सम्पूर्ण भारत में सेवा की जो सेवाएं कर रही है।वह एक सराहनीय कदम है।री तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में पिता पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल, दो को जिला अस्पताल रेफर किया

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। अलग अलग सड़क हादसों में पिता पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर किया गया है। चंदौसी के आवास विकास कालोनी निवासी सत्यपाल पुत्र मुन्नालाल अपने युवा पुत्र सौर्य राना के साथ वापस घर जा रहे थे। कोतवाली के समीप हाईवे पर अचानक एक सांड आ गया। बाईक अनियंत्रित होकर सांड से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने आनन फानन में पिता पुत्र को सीएचसी पर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। इधर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरिया स्थित गंगा एक्सप्रेस वे प्लांट के नजदीक बेकाबू डंपर ने बाईक में टक्कर मार दी। हादसे में नजदीकी गांव कुढ़ौली निवासी अवनेश पुत्र वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। अवनेश नूरपुर गांव स्थित कोल्डस्टोरेज में नौकरी करता है। युवक अपने गांव से कोल्डस्टोर जा रहा था। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी पर भर्ती कराया है। वहीं आसफपुर रोड पर गांव कुंआडांडा के समीप बुधवार सुबह पेपर देने जा रही गांव रतनपुर कोठी निवासी राजकीय कन्या इंटर कालेज की हाईस्कूल की छात्रा की साईकिल में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन छात्रा को चंदौसी स्थित निजी अस्पताल ले गए।

## मंडल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिताओं में खीरी ने लहराया परचम

दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर खीरी । मंडल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पायनियर मोंटसरी इंटर कॉलेज लखनऊ में किया जिसमें विभिन्न जनपदों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया उत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 06 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें सरस्वती कुरील ने एकल नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय कला उत्सव में अपनी जगह बनाई अनामिका मौर्य ने पारंपरिक लोक गायन में व राधिका राना ने पारंपरिक लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया सलोनी ने स्थानीय खेल खिलौने व कोमल ने मूर्ति कला में तृतीय स्थान प्राप्त किया प्राची प्रजापति ने शास्त्रीय नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्रों को मंडल स्तरीय कला उत्सव में प्रतिभाग करने में मुद्रिका मिश्रा सोनी अर्चिता पांडे ने अहम भूमिका निभाकर जनपद का नाम रोशन किया है नोडल अधिकारी डा शालिनी दुबे जी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लखीमपुर एवं डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक का विशेष सहयोग रहा।

## खीरी में शुरू हुई 72 वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ

### अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश प्रदेश का नाम रोशन करे प्रतिभागी : डीएम

दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर खीरी । 72 वीं जनपदीय स्पोर्ट्स फॉर स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता और सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ बुधवार को युवराज दत्त इण्टर कालेज ओयल के क्रीडागंन में शुभारम्भ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा और डीआईओएस डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थित में विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया क्रीडा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और संमरगी गुब्बारों एवं कबूतरों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया डीएम ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है डीआईओएस डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये मशाल दौड़ के उपरांत 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सीनियर बालिका वर्ग के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः अनुष्का प्रजापति जीजीआईसी लखीमपुर शर्मिला बलदेव वैदिक पलिया व शीलम चौहान रही वहीं सीनियर बालक वर्ग में हिमांशु जिला पंचायत भीरा जीवेश सिंह कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला कुलदीप कुमार बीबी एलसी खमरिया रहे कार्यक्रम का संचालन मुकुट बिहारी मिश्रा ने किया कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करने का कार्य जनपदीय क्रीड़ा सचिव श्री राम किशोर सैनी ने किया इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती कार्यक्रम में विपिन मिश्रा यशवंत ईशविंदर सिंह अजमानी विनोद कुमार शैलेंद्र गुप्ता डॉक्टर ज्योति तिवारी डॉ शालिनी दुबे सहित विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण क्रीडा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ी मौजूद रहे।

## छोटे भाई की हत्या में चला रहा वांछित बड़े भाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाये जा रहे वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) कुशल प्रर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मे स्थानीय पुलिस द्वारा बब्लू सिंह पुत्र कृपाल सिंह नि0 ग्राम सुआवाला के द्वारा अपने छोटे भाई शेर सिंह को पीट पीट कर हत्या कर शव को छिपा देने के सम्बन्ध में थाना पर लिखित तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0स0 289/23 धारा 302/201 भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट बनाम सुखवंत उर्फ बाज पुत्र श्री सिंह उम्र 35 वर्ष नि0 ग्राम सुआवाला के विरुद्ध पंजीकृत में मुखबिर की सूचना पर अभि0 सुखवंत उर्फ बाज पुत्र श्री जिन्दर सिंह उम्र 35 वर्ष नि०ग्राम सुआवाला भूतपुरी तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

## प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर हमें फैलने वाले प्रदूषण से बचना चाहिए - डा. घनश्याम दास

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। रामशरण वैद्य आदर्श इण्टर कालेज मई- बसई में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के चौथे दिन प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के बारे में बताया गया। जन जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया।

बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. घनश्याम दास ने कहा कि प्लास्टिक सस्ता होने के कारण आजकल लोग यूज एण्ड थ्रो वाली नीति ज्यादा अपना रहे हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक में पाए जाने वाले रासायनिक तत्व जल एवं मिट्टी को प्रदूषित कर रहे हैं। हमें प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर इससे फैलने वाले प्रदूषण से बचना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर रामाधार शर्मा, सुधाकर शर्मा, प्रकाशवीर, विश्वेश पाठक, लखपति सिंह, अंकित सिंह, मनोज कुमार, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, विनोद कुमार, अमित पाराशरी, आशीष, शिवानी, वंदना, मीना, सुनील, रंजीत, राजू आदि उपस्थित रहे।

## डीपाल स्कूल में सेंट विसेंट डी पाल का पैट्रांस दिवस मनाया गया, बच्चों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। बिल्सी रोड स्थित डीपाल स्कूल में सेंट विंसेंट डी पॉल का पैट्रॉन्स दिवस मनाया गया। छात्र छात्राओं ने नृत्य नाटिका, गीत व भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक फादर डाक्टर मार्टिन बीसी एवं सिस्टर रोजिट को कक्षा 5 की छात्रा नित्या सिंह व पावनी वार्ष्णेय ने गुलदस्ता भेंट कर किया। छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रार्थना गीत गाया गया। कक्षा 8 एवं कक्षा 7 की छात्राओं ने सेंट विसेंट डीपाल के जीवन की सीख से प्रेरित एक नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा 8 की छात्रा वैष्णवी वार्ष्णेय ने अपने भाषण के द्वारा सेंट डी पॉल के कार्यों कि सराहना की। कक्षा 8 के छात्र लक्ष्य कुमार, प्रतीक झा, जियाउर रहमान, अभीक, माधव गुप्ता, प्रशांत वार्ष्णेय, सक्षम सिंह, शौर्य वार्ष्णेय, मिलन शाक्य, दिलीप कुमार, मान्या, रिया एवं समर्थ पाठक आदि के द्वारा सेंट विंसेंट डी पॉल के कार्य, उनका जन्म, शिक्षा एवं उनके जीवन संघर्ष को नाटक के द्वारा दशार्या गया। डी पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी ने कहा कि सेंट विंसेंट डी पॉल को मुख्य रूप से उनकी दयाशील और गरीबों के प्रति करुणा के लिए पहचाना जाता है। अंत में कक्षा 7 के छात्र अमेन्द्र के द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सरकार की उपलब्धियों पर लगी चित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षक का केंद्र चित्र प्रदर्शनी में सरकारी योजनाओं की दिखी झलक, प्रदर्शनी को देखने पहुँचा सीएमएस के विद्यार्थियों का दल

दैनिक समाज जागरण

लखीमपुर खीरी । नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट में 03 से 05 अक्टूबर तक लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन कपूरथला स्थित सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज के अंग्रेजी माध्यम के 100 विद्यार्थी का दल सहित नगर के स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियो प्रतिनिधियों एवं आमजन ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटियों युवाओं महिलाओं एवं रोजगारपरक तथा फ्लेक्सी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से एडीआईओ नरेंद्र कुमार लोकेश कुमार गुप्ता एवं विद्यालय की जूनियर इंचार्ज अंजुम परवीन शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव अनुशासन प्रमुख नितीश खन्ना आदि ने विद्यार्थियों को इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना स्टार्टअप को प्रोत्साहन स्टार्ट इन यूपी मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना पीएम जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

इसी प्रकार हुनर को सम्मान मिली नई पहचान ओडीओपी योजना सशक्त पंचायत सशक्त प्रदेश मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना पीएम स्ट्रीट वेन्डर्स योजना उज्ज्वला योजना डिजिटल प्रदेश स्मार्ट प्रदेश मेधावी छात्रों को टैबलेट स्मार्टफोन का वितरण जरूरतमंद गरीबों को छत पीएम सीएम आवास योजना के साथ-साथ प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क सर्वाधिक एयरपोर्ट डेटा सेण्टर हब डिफेन्स कारीडोर निवेश का सुरक्षित परिवेश इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स कटआउट प्रदर्शित किये गये हैं।

## खीरी में बुजुर्गों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

### प्रमुख सचिव ने डीएम को जारी किया पत्र, यूपी के 11.75 लाख परिवार किए चिह्नित

दैनिक समाज जागरण लखीमपुर खीरी । यूपी में 60 साल से ऊपर उम्र वाले 11.74 लाख परिवार के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएगा नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट 2013 एन एफ एस ए यानी राशन कार्ड से डाटा लिया गया है राज्य सरकार ने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को इसका फायदा देने का निर्णय लिया है यूपी सरकार की स्वीकृति के बाद एन एफ एस ए डाटा के अधीन पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के ऐसे 11.74 लाख परिवार जिनमें सभी सदस्य बुजुर्ग 60 साल से ऊपर है को अतिरिक्त परिवारों के सापेक्ष शामिल किया गया है उक्त परिवारों का डाटा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एन एफ एस ए से लिया गया है जो पूर्णतः आधार सीडेड है जिस कारण इन परिवारों का स्थलीय स्तर पर चिन्हांकन अत्यन्त सुगम एवं सुलभ होगा 11.74 लाख एन एफ एस ए परिवारों राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का डाटा योजनान्तर्गत संचालित बीआईएस पोर्टल में सम्मिलित कर लिया गया है।

### आयुष्मान ऐप से बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पात्र लाभार्थी खुद या किसी भी स्वयंसेवी सरकारी कर्मचारी राशन दुकानदार या कोई अन्य साधन द्वारा भी पोर्टल https://beneficiary.nha.gov.in या आयुष्मान ऐप के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बना या बनवा सकते हैं खास बात है कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग से आईडी की जरूरत नहीं है आयुष्मान ऐप के माध्यम से स्वयं या स्वयंसेवी की सहायता से वीडियो यू-ट्यूप पर उपलब्ध है उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक बुजुर्ग को बीमारी के समय 05 लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिलेगी स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के बाद जिला प्रशासन ने भी इस पर काम करना शुरू कर दिया है।

# भूकंप के झटके से गिर गई छत,बाल बाल बचा परिवार

## मंगलवार को लगे थे भूकंप के झटके

दैनिक समाज जागरण,संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई । शाहाबाद नगर क्षेत्र के दिलेरगंज मोहल्ले में भूकंप के तेज झटकों के कारण एक मकान की छत गिर गई। मकान मालकिन इस

दुर्घटना में बाल बाल बच गई। मंगलवार की दोपहर 2:30 बजे के वक्त भूकंप के झटकों का एहसास हुआ। तमाम लोग अपने घरों से बाहर आ गए, लेकिन अधिकांश लोगों को भूकंप के झटकों का एहसास नहीं हो सका। मोहल्ला दिलेर गंज की रहने वाली अनीता पत्नी इंद्र कुमार अपने कमरे में लेटी हुई थी। अचानक भूकंप के झटकों के साथ भरभरा कर छत का एक हिस्सा गिर गया। एक साइड में लेटी अनीता बाल बाल बच गयी। छत गिरते ही अनीता कमरे से बाहर भागी और अपनी जान बचाई। दिलेर गंज की रहने वाली इस गरीब महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया था परंतु उसका आवेदन स्वीकार नहीं हुआ और उसे आवास नहीं मिल सका। अनीता अपने जर्जर मकान में ही रहकर अपना गुजारा रही है। मंगलवार को आए भूकंप के तेज झटकों से उसके कमरे की छत भरभरा कर गिर पड़ी और वह बाल बाल बच गई।

# गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात शोभा यात्रा

## देर रात तक सड़कों पर जुटी रही भीड़

दैनिक समाज जागरण,संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई । पठकाना रामलीला मेला समिति की ओर से मंगलवार की रात एक भव्य शिव बारात शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर महिलाओं पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। शिव बारात शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कार्यालय के

समक्ष हुआ। मेला समिति के महामंत्री अनमोल गुप्ता के आरती पूजन के बाद शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शिव बारात शोभा यात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, बालाजी मंदिर होते हुए सीधे सरदारगंज पुलिस चौकी पहुंची। शिव बारात शोभा यात्रा में चंद्रयान-3, शंकर जी, कृष्ण अर्जुन, राधा कृष्ण, गणेश जी, ब्रह्मा जी, सूर्य चंद्र विष्णु एवं यमराज आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। चंद्रयान-3 की झांकी कई पसंद की गई। शिव बारात शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया तथा कलाकारों को जलपान कराया गया। शोभा यात्रा में नर्तकियों का नृत्य भी भीड़ को एकत्रित करने में कामयाब रहा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा बेहतर इंतजाम किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से मेला समिति के अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू, आशीष मोहन तिवारी, ऋषि मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने अरवल थाने पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं

# पुलिस कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी ने मंगलवार की शाम अरवल थाने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने थाने में रखे अभिलेखों, कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, शस्त्रागार, बंदीगृह, मेस, बैरक, जलपान की व्यवस्था,तथा सीज किए गए वाहनों का रखरखाव व महिला हेल्प डेस्क के साथ साथ थाने पर रखे सभी असलहो की।जांच पड़ताल की। एसपी श्री गोस्वामी ने थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष

ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने थाने पर मौजूद सरकारी वाहनों के रखरखाव व उनकी साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए । इस दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस दौरान थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

### 33 हजार रूपए लेकर नहीं शुरू की पॉलिसी

# एल आई सी एजेंट ने फर्जी रसीद देकर अध्यापक से की धोखाधड़ी

दैनिक समाज जागरण रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद,हरदोई । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी निवासी एक सरकारी अध्यापक के साथ एवं आई सी एजेंट द्वारा 33000 की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। अध्यापक ने एजेंट के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी की तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी निवासी सुनील कुमार पुत्र बाबूराम के अनुसार वह एक सरकारी अध्यापक है। 28 फरवरी 2023 को उसने खत्ता जमाल खान निवासी एजेंट अतुल अवस्थी से भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी ली थी। बकौल अध्यापक उसने अपनी पॉलिसी के 16780 तथा पत्नी माही की पॉलिसी 16501 रूपए यानि कुल 33281 रुपए की किस्त अतुल अवस्थी को दी। अतुल अवस्थी ने उसे भारतीय जीवन बीमा निगम के कागज उपलब्ध करा दिए। बकौल अध्यापक 4 अक्टूबर को जब वह भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय पहुंचा तो वहां कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि यह फर्जी कागजात हैं। सुनील कुमार ने आरोपी अतुल अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर कोतवाली में दी है।

### सधई बेहटा गांव के प्रताप विक्रम सिंह ने केले की खेती से बढ़ाई आय

# पर्यावरण अनुकूल अधिक लाभकारी नकदी फसलों की ओर किसानों का तेजी से बढ़ा रुझान

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई।जनपद हरदोई के प्रगतिशील किसानों की फेहरिस्त में एक नाम प्रताप विक्रम सिंह का भी शामिल है जिन्होंने न सिर्फ अपने जीवन स्तर में बदलाव किया बल्कि अन्य किसानों के लिए भी बदलाव के वाहक बने हैं। जनपद के अधिकांश किसानों की भाँति प्रताप विक्रम सिंह भी गेहूं, धान आदि की पारंपरिक खेती किया करते थे जिससे उन्हें सीमित आय ही होती थी। वे बताते हैं कि पारंपरिक खेती से उन्हें करीब 65 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की ही आय होती थी। उनके पास कुल 6.50 हेक्टेयर भूमि है। चूंकि प्रताप विक्रम सिंह एक जागरूक किसान है इसलिए वे निरंतर खेती के नए विकल्पों की तलाश में रहे। उन्हें उद्यान विभाग से जानकारी मिली कि विभाग में नवीन उद्यान रोपण केला की खेती पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत केला की खेती

पर 30738 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए उन्होंने वर्ष 2022-23 में 2 हेक्टेयर क्षेत्र में केले की खेती करने हेतु पंजीकरण कराया। इसके बाद उन्होंने प्रारंभिक रूप से 2 हेक्टेयर क्षेत्र में केले की खेती की। फसल के सत्यापन के उपरांत उद्यान विभाग की ओर से 46107 रुपए का अनुदान उनके बचत खाते में भेजा गया। किसान प्रताप विक्रम सिंह कहते हैं कि वे केले की खेती से काफी खुश हैं। केले की 2 हेक्टेयर खेती करने में लागत लगभग 4 लाख 95 हजार रुपए आयी। इससे उनको 1720 कुंटल केले की उपज प्राप्त हुई तथा इस उपज को बाजार में बेचकर उन्होंने लगभग 20 लाख 64 हजार रुपए की कमाई की। केले की खेती ने उनकी सोच को पूरी तरह से खेती के प्रति सकारात्मक बना दिया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह कहते हैं कि औद्यानिक नकदी फसलों के उत्पादन से किसानों की आमदनी में वृद्धि हुई है। जनपद में प्रगतिशील किसानों की संख्या बढ़ी है। हाल के वर्षों में किसानों का रुझान नवीन पर्यावरण अनुकूल अधिक लाभकारी नकदी फसलों की ओर तेजी से बढ़ा है।

# बुखार के कहर से तप रहा कस्बा,फागिंग के नाम पर रस्म अदायगी

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई । बुखार पूरे क्षेत्र में कहर बरपा रहा है। हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित है। सरकारी अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पतालों तक बुखार के मरीजों का तांता लगा हुआ है। प्राइवेट अस्पतालों के भी सारे बेड फुल हो गए हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है । प्रतिदिन ओपीडी में बड़ी संख्या में बुखार के मरीजों को जांच कर दबाए उपलब्ध कराई जा रही हैं और बुखार कंट्रोल करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। मच्छरों की रोकथाम के लिए पालिका प्रशासन की फागिंग केवल रस्म अदायगी भर ही सीमित होकर रह गई है। पिछले एक पखवाड़े से बुखार के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है । महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती हैं। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार ने पूरी

तरह से कहर बरपा रखा है। सरकारी अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पतालों तक सभी फुल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ओपीडी में बुखार से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। यही हाल प्राइवेट अस्पतालों का भी है। प्राइवेट अस्पतालों में भी ज्यादातर बुखार से पीड़ित लोग भर्ती हैं। इस वक्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों के साथ बुखार ने पूरी तरह से सभी को अपने शिकंजे में ले रखा है। डेंगू जैसी घातक बीमारी से लोग काफी भयभीत हैं। खांसी, जुखाम, बुखार से पीड़ित शायद ही कोई घर हो जिस घर में एक दो मरीज न हो। बुखार के बढ़ते प्रकोप के कारण पालिका प्रशासन ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत फागिंग का कार्य प्रारंभ किया था लेकिन यह कार्य मात्र रस्म अदायगी तक ही सीमित रहा। पालिका प्रशासन ने दो से चार दिन तक फॉगिंग का कार्य कराया। उसके बाद फागिंग का कार्य कहीं नहीं दिखाई दे रहा है। यही हाल स्वास्थ्य विभाग का भी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है बुखार से पीड़ित मरीज तो अस्पताल में पहुंच रहे हैं लेकिन डेंगू जैसे हालात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है बुखार से पीड़ित मरीजों का चेकअप कर उनको जरूरत की दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का बुखार पर कंट्रोल करने का दावा भी बरकरार है लेकिन बुखार के मरीजों की संख्या घटने के बजाय बढ़ती ही जा रही है।

# यहां लड़ैतो देवला वालो , वहां मांढ़ौ को सरदार

## गांव में आज भी जहां तहां जिंदा है लोक वीर गाथाएं

### गांव की चौपाल में बड़े चाव से सुनते है आल्हा ग्रामीण

दैनिक समाज जागरण शिवम गुप्ता

हरियावां,हरदोई। जैसे जैसे युग का आधुनिकरण हो रहा है वैसे ही लोक गाथाओं का प्रचलन बंद सा हो रहा है । आज से करीब दो दशक पूर्व हर गांव में सावन माह से लोक गाथाओं में आल्हा के तख्त सज जाया करते थे । गांव के खासकर बुजुर्ग और युवा बड़े चाव से आल्हा सुना करते है । धीरे धीरे टीवी और मोबाइल प्रचलन के चलते आल्हा गायन और सुनने का कार्यक्रम अंतिम पायदान पर पहुंच गया है । थाना क्षेत्र के पीला महुआ में सतीश सिंह उर्फ बड़क्के सिंह की चौपाल पर उधऊ एंड पार्टी द्वारा जब आल्हा गायन का साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू हुआ तो बड़े बुजुर्ग सभी चौपाल की तरफ सुनने का रुख करने लगे । वहां पहुंचकर आल्हा गायन कर गायकों ने आल्हा ऊदल की वीरता सुनाते हुए कहा माढौगण का राजा कारिया द्वारा महोबा के राजा परमाल के सेनापति दक्षराज और बक्षराज का धोखे से सर को काट दिया जाता है और आल्हा ऊदल को पिता के प्यार दुलार से अनाथ कर दिया जाता है पिता का बदला लेने के लिए आल्हा ऊदल अपने पिता के मित्र चाचा ताला सैय्यद की

देख रेख में भेष बदलकर माधौ गण पर चढ़ाई करते है और अंत में राजा कारिया का शीश काटकर अपने पिता का बदला लेते है । आल्हा गायन के दौरान सबसे खास बात यह देखने को मिली आल्हा गायन सुन रहे बुजुर्ग काफी खुश और जोश में दिखे । आल्हा सुन रहे बुजुर्ग नेपाल सिंह ने बताया कि आल्हा सुनने में अलग ही आनंद है आल्हा सुनने से खून में गर्मी आ जाती है लेकिन अब आल्हा गायन धीरे धीरे समापन की ओर दिख रहा है आल्हा ऊदल मलिखान जैसे वीर योद्धाओं की गाथाओं को जिंदा रखने के लिए सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस मौके पर सतीश सिंह, डॉ शकील खां, नरेंद्र कुमार, उदयपाल, होरीलाल, सोनपाल , हरिश्चंद्र इशरार खान, मूलचंद्र , सुरेश वर्मा, आदि श्रोता मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने अहिरोरी व कछौना में किया निरीक्षण

## लोधी कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षण गुणवत्ता व शौचालय की स्थिति मिली असंतोषजनक

दैनिक समाज जागरण ,बी जी मिश्र

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा आज विकास खण्ड अहिरोरी के कम्पोजिट विद्यालय लोधी एवं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास खण्ड कार्यालय कछौना, टी0एच0आर0 प्लांट कछौना, वृहद गौ संरक्षण केन्द्र, बालामऊ एवं हैण्डीक्राप सेन्टर कछौना का निरीक्षण किया गया। कम्पोजिट विद्यालय लोधी में द्विव्यांग शौचालय की स्थिति खराब पाये जाने, बच्चों से सामान्य श्रेणी के प्रश्न पूछने पर शिक्षण की गुणवत्ता असंतोषजनक पाये जाने तथा एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बन रही तहरी में सब्जियों की मात्रा कम पाये जाने पर प्रधानाध्यापक शीला कुमारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय भान को दिये गये। इसके साथ ही विद्यालय में आपूर्ति की गयीं बेंच की गुणवत्ता सही न पाये जाने पर संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। तदोपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र, लोधी प्रथम एवं लोधी द्वितीय का निरीक्षण किया गया। ब्लाक कछौना के निरीक्षण में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के कक्ष की सफाई एवं

अभिलेखों का रख-रखाव ठीक न पाये जाने पर सहायक विकास अधिकारी, पं0 का स्पष्टीकरण प्राप्त करने, एन0आर0एल0एम0 कक्ष में आलमारी के अन्दर पुराने अभिलेख पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। मयंक सविता लेखाकार द्वारा ग्रान्ट रजिस्टर-1 न बनाये जाने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक न रखने के कारण माह अक्टूबर, का वेतन बाधित करते हुए आरोप पत्र जारी कर, उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देष दिये गये। विकास द्विवेदी, लिपिक द्वारा स्थापना पटल के अभिलेखों का रख-रखाव अद्यावधिक न करने हेतु उन्हें कठोर चेतावनी निर्गत करने के साथ ही तीन दिन में अभिलेख पूर्ण करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी। इसके साथ ही मनरेगा, एन0आर0एल0एम0, आवास में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिष्चित कराने एवं शिकायतों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।

इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृहद गौसंरक्षण केन्द्र बालामऊ का निरीक्षण किया गया तथा गौषाला के अन्दर बड़ी संख्या गौवंश बिना टैग के पाये जाने पर पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 अश्वनी कुमार का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देष दिये गये। निरीक्षण के समय रवि प्रकाश सिंह, उपायुक्त, मनरेगा, उदयभान खण्ड शिक्षा अधिकारी, अहरोरी, कार्यक्रम अधिकारी कछौना धर्मेश चन्द्र पाण्डेय, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी कछौना मानवेन्द्र शर्मा, गौषालाा में डा0 आशीष कुमार, डा0 अश्वनी, ग्राम प्रधान बालामऊ सचिव बालामऊ आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने की छापेमारी

## कच्ची शराब बरामद कर लहन को मौके पर कराया नष्ट

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

हरदोई।जनपद में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप दुबे के नेतृत्व में थाना बिलग्राम के ग्राम नूरपुर हथौड़ा में आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दबिश की कार्यवाही की गई । दबिश के दौरान सघन तलाशी में लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं लगभग 200 किलोग्राम लहन बरामद हुई ,शराब को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं मे 1 अभियोग पंजीकृत किये गए।



# पशु क्रूरता जागरूकता शिविर संपन्न

दैनिक समाज जागरण,संवाददाता

शाहाबाद, हरदोई। तहसील के ग्राम उमरौली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में तहसीलदार नरेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में पशु क्रूरता व पशुओं के बचाव के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी ने बताया कि भारत में पशुओं के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए साल

1960 में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम लाया गया था। साथ ही इस एक्ट की धारा-4 के तहत साल 1962 में भारतीय पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य पशुओं को अनावश्यक सजा या जानवरों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति को रोकना है। मामले को लेकर कई तरह के प्रावधान इस एक्ट में शामिल हैं। जैसे, अगर कोई पशु मालिक अपने पालतू जानवर को आवारा छोड़ देता है, या उसका इलाज नहीं कराता, भूखा-प्यासा रखता है, तब ऐसा व्यक्ति पशु क्रूरता का अपराधी होगा। इसके अलावा अगर कोई किसी पशु को मनोरंजन के लिए अपने पास रखता है और उसके साथ क्रूरता का व्यवहार करता है तो वह भी अपराध है। मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष तौसीफ खान ने बताया कि पशु बोल नही सकते हैं इसलिए पशुओं के साथ बरती क्रूरता के निवारण के लिए कानून बनाए गए, ताकि पशुओं के प्रति हमारा दोस्ताना व्यवहार हो और उनके साथ हम क्रूरता का व्यवहार न करे। शिविर में सभासद शोएब खान, रोजगार सेवक अमित कुमार, पंचायत सहायक अर्चना यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घर मे घुसकर महिला की जंजीर व बाले नोचकर युवक फरार

## खाना बनाते समय महिला के तमंचा लगाकर दिया घटना को अंजाम

दैनिक समाज जागरण,संवाददाता

मल्लावां ,हरदोई।ग्राम गुलबहा अटवारा चकोला निवासी राम रतन हंस ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि मैं सरिया सीमेंट का व्यापारी हूं। सोमवार की देर शाम घर में गांव का युवक विनोद घुस आया। पत्नी संगीता किचन में खाना बना रही थी ।आहट सुनकर उसने देखा तो युवक ने तमंचा लगाकर गले में सोने की चेन व कान का बाला नोच कर भागा। भागते समय चेहरे से उसका अंगोछा हट गया जिससे पहचान हो गई।शोर मचाने पर गांव के विकास व ज्वाला प्रकाश ने ललकारा तो उन पर तमंचा तानकर आगे न बढ़ने की धमकी दी ,और भागा तो गांव के लोगों ने दौड़ाया तो कल्लू के घर में घुस गया। कल्लू ने उसको घर से निकलने के लिए कहा, तो आरोपी युवक ने कल्लू उसकी पत्नी कलावती, लड़का अजय को मारा, ईंट पत्थर फेंके जिससे चोटे आई हैं ।1090,112 पर फोन की तो पुलिस मौके पर आई तब तक युवक फरार हो गया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मन्दिर के पुजारी ने गाली गलौज व मारपीट की दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण

मल्लावां,हरदोई।कस्बे के मोहल्ला सुभाष पार्क निवासी व दुर्गा मंदिर के पुजारी संजू अग्निहोत्री ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मंगलवार की शाम को आरती कर रहा था। तभी मंदिर के पास रहने वाले दिनेश ,पुनीत व उनकी पत्नी आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। आरती में शामिल भक्तगण भयभीत व परेशान हो गए । यह लोग आए दिन यह जाति सूचक गालियां भी दिया करते हैं । इस संबंध में कोतवाल शेषनाथ सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मण्डी की जल भराव समस्या दो का समाधान दो दिन में करायें:-डीएम

## धान खरीद में किसी बिचौलिये की दखल अन्दाजी नही होनी चाहिए:- एमपी सिंह

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज स्थानीय गल्ला मण्डी में संचालित राजकीय धान क्रय केन्दों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डी में चारों तरफ जल भराव एवं गन्दगी एवं चबूतरों की टूटी फर्श को देखकर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डी सचिव को निर्देश दिये कि दो दिन में मण्डी की जल भराव समस्या का समाधान करायें

और मण्डी की व्यापक स्तर पर सफाई कराने के चबूतरों के फर्श की मरम्मत कराये ताकि केन्द्रों पर धान लेकर आने वाले किसानों को कोई समस्या न हो। धान क्रय केन्द्रों में जिलाधिकारी ने तौल कांटा, नमी मापक यन्त्र, बोरो की उपलब्धता आदि की जानकारी ली तथा डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिये कि सरकारी केन्द्रों पर धान लाने वाले किसानों को गेट पर ही नम्बर एवं तिथिवार टोकन जारी कराये और किसानों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायें। उन्होने केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि किसानों के धान खरीद में किसी बिचौलिये की दखल अन्दाजी नही होनी चाहिए और ऐसा पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, व्यापारी आदि उपस्थित रहें।

# समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## भाकियू दशहरी के जिलाध्यक्ष ने किया धरना प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण,अभय तिवारी

हरपालपुर,हरदोई।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव ने पलिया में बुधवार को धरना प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में घूम रहे आवारा गोवंशों, पलिया से देहेलिया तक जर्जर मार्ग, पलिया पावर हाउस द्वारा अघोषित बिजली कटौती, बेहथर से खद्दीपुर चैनसिंह के बीच में टूटी पड़ी पुलिया

के तत्काल प्रभाव से निर्माण जैसी कई समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन दशहरी के जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव ने धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार सवायजपुर, क्षेत्राधिकारी हरपालपुर और प्रभारी निरीक्षक हरपालपुर पहुंचे। तहसीलदार सवायजपुर को मांग पत्र सौंपा गया । तहसीलदार सवायजपुर द्वारा एक सप्ताह में समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई।

# सभी पूजन स्थल के आस—पास व शोभायात्रा मार्ग तत्काल दुरूस्त हो : जिलाधिकारी

## *नगर के सभी दुर्गा पूजनोत्सव समितियों के संग हुई बैठक*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो**
**समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ऐतिहासिक दुर्गा पूजनोत्सव मनाये जाने को लेकर बैठक हुई जहां विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों ने मुख्य मार्गों यथा पॉलिटेक्निक चौराहे से सिटी स्टेशन, पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलन्दगंज रोड, सिपाह से मानिक चौक, भण्डारी रेलवे स्टेशन से रसूलाबाद सहित कुल 11 मुख्य मार्गों पर क्षतिग्रस्त मार्गों को रिकवर करने, गड्ढों को पाटने इत्यादि समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर किसी भी प्र-कार का कोई नया प्रोजेक्ट त्योहार समाप्त होने तक शुरू न करे। पुराने प्रोजेक्ट के तहत जहां कहीं भी गड्ढे हैं, उसे पाट दें। सड़कें मोटरेबल होनी चाहिए जिससे पूजनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित सभी मुख्य मार्गों पर चूना छिड़काव करें। खराब स्ट्रीट लाइट्स को सही करायें। साफ–सफाई, पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था करें। इसी क्रम में एसीएमओ को निर्देशित किया कि मे-डिकल एड, एम्बुलेंस की व्यवस्था करें। कंट्रोल रूम का नम्बर जारी करें तथा सीएचसी सेंटरों को अलर्ट मोड पर रखे तथा एम्बुलेंस में मौजूद सभी उपकरण सक्रिय अवस्था में होने चाहिये। साथ ही उन्होंने विसर्जन घाट पर भी एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस

प्रशासन को निर्देशित किया कि इन मार्गों व पूजा पंडाल के आस–पास पुलिसकर्मी निरन्तर भ्रमणशील रहे। संवेदनशील पूजा स्थलों पर पीएसी फोर्स लगाया जाय। महिलाओं की सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाय। साथ ही एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा पण्डाल एवं पूजा स्थल पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा लूज कंडक्टर, लटकते तार आदि की भी चेकिंग करायें। वहीं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मूर्तियों की लम्बाई मानक के अनुसार रखें। बिजली सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। वॉलिंटियर्स व प्रा-इवेट सिक्योरिटी गार्ड्स को भी पूजा स्थल पर तैनात रखें। जिस स्वरुप में विगत कई वर्षों से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है, इस वर्ष भी उसी स्वरूप में मनाया जाय। इसमें किसी भी प्रकार का कोई विस्तार न किया जाय। साथ ही निर्देशित किया कि नगर पालिका में कण्ट्रोल रूम बनाया जाय जिससे सभी संबंधित विभागों के अधिकारी जुड़े रहें तथा स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे जिससे किसी अप्रिय दुर्घटना को रोका जा सके। कंट्रोल रूम समय से संचालित करें। व्हाट्सएप ग्रुप पर भी सभी अधिकारी जुड़े रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार सहित तमाम अधिकारियों के अलावा पूजन समिति से जुड़े शशांक सिंह रानू, मनीषदेव सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रास्ते के अभाव में बच्चे पानी से होकर जाते हैं स्कूल

## *अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी निद्रा में*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था सुधारने के लिए रोज नए नए इंतजामात किये जा रहे है लेकिन अधिकारियों की बेरुखी एवं उनकी कार्यशैली से यह व्यवस्था और भी चौपट हो रही है।यह दृश्य मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के भांवरकोल शिक्षा क्षेत्र के लौवाडीह प्राथमिक विद्यालय का है जिसका चयन पी एम श्री योजना में होने के बावजूद वहाँ जाने के लिए रास्ता तो है लेकिन वह इस समय जलाशय का रूप ले चुका है।प्रतिदिन बच्चों को पानी में से होकर नंगे पैर गिरते पडते गुजरना पड़ रहा है। पानी भी ऐसा जो काफी गंदा है जिससे बीमारियों के होने का खतरा बराबर बना रहता है।सबसे बड़ी बात है कि इस स्कूल में लौवाडीह के बच्चे तो पढ़ते ही है बगल के गाँव पारो में कोई प्राथमिक विद्यालय न होने के कारण वहां के बच्चे भी यहां पढ़ते है।रास्ता न होने के कारण पारो गाँव के अधिकांश गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में जाना पड़ता है जिससे वे निःशुल्क शिक्षा से वंचित हो रहे है।कुछ साल पहले आधा रास्ता

बनाकर इसे छोड़ दिया गया था जो अब काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां पर पोलिंग बूथ भी है ऐसे में जब पैदल कोई नही जा सकता है तो गाड़ी से भी जाना संभव नही है।इसकी शि-ाकायत ग्रामीणों ने ऊपर के अधिकारियों से भी की लेकिन कोई असर नही हुआ।इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस तरफ कोई ध्यान नही देते है।यह गांव बिधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद एवं लोकसभा क्षेत्र बलिया में पड़ता है। पी एम श्री योजना में बच्चों के लिए स्कूल में प्ले ग्राउंड उसके इक्यूपमेंट,लैब,मिड डे मील के लिए अलग टीन शेड,अत्याधुनिक डेस्क बेंच इत्यादि सुविधाए रहेंगी। बी ई ओ सावन दूबे ने बताया कि रास्ता राजस्व विभाग का है वे उपजिलाधिकारी से मिलकर रास्ता के लिए प्रयास करेंगे।अब देखना है कि कब बच्चों को आने जाने के लिए बढ़िया रास्ता उपलब्ध होता है।

# रास्ते पर जल जमाव से लोगों को आवागमन में परेशानी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

**लगभग चार वर्ष से नारकीय स्थिति उत्पन्न**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक अंतर्गत कोटवां नारायनपुर लड्डूडीह मार्ग के बसनिया से श्रीपुर मुंडेरा मार्ग की दशा अत्यंत ही गंभीर है। बसनिया चट्टी से पश्चिम दिशा में एक संपर्क मार्ग है जो श्रीपुर मुंडेरा होते हुए तहसील मुहम्मदाबाद के रास्ते से जोडने का कार्य करता है। बसनिया चट्टी के बाद सड़क से सटे हरिजन बस्ती है। बस्ती के लोगों के पानी का निकास न होने से बस्ती का सारा गंदा पानी सड़क पर आकर गिरता है।सड़क से सटे दक्षिण दिशा में क्षेत्र का चर्चित विद्यालय रेड रोजेज स्कूल स्थित है।साल भर गंदा पानी के जमाव से कीचड़ एवं दुर्गन्ध से इस रास्ते से गुजरने के लिए बार बार सोचना पड़ता है।सबसे ज्यादा परेशानी इस विद्यालय के छोटे छोटे छात्र छात्राओं को होती है।बगल की बस्ती के लोगों को भी आने जाने में

घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांव के लोगों को गांव से बाहर जाने के लिए, चट्टी पर स्थित दुकान पर या किसी भी कार्य के लिए जाते समय उस गंदे पानी एवं कीचड़ से होकर ही जाना पड़ता है,गंदे पानी के सड़ांध से पूरा वातावरण दुर्गंधयुक्त है।दुर्गंध के कारण स्कूल के कमरों की खिड़की को मजबूरी वश गर्मी के मौसम में भी बंद रखना पड़ रहा है।बार बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के यहां भी इसके निदान के लिए प्रयास किया गया। लेकिन किसी के कान पर जू तक नहीं रेंगा।रेड रोज स्कूल के प्रबंधक मुक्ति नाथ राय के द्वारा अपने संसाधन से पूरे रास्ते पर मिट्टी गिरवाया गया था। लेकिन बरसात और घरों से निकलने वाले पानी के कारण पुनः स्थिति जस की तस हो गई है। स्थानीय लोगों ने समाचार पत्र के माध्यम से बी डी यो भांवरकोल, उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया है।

# पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी बीजेपी: जिला अध्यक्ष उदय प्रताप यणा

## *नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत*

## *एका नगर पंचायत परिसर में भाजपा नेताओं का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।*

**समाज जागरण –बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। । बुधवार को नगर पंचायत परिसर एका में भाजपा के नए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पधारे वृंदावन लाल गुप्ता, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सत्यपाल राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख जसराना मोहन दत्त उर्फ.गुड्डू लोधी, भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश संखवार, रामकैलाश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश शर्मा, उम्मेद सिंह राजपूत,जिला कार्यकारिणी सदस्य जसवीर सिंह यादव,का नगर पंचायत अध्यक्ष माया

देवी सागर के साथ प्रतिनिधि महाराणा प्रताप और कालू ने पटका पहनकर पुष्प वर्षा करते हुए फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहां कि आने वाले चुनाव में सनातन पर कटाक्ष करने वालों को जनता किनारे करेगी। नए जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहां के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने सहयोगियों के साथ अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी । हमें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंच कर जनता को लाभ दिलवाना है।कार्यक्रम का संचालन सौरभ गुप्ता ने किया कार्यक्रम में चेयरमैन माया देवी सागर, योगेश लोधी, शीलू सविता, निशु जैन, राजू गुप्ता, महा-राणा प्रताप, सूरज गुप्ता, सुशील शर्मा,छोटू कठेरिया,मयंक कुलश्रेष्ठ, विक्की वार्ष्णेय,रिंकू भारद्वाज उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म कथा को सुनकर सभी भक्त हुये भाव-विभोर

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो**
**समाज जागरण**

जलालपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक निवास स्थान पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बाल व्यास पूज्य शशिकान्त महाराज (श्री काशी) ने वामन अवतार, श्रीराम कथा व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा से पहले कथा की शुरूआत डिप्टी एसपी केराकत गौरव शर्मा व मदन लाल सेठ पूर्व सभासद ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की.. के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वामन अवतार की कथा में उन्होंने बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आयी तो राजा बलि भी मूक हो गये। तब उनकी पारी आगे आई और राजा बलि को अपना तन

भगवान को अर्पित कर देने की बात कही। इस तरह राजा बलि ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान श्रीरामचरित मानस के दोहों व चौपाइयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाल गायिका विदुषी वर्मा ने जय हो यशोदा के लाला गीत प्रस्तुत करके लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। सुमधुर भजन गायन के बीच भगवान के कृष्ण रूप में जन्म लेने का उद्देश्य बताया। कथा में मुख्य यजमान अशर्फी सेठ, फूलपत्ती देवी के साथ अनुराग वर्मा, भजन गायक पंकज सिन्हा, हरिशंकर चौबे, राजेश मिश्रा, पवन गुप्ता जिला पंचायत सदस्य, गायिका शैली गगन, लालमणि सेठ, अमित निगम, संदीप सेठ, रतन लाल सेठ, पंकज सिंह, रामचन्दर सेठ, डा. रंगनाथ दुबे, डा. संगीता दुबे, विनय वर्मा, प्रद्युम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गोवध के मोस्ट वांटेड रकीब खां उर्फ आरजू को करीमुद्दीनपुर पुलिस ने किया बक्सर बिहार से गिरफ्तार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गाजीपुर के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के पर्वेक्षण मे दिनांक 03.10.2023 को करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव मय हमराह उ0नि0 दिनेश चन्द्र कौशिक, का0 सौरभ पटेल, का0 नवनीत कुमार म0का0 किरन द्विवेदी मय सरकारी वाहन बोलेरो यू0पी 061 जी 0466 के चालक का0 कैलाश यादव के मु0अ0सं0 71/23 धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 419,420 भादवि के अभियुक्त रकीब खाँ उर्फ आरजू पुत्र रफीक खाँ निवासी सारिमपुर औद्योगिक नगर टाउन थाना औद्योगिक नगर टाउन जनपद बक्सर बिहार के गिरफ्तारी हेतु उसके घर दबिश हेतु रवाना होकर थाना औद्योगिक नगर टाउन जिला बक्सर बिहार पहुँचा वहाँ से वर्तमान प्रभारी निरीक्षक राजेश मालाकार , उ0नि0 सुभाष कुमार थाना औद्योगिक नगर टाऊन जिला बक्सर बिहार व उ0नि0 युस-ुफ क्राइम ब्रान्च जनपद बक्सर बिहार को लेकर बक्सर गोलम्बर के पास से मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त 1. रकीब खाँ उर्फ आरजू पुत्र रफीक खाँ निवासी सारिमपुर औद्योगिक नगर टाउन थाना औद्योगिक नगर टाउन जनपद बक्सर बिहार उम्र 28 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थानः-**

बक्सर गोलम्बर के पास थाना औद्योगिक नगर टाउन जनपद बक्सर बिहार ।

**दिनांक व समयः-**

दिनांक 03.10.2023 समय 19.50 बजे

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 71/23 धारा 3/5अ/5इ/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 419,420 भादवि थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर गाजीपुर ।

2. मु0अ0सं0 301/16 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना चितबड़ागाँव जनपद बलिया।
3. मु0अ0सं0 021/16 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु अतिचार अधिनियम, 1871 थाना नगरा जनपद बलिया ।
4. मु0अ0सं0 486/16 धारा 2/3 उ० प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना नरही जनपद बलिया।
5. मु0अ0सं0 315/17 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना चितबड़ागाँव जनपद बलिया।
6. मु0अ0सं0 174/19 धारा 489-A, 489-B, 489-C भादवि थाना नरही जनपद बलिया।
7. मु0अ0सं0 175/19 धारा 25 आयुध अधिनियम, 1959 थाना नरही जनपद बलिया।
8. मु0अ0सं0 178/19 धारा 419,420 भादवि थाना नगरा जनपद बलिया।
9. मु0अ0सं0 189/19 धारा 2,3(1) उ० प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 थाना नरही जनपद बलिया।
10. मु0अ0सं0 102/22 धारा 406 भादवि थाना सुखपुरा जनपद बलिया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में

देवेन्द्र सिंह यादव (थानाध्यक्ष)उ0नि0 दिनेश चन्द्र कौशिक,का0 सौरभ पटेल,का0 नवनीत कुमार,म0का0 किरन द्विवेदी शामिल थे।

# प्रदेश सचिव बनाये जाने के बाद गुरुवार को बलिया प्रथम आगमन पर नगर में स्वागत किया जाएगा।

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसडा. (बलिया)। चिलकहर ब्लॉक के पहाड़पुर डॉ. संतोष कुमार को

समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी प्रदेश सचिव बनाए जाने पर 5/10/2023/ को बलिया प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे नगरा बाजार में स्वागत किया जाएगा। नगरा सें जयसवाल धर्मशाला रामलीला मैदान बेल्थरा रोड़ में समापन किया जाएगा। यह जानकारी चिलकहर ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख आदित्य गर्ग उर्फ सूर्यकांत ने दिया।

# लायंस क्लब रॉयल आपदा में सदैव अग्रणी रहता है : डा. क्षितिज शर्मा क्लब का ओरिएन्टेशन कार्यक्रम सम्पन्न

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। लायन्स इण्टरनेशनल की जनपद शाखा लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा ओरिएन्टेशन कार्यक्रम किया गया जिसके मुख्य अतिथि गेट एरिया लीडर डा० क्षितिज शर्मा रहे। उन्होंने लायन्स इण्टरनेशनल के बारे में जानकारी देते हुये क्लब के उद्देश्य, कार्य, क्षेत्र इत्यादि पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि क्लब विश्व के दो सौ देशों में अपना कार्य कर रहा है। आपदा व अपने से

कम भाग्यशाली लोगों की सेवा में सदैव अग्रणी रहता है। यह अपने देश के प्रति पूरी निष्ठा व्यक्त करते हुए समाज को बेहतर नागरिक प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े समाज सेवा में अग्रणी संस्था का सदस्य होना गर्व की बात है। इसी क्रम में संस्थाध्यक्ष अजय गुप्ता ने मुख्य अतिथि डा. शर्मा का स्वागत किया जिसके बाद सचिव रसाल बरनवाल ने क्लब के विषय में जानकारी देते हुये सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट सेक्रेट्री सै. मोहम्मद मुस्तफा, जोन अधिकारी विष्णु सहाय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन बैंकर, उपाध्यक्ष संजीव साहू, अभिताष गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश किशोर, कार्यक्रम संयोजक राजेश अग्रहरि, रीजन चेयरपर्सन विष्णु सहाय, रवि शर्मा, प्रदीप प्रधान, राज केशरी, राजेन्द्र स्वर्णकार, आदेश सेठ, ऋषि श्रीवास्तव, अभिषेक जायसवाल, योगेश साहू, अजयनाथ जायसवाल, राजकुमार कश्यप, आनन्द साहू, योगेन्द्र साहू, सै. मुस्तफा हुसैन, अमित गुप्ता, संजय जायसवाल, विनोद अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ब्राण्ड एम्बेसडर सिरसागंज ने दिलाई विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह एवं स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ दिलाई। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराते हुए बताया कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और अन्य व्यक्तियों को भी प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करेंगे।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक वह प्लास्टिक का सामान होता है, जो फेंकने से पहले या पुनर्चक्रण करने से पहले सिर्फ एक बार ही प्रयोग में लाया जाता है। प्रदूषण को बढ़ाने में सिंगल यूज प्लास्टिक का सबसे अधिक योगदान है क्योंकि इनका पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है। यह प्लास्टिक न तो अपघटित होता है और न ही इसे जलाया जा सकता है। इनके टुकड़े पर्यावरण में जहरीले रसायन छोड़ते हैं,जो कि मनुष्यों एवं जानवरों के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर कु गोशिया फारूकी, अंशिका सिंह, खुशी शर्मा, वर्षा कुमारी, निशा कुमारी, खुशी, तान्या माथुर, ईशू कुमार, ऋषी कुमार, शिवा, अर्जेश, सागर बाबू, पवन कुमार, अनुज कश्यप, सागर आदि उपस्थित रहे।

# गॉव के विकास से ही देश का विकास सम्भव है-सांसद मस्त

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**गांव पंचायत की अवधारणा हजारों वर्ष पुरानी**

गाजीपुर।संकल्प सप्ताह कार्यक्रम/जन चौपाल का शुभारम्भ सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने विकास खण्ड रेवतीपुर अन्तर्गत रामलीला मैदान ग्राम नवली में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रेरणा से खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत ग्राम उतरौली स्थित ग्रामीण स्टेडियम के मरम्मत/सुन्दरीकरण ,जिला योजनान्तर्ग निर्मित पशु सेवा केन्द्र नवली का शिलान्यास किया। मौके पर गर्भवती महिलाओं के गोद भराई एवं बच्चों को अन्न प्रासन कराया। तत्पश्चात उन्होने शासन की विभिन्न योजनाओं यथा आयुष्मान कार्ड, आवास ,कृषि किट का वितरण किया एवं ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का काम पंचायत संवाद से सम्बन्धित है पंचायत की अवधारणा अपने देश की हजारों साल पुरानी अवधारणा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के गॉव, गरीब, किसान , झोपड़ी का इन्सान और नारियों के सम्मान के लिए समर्पित सरकार है। उन्होने कहा कि गॉव के विकास से ही देश का विकास सम्भव है। इस देश की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, कृषि अर्थ व्यवस्था ही आज दुनिया को प्रेरित कर रही है कि भारतीय दर्शन से ही जीवन जीया जा सकता है। उन्होने जिलाधिकारी से मनरेगा से, गॉव से खेत जोड़ो योजना प्राथमिकता के तौर पर चलाने को कहा तथा गॉव के उस मौजा को कच्ची से पक्की सड़क तक जोड़ दिया जाये। जिससे किसानो के खेत पर जब आवा जाही बढेगी तो किसानो द्वारा अपने खेत में पैदावार की सम्भावनाएं उत्पन्न होने लगती है और उनका उत्पादन बढ जाता है। उन्होने कहा कि यह इलाका दलहन , तिलहन का क्षेत्र है, तिलहन के क्षेत्र में तो अपना देश आत्मनिर्भर हो गया लेकिन दलहन की पैदावार बढाने की जरूरत है और इसके लिए किसानो को प्रोत्साहित करे, क्योंकि दलहन हम दूसरे देश से आयात करते हैं। उन्होने मोटे अनाज के पैदावार पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लाक में मेरे द्वारा निःशुल्क मोटे अनाज की बीज उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी जिससे आज मोटे अनाज की अच्छी पैदावार हो रही है जिससे आने वाले दिनो मोटे अनाज का निर्यात दूसरे देशो में होगा। उन्होने ग्रामवासियो

को स्वच्छता के अभियान से जुड़ने की बात कहते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की रचना करता है और स्वस्थ समाज ही सबल समाज की रचना करता है। स्वच्छता, स्वास्थ्य , सबलता यही देश को समृद्धि के मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए आप लोगो को भी उसमे सम्मिलित होना अतिआवश्यक है क्योंकि शासन, प्रशासन और समाज मिलकर ही लोकतंत्र के रास्ते को मुकाम तक पहुंचाता है। उन्होने पशु पालन विभाग के अधिकारी को जनपद के दूध उत्पादन बढाने हेतु प्रत्येक किसान को कम से कम दो गाय सरकार की योजनाओं से उपलब्ध कराया जाये । उन्होने कहा कि आज सरकार प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए किसानो को गोबर का भी पैसा दे रही है तथा गंगा किनारे 05 किमी के दायरे में प्राकृतिक खेती की योजना बनायी है । उन्होने जिलाधिकारी से गंगा किनारे जगह-जगह पर एक खेल का मैदान एवं एक व्यायामशाला बनवाने को कहा जिससे एक नया समाज का निर्माण होगा क्योंकि स्वस्थ एव स्वच्छता से ही एक सबल राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में बनने वाले केन्द्र अध्यात्मिक एवं धार्मिक हो वहॉ धार्मिक व अध्यात्मिक चर्चा अवश्य होनी चाहिए। उन्होने गो-पालन , प्राकृतिक खेती , पशु पालन, जल संरक्षण हेतु ग्रामवासियों से अनुरोध किया कहा क्योंकि स्वस्थ समाज ही आत्म निर्भर भारत का निर्माण करेगा और 2047 में विकसित भारत दिखेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम नवली में सामुदायिक भवन के सुन्दरीकरण/बाउण्डरीवाल के लिए उन्होने सांसद निधि से 15 लाख की घोषणा की। जन संवाद कार्यक्रम में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की लाभपरक योजनाओं से ग्रामवासियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रेवतीपुर मुकेश राय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भांवरकोल आनंद राय मुन्ना, पूर्व विधायक जमानियां सुनीता सिंह,युवा भाजपा नेता पीयूष राय, मुख्य विकास अधिकारी , उपजिलाधिकारी सेवराई जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों को वितरित किये गए उपकरण, खिले चेहरे।

फिरोजाबाद। जसराना परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांग उपकरण वितरण करने के लिए ब्लाक संसाधन केंद्र पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 66 बच्चों को उपकरण वितरण किए गए। दिव्यांग बच्चों के लिए लगाए गए शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जसराना संध्या लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक अजय कुमार पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी जसराना

रामरूप द्वारा माँ शारदे कर प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कंपोजिट विद्यालय जसराना की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिविर के दौरान 66 दिव्यांग बच्चों को उपकरण हेतु पंजीकरण व वितरण हुआ। जिसमें 11 बच्चों को ट्राई साइकिल, 27 बच्चों को व्हील चेयर, 6 बच्चों को सीपी चेयर, 9 बच्चों को कैलिपर्स, 14 बच्चों को हियरिंग ऐड, 3 बच्चों को रोलेटर, 3 बच्चों को ब्रेल किट, 2 बच्चों को बैशाखी, 1 बच्चे को स्मार्ट कैन का वितरण किया गया। वितरण कानपुर से आई एलिम्को टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रमुख संध्या लोधी ने कहा दिव्यांग बच्चे भी किसी न किसी प्रतिभा के धनी होते है, ईश्वर उन्हें विशेष क्षमताओं से परिपूर्ण करता हैं। सभी दिव्यांग बच्चे उपकरण लेकर लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजपूत जी जिला महामंत्री यूटा फिरोजाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्पेशल एजूकेटर्स संजीव सिंह, दिनेश सिंह, शिवेंद्र यादव, कप्तान सिंह, मृदुल किशोर, स्नेहलता, अनामिका शर्मा, नवीन चतुवेर्दी, र-ाकेश मिश्रा, सच्चिदानंद, सुबोध, विजेंद्र यादव, अटल सिंह, सुभाषचंद्र, प्रद्युम्न शर्मा, सर्वेश, सत्यप्रकाश द्विवेदी, शैलेन्द्र, सुरेश यादव, अनिल सिंह, अमरेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# कानपुर में रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार, सस्पेंड,महिला लेखपाल ,दलाल समेत गई जेल

## – बंटवारे में जमीन के चिह्नांकन के नाम पर मांगी थी रिश्वत, आवेदन के बाद भी नहीं कर रही थी काम

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां तहसील के रिश्वतखोर अधिकारी और कर्मचारी गरीबों को अपना शिकार बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में महिला लेखपाल को .उसके सहयोगी दलाल के साथ रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन ने उसे जेल का रास्ता भी दिखा दिया। घटना के बाद रिश्वतखोर अधिकारियों और कर्मचारियों में हर काम मचा हुआ हैं। वहीं कानपुर के जिला अधिकारी विशाल जी ने लेखपाल को सस्पेंड करते हुए उसके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। इस घटना का संबंध घाटमपुर तहसील के दौलतपुर गांव से है, जहां रहने वाले राजेश साहू से महिला तहसीलदार अंजली यादव ने घर के बंटवारे के मामले में₹7000 की रिश्वत की मांग की थी ,जिसकी शिकायत पीड़ित राजेश साहू ने एंट्री करप्शन से की थी। इसी के बाद एंटी करप्शन ने जाल बिछा कर महिला लेखपाल अंजली यादव को ₹4000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस बीच महिला तहसीलदार अंजली यादव का वह दलाल भी पकड़ा गया ,जो की रिश्वत की रकम अपने फोटो कॉपी सेंटर में जमा कराता था ,जहां से लेखपाल अंजली यादव उसे जाकर ले जाती थीं। जानकारी के मुताबिक महिला लेखपाल अंजली यादव ने शिकायतकर्ता से जमीन चिह्नांकन के नाम पर घूस मांगी थी, जिसकी शिकायत पीड़ित राजेश साहू ने एंट्री करप्शन से की थी। एंटी करप्शन की टीम ने महिला लेखपाल अंजली यादव और उसके सहयोगी दलालराज सिंह के खिलाफ भी हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में जिले में 45338 मतदाता बढ़े, जेण्डर रेशो 894 से बढ़कर 918 हुआ

## कलेक्टर ने ली स्टेंडिंग कमेटी की बैठक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रदान की प्रतियां

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करते हुए उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां वितरित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि मतदाता सूची में सभी वयस्क नागरिकों के नाम दर्ज हो, इसके लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया गया तथा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई। जिनके परिणामस्वरूप जिले में 45338 मतदाताओं के नाम बढ़े हैं। इनमें 17382 पुरूष मतदाता तथा 27957 महिला मतदाता शामिल हैं। जिले में प्रारूप प्रकाशन के समय 02 अगस्त 2023 की स्थिति में जिले में कुल 962537 मतदाता थे तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात 04 अक्टूबर 2023 को अंतिम प्रकाशन उपरांत मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1007875 हो गई है। इसी प्रकार पुरूष मतदाताओं की संख्या 508092 से बढ़कर 525474 हो गई है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 454416 से बढ़कर 482373 हो गई है। अन्य मतदाताओं की संख्या 29 से घटकर 28 हुई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 02 अगस्त से 11 सितम्बर 2023 तक कुल 90756 दावा-आपत्ति/फार्म प्राप्त किए गए। इनमें 49740 फार्म-06 परिवर्धन के, 13334 फार्म-07 निरसन के तथा 27682 फार्म-08 संशोधन के प्राप्त हुए। दावे-आपत्तियों के निराकरण उपरांत अंतिम प्रकाशन में मतदाताओं की कुल सख्या 1007875 है। जिले में जेण्डर रेशो भी 894 से बढ़कर 918 हो गया है तथा ईपी रेशो 62.09 से बढ़कर 65.01 हो गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**विधानसभावार मतदाताओं की संख्या एक नजर में,,,,**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया कि जिले के उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाता, 125387 महिला मतदाता और 05 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 917, इपी रेशो 64.32, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2389, 18 से 19 वर्ष के 13069 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3688 मतदाता और 183 सर्विस मतदाता हैं। भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाता, 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 922, इपी रेशो 67.58, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2754, 18 से 19 वर्ष के 10796 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2945 मतदाता और 109 सर्विस मतदाता हैं। सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 922, इपी रेशो 64.30, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2203, 18 से 19 वर्ष के 12551 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3260 मतदाता और 182 सर्विस मतदाता हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैं, जिनमें 117996 पुरूष मतदाता, 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 910, इपी रेशो 63.88, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2013, 18 से 19 वर्ष के 11533 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2735 मतदाता और 71 सर्विस मतदाता हैं।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 5 अक्टूबर को रहेंगे शहडोल जिले के प्रवास पर

## शहडोल–नागपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे मुख्यमंत्री

शहडोल 04 अक्टूबर 2023- प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 5 अक्टूबर 2023 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहडोल प्रवास के दौरान शहडोल-नागपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को प्रातः 8:40 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 9:15 बजे डूमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेगे। मुख्यमंत्री डूमना एयरपोर्ट से प्रातः 9:20 बजे प्रस्थान कर प्रातः 9:55 बजे शहडोल हैलीपेड पहुंचेगे तथा शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर, मुख्यमंत्री प्रातः 10:55 बजे शहडोल हैलीपेड से सतना के लिए रवाना होंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने खरबई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरबई में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने यहां 143 लाख रू की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन खरबई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि पहले खरबई और आसपास के गॉव के ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी रायसेन या भोपाल जाना पड़ता था। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अनेक प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच होगी और दवाईयां भी निःशुल्क मिलेगी। अब ग्रामीणों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया। हम स्वस्थ्य रहेंगे तो सभी कार्य अच्छे से होंगे, जीवन में खुशी और आनंद बना रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री का दायित्व मिलने के बाद उन्होंने गॉव-गॉव में स्वास्थ्य केन्द्र खोले हैं। जिनमें ग्रामीणों को त्वरित और बेहतर उपचार मिल रहा है। गॉव में ही स्वास्थ्य केन्द्र होने से बीमारी के शरूआती लक्षण दिखने पर ही जांच हो जाती है और उपचार भी प्रारंभ हो जाता है। पहले परिवार में एक बड़ी राशि इलाज में खर्च होती थी। अब गॉवों में ही निःशुल्क उपचार मिल रहा है। सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल में भी बड़े-बड़े निजी अस्पतालों से अच्छे स्वास्थ्य उपकरण और सुविधाएं हैं। इसके बाद भी अगर किसी को निजी अस्पताल में इलाज करवाना जरूरी हो तो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक साल में पांच लाख रू तक का इलाज निजी अस्पताल में निःशुल्क कराने की सुविधा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने लाड़ली बहनों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बुरहानपुर से प्रदेश की एक करोड़ 31 लाख बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 1597 करोड़ रू की राशि अंतरित की है। रायसेन जिले की भी 02 लाख 53 हजार 679 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 30 करोड़ 94 लाख 68 हजार 550 रू की राशि अंतरित हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, लाड़ली बहना आवास योजना, किसान कल्याण योजना सहित अनेक योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शुभम विहार के लोगो ने विधायक के घर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई....मोहल्ले वालो ने भाजपा नेता पर सड़क पर कब्जा करके जमीन घेरने का गंभीर आरोप लगाया..

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर। उसलापुर शुभम विहार में रहने वाले लोगो ने विधायक शैलेश पांडेय के घर पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी....शुभम विहार में रहने वाले सैकड़ो लोगो ने एक साथ फरियाद की....आक्रोशित महिलाओ ने विधायक से कहा की भाजपा नेता ने सरकारी जमीन पर कब्जा करके सड़क को घेर लिया है...जिसके कारण आना जाना मुश्किल हो चुका है..जबकि क्षेत्र के नागरिकों ने मामले की शिकायत कलेक्टर नगर निगम आयुक्त व महापौर से की है...जब सुनवाई नहीं हुई तो मोहल्ले वालो ने विधायक शैलेश पांडेय से मुलाकात की...जिन्होंने आपबीती बताई तो विधायक से रहा नहीं गया बल्कि उन्होंने तुरंत एसडीएम और तहसीलदार को कड़ी फटकार लगा दी....विधायक ने साफ कहा की बेजाकब्जा को खाली किया जाए...और पीड़ितों की मदद की जाए..जो पिछले 10 साल से परेशान है... वही शिकायत करने वालो ने मीडिया से कहा की लोग परेशान है लेकिन फरियाद को सुनने वाला कोई नहीं था.. विधायक निवास पहुंचे नागरिको ने कहा है जल्द ही मार्ग से मलबा नहीं हटाया गया और सड़क के काम में बाधा डाला गया तो उसलापुर रोड में चक्का जाम किया जाएगा..दरसल उसलापुर स्टेशन के निकट लकड़ी टाल में पीछे रेलवे विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र के पीछे सीसी निर्माण किया गया है...सड़क का निर्माण नगर निगम द्वारा 8 लाख 24 हजार रुपए की लागत से किया गया था...इसमें सड़क भी आधी बन पाई है..यही पर बेजा कब्जा करने वाले भाजपा नेता ने अपने रसूख के चलते कब्जा किया और गुंडागर्दी की...सुनिए आखिर मोहल्ले वालो ने क्या कहा.... वही मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तुरंत ही एसडीएम और तहसीलदार समेत पटवारी की क्लास ली और सीधे निर्देश दिया की जल्द से जल्द बेजाकब्जा हटना चाहिए...ताकि आने जाने वालो को रास्ता मिल सके और किसी के लिए सड़क मार्ग बंद न हो...

यह लोग बीते साल से परेशान है जो भाजपा शासन और कांग्रेस शासन में फरियाद लगा चूके है...लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं था...यही कारण था की इनको बार बार भटकना पड़ा....फिलहाल इसे संज्ञान में लेकर विधायक ने जल्द कार्रवाई करने और सड़क को खाली करवाने का आश्वासन दिया है...लेकिन अब देखना होगा कि आखिर होता क्या है

# रानी दुर्गावती की जयंती के पूर्व गढ़ी में विशाल आदिवासी सम्मलेन का आयोजन

## भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम हुए सम्मिलित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा।( 05 अक्टूबर )मुगलो से लोहा लेकर उनके छक्के छुड़ाने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती आज पूरे जिले में धूमधाम से मनाई जाएगी जिसकी रुपरेखा एक दिन पहले यानी बुधवार को बैहर विधानसभा के गढ़ी में कार्यकर्त्ता सम्मलेन आयोजित कर किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि बैहर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम थे जिन्होने रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आदिवासी समाज को सम्बोधित किया। इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा छत्तीसगढ़ राज्य, लखन सिंह मेरावी जी (आदिवासी विकास परिषद तहसील बिरसा के अध्यक्ष) संतराम मेरावी (गोंडवाना सर्किल कमेटी, दमोह के अध्यक्ष) श्रीमती अनुपमा नेताम (भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य बालाघाट) मानसिंह मेरावी नगरपालिका अध्यक्ष मलाजखंड नगर पालिका क्षेत्र, गौतरिहा मरावी सर्किल कमिटी झामुल, बुधसिंह धुर्वे, आदिवासी नेता गढ़ी, श्रीमती अमरोतीन धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता गढ़ी, सोनाली कुशराम जी, ओम प्रकाश मेरावी जी, सोनसिंह धुर्वे, केशर सिंह ताराम, दशरथ मरकाम, कविता धुर्वे जी, करन सिंह धुर्वे जी, अनुराधा कुशराम जी, विष्णु मरकाम जी, श्रवण अलवरे जी, दीपक पांडे जी, टेकलाल धानेश्वर जी, लक्ष्मीकांत जी, जेठूलाल यादव जी, धानुलाल यादव जी, अजय रजक, श्रीमती जगोतिन जी, युवराज कातिहोर जी, उमाशंकर सोनी जी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता में सहभागिता निभाने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर कियक सम्मानित

उमरिया- स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित हुए स्वछता अभियान कार्यक्रम में युवा टीम उमरिया के द्वारा सराहनीय भूमिका प्रदान की गई। जिसके तहत नगर पालिका परिषद पाली के द्वारा 2 अक्टूबर को स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन अससीईएल भवन पाली में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश पटेल, पार्षद भरत प्रजापति, पार्षद घनश्याम कुशवाहा, प्रमिला जगवानी सविता सिंह, अंजू, पटेल ओमकार विश्वकर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक अरविंद शाह बरकड़े एसबीएम नोडल विपिन विश्वकर्मा एवं अन्य सभी अधिकारियों की उपस्थिति में युवा टीम उमरिया के सदस्यों को एवं स्वच्छता मित्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह,अंकित गौतम,राहुल सिंह,शिखा बर्मन, स्वाति त्रिपाठी, जिया सिंह,साहिल पटेल,सुनील प्रजापति, संतोष मेहतेल , एवं सभी उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री ने मेडिकल व लॉ कॉलेज का किया भूमिपूजन, धार, मुरैना, भिण्ड और मंडला का किया वर्चुअल शिलान्यास

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 05 अक्टूबर )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को तय समय पर बालाघाट पहुंचे जहाँ उन्होंने जिले में लॉ एवं मेडिकल कालेज का भूमिपूजन कर जिले वासियों को सौगात दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाईयों और बहनों मैंने जो वादा किया था आज उसे पूरा करने आया हूं। बालाघाट, धार, मुरैना, भिण्ड और मंडला जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा।प्रदेश के युवा इन मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा की पढ़ाई कर सकेंगे। बालाघाट में भव्य मेडिकल कॉलेज भवन का भी निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में बालाघाट, धार, मुरैना, भिण्ड और मंडला जिले में मेडिकल कॉलेज और बालाघाट में लॉ कालेज के वर्चुअल भूमिपूजन एवं अन्य विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित तथा कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन, आयुष (स्वतंत्र प्रभार) जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर कावरे, खनिज निगम अध्यक्ष विधायक प्रदीप जयसवाल, पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, जिला भाजपा अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, जिला भाजपा महामंत्री मौसम हरिनखेड़े, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉएस रणदा, अपर कलेक्टर ओपी सनोडिया सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्राम लेंडेझरी का नाम बदलकर तुलसीधाम और ग्राम घुबड़गुंदी का नाम बदलकर आनंदपुरम कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसंख्या के आधार पर लालबर्रा तुलसीधाम और भरवेली को नगर परिषद बनाने और बालाघाट में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनका मकसद है। जनता की सेवा और विकास कार्यो में पैसो की कमी नही होने दी जायेगी। प्रदेश में आवागमन के लिये सड़को का जाल बिछाया गया है। प्रदेश में अब तक 05 लाख कि.मी से ज्यादा सड़के हमारी सरकार ने बना दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों के खेतों के लिये सिंचाई क्षमता विकसित की गई है। किसानों की एक-एक इंच जमीन को सिंचित किया जायेगा। हमने प्रदेश की सिंचाई क्षमता को 45 लाख हेक्टेयर तक ले गये। अब जो प्रोजेक्ट स्वीकृत किये गये है इससे सिंचाई क्षमता बढ़कर 75 लाख हेक्टेयर तक हो जायेगी। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में धान की फसल का जमकर उत्पादन होता है। बालाघाट की प्रमुख फसल चिन्नौर धान को जीआई टैग मिला है। उन्होंने कहा कि हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में उच्चतम अंक लाने वाले बेटा और बेटियों को स्कूटी प्रदान किया जा रहा है। इससे छात्र छात्राओं की पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अब 60 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जायेगा।

# निर्माण कार्य का राह ताक कटनी उमरिया NH 43 सड़क निर्माण कार्य

## करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित मार्ग चढ़ गया भ्रष्टाचार की भेंट

बिरसिंहपुर पाली----- मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी सड़कों के गुणगान के कसीदे गढते नहीं थकते ,लेकिन प्रदेश में एक जिला ऐसा भी है जहां पर इन मुखियाओं का या तो ध्यान नहीं जाता या कि उनके सुनहरे सपनों को साकार नहीं होने दिया जा रहा । सड़कों की हालात और घटिया पन को लेकर लोग यह कहने से नहीं चूकते कि भष्टाचारियो के सामने किसी की भी दाल नहीं गलने वाली । विदित होवे कि उमरिया जिले में उमरिया से शहडोल के मध्य निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 एक ऐसा मार्ग है जिसके पूर्णता का सपना अधूरा ही है । पिछले 08वर्षो से निमार्णाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग आज भी अधूरी तो है ही जो सड़क बनाई गई है उसकी गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं । यह सवाल निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग से ही निकल कर उमरिया जिला प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहा है । इस सड़क निर्माण में निर्धारित मापदण्डो का पालन नहीं होने से सड़क की हालत निर्माण अवधि में ही जगह जगह आयी दरारें और जर्जर होते देखा जा रहा है । कई जगहों पर राष्ट्रीय राज मार्ग बैठ गयी है । यद्यपि यह सड़क कटनी से झारखंड को जोड़ने के लिए बनायी गयी है , लेकिन सर्वाधिक खराब स्थिति उमरिया से शहडोल के बीच देखीं जा सकतीं हैं । इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग का काम पाली बाईपास में क्रांकीट सड़क निर्माण कार्य जारी है । इस मार्ग में लगने वाली क्रांकीट सामग्री करकेली में निर्मित प्लांट से डम्फरो के माध्यम से ढुलाई कर लगभग 25 किलोमीटर दूर से लायी जाती है , इस आवागमन के मार्ग में पठारी रेलवे फाटक पड़ता है , जहां पर कई बार क्रांकीट लोड डम्फरो को आधा घंटा तक रूकना पड जाता है । क्रांकीट सामग्री का प्राकृतिक गुण यह है कि यह सामग्री एक स्थल पर 20 मिनट से अधिक समय तक रखी रह जायेगी तो वह जम जाती है और इसके उपयोग करने से वह दरारो का रूप ले लेती है इसीलिए नियमानुसार इस क्रांकीट सामग्री को टी एम के माध्यम से प्लांट से कार्यस्थल तक ले जाने के प्रावधान है, लेकिन राष्ट्रीय राज मार्ग पर कार्यरत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने में माहिर अधिकारियों ने करोड़ों रूपए की लागत से बनने वाली इस मार्ग में क्रांकीट सामग्री को डम्फरो से ढुलाई कार्य करने की इजाजत दे दी गयी , जबकि कार्य स्थल का जायजा लेने पर पता चलता है कि कार्यस्थल से प्लांट की दूरी भले ही तकरीबन 25 किलोमीटर हो पर डम्फरो से जिस तरह पोकलेन मशीन से खोद -खोद कर निकाला जाता है , जिससे साफ जाहिर होता है कि निश्चित रूप से क्रंकीट सामग्री जम जाती है। और ऐसे स्थित में जहां भी यह कांक्रीट से सड़क निर्माण कार्य किया जायेगा वह सड़को में दरारें , टूट फूट होना आश्चर्य का बिषय नहीं है , यह स्वाभाविक है । आखिर कार जानकारों को यह खबर हैरान करती है कि करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित मार्ग पर जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखे बंद कर क्यों बैठे हुए हैं ।

**छात्राएं जान जोखिम में डालकर तय करती है विद्यालय का रास्ता**

वहीं पाली कन्या विद्यालय की छात्राओं ने आप बीती बयां करते हुए की विद्यालय जातें समय बरसात के समय तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन कपड़ों में कीचड़ पड़ने के कारण स्कूल प्रभावित हुए इन दिनों धुल डेस्ट एवं भारी वाहनों के निकलते समय गिट्टियो से चोटिल हो रहें।

**कांग्रेस नेता बिंदे सिंह ने लगाया सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप**

कांग्रेस नेता बिंदर सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्य बीते लगभग 5 8 वर्षो से प्रारंभ हुआ तब से लेकर आज तक निर्माण न पुरा हुआ और न ही गुणवत्ता में ध्यान दिया ज रहा है सड़क की चिखती चिल्लाती तस्वीरें खुद बयां कर रही है बताया जा रहा है कि जब भी किसी केन्द्र या राज्य के बड़े नेताओं का दौरा होता है तो आनन-फानन में मलहम पट्टी लगा दिया जाता है केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से उम्मीद एवं आशा करते हैं की लापरवाह कम्पनी ठेकेदार एवं सड़क विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई करने का काम करेंगे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग जिसके निर्माण में दशकों इंतजार करने के बाद बनाई जा रही है फिर इन तकनीकी बिन्दुओं के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों ने जायजा लेना उचित नहीं समझा । इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग जिस सुदृढता के मापदण्डो के अनुरूप राशि व्यय हो रही हैं उन मापदण्डो के नाम पर शासकीय राशि व्यय हो रहा है जबकि गुणवत्ता की अनदेखी निर्माण एजेंसी और अधिकारियों की भष्टाचार की जुगलबंदी से सड़कें भी भष्टाचार की बलि चढ़ती नजर आ रही है । क्यों कि एक तरफ से सड़कें बनती जा रही है तो वहीं सडके दुसरे सिरे से बिगड़तीं जा रही है, जगह-जगह राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलमल की चादर पर टाट की पैंबद तो सभी की आंखों में खटकती है । इन सबके बावजूद उच्च प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो यह मार्ग कभी भी मुसीबत से उबर नहीं पायेंगी ।

# भाजपा नेता अनिल कुमार गुप्ता के प्रयासों से जैतहरी,चंदिया में कई ट्रेनों के स्टापेज स्वीकृत

अनूपपुर (ब्यूरो)भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विन्ध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के सतत प्रयासों से जैतहरी एवं चंदिया रोड रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के निर्देश पर रेल बोर्ड ने जैतहरी रेलवे स्टेशन में दुर्ग-अंबिकापुर ट्रेन नम्बर 18241-18242, रीवा-बिलासपुर ट्रेन नम्बर 18247-18248,बिलासपुर-चिरमिरी ट्रेन नम्बर 18257-18258 तथा चंदिया रोड में बिलासपुर-भोपाल ट्रेन नम्बर 18235-18236,रीवा-बिलासपुर ट्रेन नम्बर 18247-18248, रीवा-चिरमिरी ट्रेन नम्बर 11751-11752 ट्रेनो के ठहराव की स्वीकृति रेल मंत्रालय ने प्रदान कर दिया है। भाजपा नेता अनिल कुमार गुप्ता ने शहडोल संभाग के रेल समस्याओं के लिए रेल सुविधा वृद्धि,विभिन्न स्टेशन के ठहराव हेतु निरन्तर पहल व प्रयास से संभाग को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।भाजपा नेता श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।जिन्होंने उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए स्टॉपेज घोषित किए।

# अयोध्या और आसपास जिला के कुम्हारों को समृद्धशाली करने का माध्यम बनेगा दीपोत्सव

## दीपक खरीदने में प्रथम प्राथमिकता आसपास के कुम्हारों को दी जाएगी

**समाज जागरण अयोध्या।**

दीपोत्सव अयोध्या के कुम्हार परिवारों को समृद्धशाली करने का माध्यम बनेगा। इस बार राम की पहली व चौधरी चरण सिंह के 50 घाटों पर दीपक जलने की तैयारी है। 21 लाख दीपक प्रज्वलित करने के लक्ष्य के सापेक्ष 24 लाख दीपक बिछाए जाएंगे। इन दीपक की खरीदारी करने में अयोध्या जनपद के कुम्हार को प्राथमिकता दी जाएगी। उपलब्धता के आधार पर अयोध्या के अगल-बगल के जिलों के कुम्हारों से भी खरीद की जाएगी।

विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर विजेंदर चतुर्वेदी ने बताया कि पिछले 1575000 दिए प्रज्वलित किए गए थे इसको लेकर करीब 17 18 लाख दिए राम की पैड़ी के विभिन्न घाटों पर बिछाए गए थे इस बार राम की पहली और चौधरी चरण सिंह घाट पर 21 लाख दिए प्रचलित करने के लक्ष्य को लेकर 24 लाख

दिए बिछाए जाएंगे। 24 लाख दिए की अयोध्या के स्थानीय कुम्हार के साथ अगल-बगल के जनपदों के कुम्हार से खरीद की जाएगी। अयोध्या जिले के लिए या रोजगार सीजन का माध्यम बनेगा। दीपावली से पहले छोटी दीपावली पर इन कुम्हार के घर में लक्ष्मी आएगी। राम की पहली व चौधरी चरण सिंह घाट पर पांच स्टोर बनाए गए हैं। 30 अक्टूबर तक इन स्टरों पर 24 लाख दीपक समेत अन्य सामग्री तेलवाती मोमबत्ती आदि रख लिया जाएगा। इस बार वालंटियर को एक-एक लीटर बोतल तेल दिया जाएगा एक बोतल में 25 से 30 दिए जल सकेंगे इस प्रकार 80 से 1 लाख लीटर सरसों का तेल इसमें लगेगा। इन सभी सामग्रियों को खरीदने के लिए टेंडर किया जाएगा।

# रममंदिर के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले हुतात्माओं की आत्मा शांति के शुरू हुआ नवान्नह परायण

## वाल्मीकि रामायण व रामचरितमानस का हो रहा है पाठ

**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या। श्री रामजन्मभूमि मंदिर की रक्षा व पुनः प्राप्ति के लिए बलिदानों कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए वाल्मीकि रामायण व रामचरितमानस का नवान्नह पारायण प्रारम्भ हुआ। मंदिर परिसर के आसपास नौ दिन चलने वाले इस आयोजन से परिवेश श्रद्धा की रश्मि से प्रकाशित नजर आया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ट्रस्ट द्वारा कारसेवकों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस आयोजन को किया जा रहा है। विहिप की शौर्ययात्रा भी निकल रही है। शौर्य यात्रा के दौरान विश्राम स्थलों पर राममंदिर आन्दोलन से जुड़ी गाथाएं तथा कारसेवकों की कहानियां लोगो को बताई जा रही है। विश्राम स्थल पर होने वाली छोटी सभाओं के लिए वक्ताओं को जिम्मेदारियां भी दी गयी

है।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि हुतात्माओं की आत्मशांति के लिए 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक वाल्मीकि रामायण का पाठ रामनिवास मंदिर व रामचरितमानस का पाठ रामजन्मभूमि दर्शन मार्ग पर किया जा रहा है। मंगलवार को इस-ाकी शुरूआत हुई। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि वाल्मीकि रामायण व रामचरितमानस का यह नवान्नह पारायण है। जो नौ दिन तक चलता है। इसमें 9 विद्वान वाल्मिकी रामायण का पाठ कर रहे है। वहीं करीब 51 विद्वानों के द्वारा रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है।

# अयोध्या में बस और ट्रक की भिड़ंत में 2 की मौत हादसे में 9 घायल

**समाज जागरण अयोध्या।**

अयोध्या से बड़ी खबर आ रही है। जहां बुधवार को तेज रफ्तार बस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 9 लोग घायल हो गए। वहीं घटना के बाद NH-27 पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने जाम को खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना कोतवाली नगर के नाका ओवर ब्रिज के पास का है।

पुलिस के मुताबिक, बस हरियाणा गुरुग्राम से बिहार के मधुबनी जा रही थी। तभी नाका के पास बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक और घायल बिहार के मधुबनी के रहने वाले है। घायलों को घायलों को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान मोहम्मद ईसयेल नदाफ और रोहित कुमार के रूप में की है। जबकि घायलों की पहचान रामभजन (30) संतोष (25) गगन कुमार (24) देवनारायण शाहू (49) बच्चा माधव (2.5) धीरेंद्र पासवान (30) प्रियंका शर्मा (23) के रूप में हुई है। जबकि घायल इंद्रजीत और मुकुंद कुमार को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

# कुंए में उतरने से दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**

सोनभद्र रायपुर थाना क्षेत्र के बिजवार गांव में बुधवार की सुबह कुएं में जहरीली गैस निकलने से दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों की मौत हो गई। वह मोनोब्लॉक निकालने एक एक कर कुएं में उतरे थे। करीब तीन घण्टे तक तीनों अंदर ही फंसे रहे। घटना से गांव में कोहराम मच गया। मौके पर रायपुर पुलिस सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए थे।बिजवार गांव निवासी दीपक गुप्ता (35) गांव के घर के पास संकरा और गहरा कुआं है। इसी में मोनोब्लॉक मोटरसाइकिल लगा हुआ था। सुबह करीब छह बजे दीपक का पड़ोसी बलवंत (40) मोनोब्लॉक निकालने के लिए कुएं में उतरा था। वह करीब 20 फीट अंदर गया था, तभी उसका दम घुटने लगा। मदद की गुहार सुनकर दीपक का भाई सूर्य प्रकाश (31) भी कुएं में उतर गया। अंदर जाने के बाद वह भी जहरीली गैस की जद में आकर बेहोश हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही दीपक भी कुंए में उतरा, लेकिन वह भी अंदर फंस गया। परिजनों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। कटिया डालकर कुएं में तीनों की तलाश शुरू की। करीब तीन घण्टे की मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला गया।

आननफानन ग्रामीण उन्हें वैनी सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तत्काल एम्बुलेन्स उपलब्ध न होने पर पुलिस अपनी गाड़ी से तीनों युवकों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पटवध मोड़ के पास रॉबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग पर जाम लगा दिया। उनका आरोप था कि सूचना देने के बाद पुलिस काफी देर से पहुंची। सीएचसी पर भी पर्याप्त संसाधन न होने से तीनों को प्राथमिक उपचार समय पर नहीं मिल सका।

# रामपथ पर बन रहे डिवाइडर व फुटपाथ का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण अयोध्या।**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने निमार्णाधीन राम पथ, भक्ति पथ एवं उक्त पथों के किनारे आकर्षकता एकरूपकता हेतु कराये जा रहे फसाड डिजाइनिंग के कार्यो का पीडब्लूडी के सम्बंधित अधिशाषी अभियन्ता के साथ निरीक्षण किया। रामपथ में कलेक्ट्रेट से लेकर श्रृंगारहाट तक विभिन्न जगहों पर हो रहे निर्माण कार्यो को देखा। सम्बंधित अधिकारियों को फुटपाथ व मीडियन सहित अन्य कार्यो को बेहतर वर्कमैनशिप के साथ करने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वयं जगह-जगह रुक कर रामपथ की मीडियन को देखा। जहां टेढ़ी मेढ़ी पायी गयी उसे तोड़कर पुनः एक सीध रेखा में करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने रामपथ पर विभिन्न चौनेजों में विभाजित कर कराये जा रहे फसाड डिजाइनिंग के कार्य का भी निरीक्षण

किया। राम पथ के किनारे निमार्णाधीन मल्टीलेबल पार्किंग टेढ़ीबाजार पश्चिमी के सरफेस में कराये जा रहे आरसीसी के ढलाई के कार्यो को देखकर बेहतर ढंग से सजावटी पैटर्न का अनुपालन करते हुये ग्रूव काटने के निर्देश दिये।

उन्होंने निमार्णाधीन भक्ति पथ का श्रृंगार हाट से लेकर जन्मभूमि तक पैदल चलकर देखा। तथा शेष बचे कार्यो को तीव्र गति से पूरा करने व फुटपाथ का भी निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिये। उन्होंने भक्ति पथ के किनारे स्थित दुकानों में कराये जा रहे फसाड डिजाइनिंग के कार्यो का अवलोकन करते हुये सम्बंधित अधिकारियों को पथ के किनारे स्थित दुकानों में वॉर्म लाइट लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कर्मियों को उपखंड अधिकारी ने किया सम्मानित

**समाज जागरण अयोध्या।**

मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र के मीटर रीडरों को उपखंड अधिकारी कुमारगजं संतोष कुमार ने अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत किया।

एसडीओ ने मीटर रीडिंग में पहला स्थान प्राप्त करने वाले पारसनाथ, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पवन कुमार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शक्ति भवन सिंह को पुरस्कृत किया। उपखंड अधिकारी ने कहा कि जो भी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनको समय-समय पर पुरस्कृत किया जाएगा। सभी कर्मचारियों को अपने कार्यों का निर्वाह शत प्रतिशत अच्छा करना चाहिए। हर विभाग में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को हर व्यक्ति सम्मान देते हैं जो व्यक्ति अपने कार्यों को अच्छी तरीके से करता है, तो उसको विभाग के ही नहीं समाज के लोग भी सम्मान देते हैं। इस मौके पर अवर अभियंता बाल नाथपाल समेत विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बडौदा यूपी बैंक की शाखाओं पर लटकते रहे ताले

## नौ यूनियनों के संयुक्त मोर्चा के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

चन्दौली डीडीयू नगर। बडौदा यूपी बैंक की सभी नौ यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा चंदौली क्षेत्र की सभी शाखाओं के कर्मचारी को हड़ताल पर रहे। बैंक की सभी शाखों में कामकाज ठप रहा। इससे करोड़ों रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ।

बैंक कर्मियों के संयुक्त फोरम द्वारा आहूत हड़ताल पूरी तरह से सफल रही। जिले की सभी 47 शाखाओं पर ताले लटकते रहे। बैंक पहुंचे खाता धारकों को वापस लौटना पड़ा। बैंक कर्मियों द्वारा प्रवर्तक बैंक से नियुक्त प्रबंधन की दमनकारी नीतियों, कार्मिकों के शोषण, शाखों को बंद करने के प्रयास तथा नई भर्तियां न करने के विरोध में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्रीय कार्यालय ।कर्मचारियों से आवाहन किया गया

अलीनगर पर एकत्र हुए और प्रबंधन के विरोध में नारे लगाए। संगठन के पदाधिकारियों सुधीर कुमार, दीपक पांडे, अविनाश चंद्र, समीर सिंह आदि ने कार्मिकों को संबोधित किया कि यदि अभी भी प्रबंधन द्वारा दमनकारी कार्य प्रणाली बंद नहीं की गई। कुप्रबंधन करते हुए शाखाओं को बंद करने का प्रयास किया गया तब संघर्ष चलता रहेगा। इसके पश्चात संगठन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन करने वालों में सभी शाखाओं के कर्मचारी शामिल रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने निकाला जुलूस

## कर्मचारियों का एनपीएस वेतन पीएफ उनके खाते में भेज दिया गया – ईओ

**समाज जागरण**

चन्दौली डीडीयू नगर। स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में स्थायी कर्मचारी,संविदा कर्मचारी,आउटसोर्सिंग ठठेकेदारी प्रथाकर्मचारियों की सयुक्त अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये। हड़ताली कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने से विशाल जुलूस निकाला। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सड़क पर लगे टेंट को हटवा दिया।

### नगर पालिका कर्मियों का आरोप है कि

स्थायी कर्मचारी,संविदा कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनके सामने विकट स्थिति पैदा हो गई है। कर्मचारी पालिका कार्यालय जाकर वेतन की मांग करते रहे। वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने को एक जुलूस निकालकर नगर भ्रमण किया अंत में पलका कार्यालय के सामने टेंट लगाकर हड़ताल पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सडक पर लगे टेंट को

हटवा दिया। जबकि पलका प्रशासन में 2 दिन पूर्व ही सूचना दिया था कि बेवजह पालिका पर धरना प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी बावजूद कर्मचारी वेतन की मांग को एक जुलूस निकालकर धरना पर बैठ गए।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मांग है कि माह मार्च 2023 से माह सितंबर 2023 तक का बकाया मानदेय का संपूर्ण भुगतान,पीएफ व ईएसआई कटौती के संपूर्ण धनराशि को पीएफ, एनपीएस अकाउंट में संपूर्ण भुगतानकिया जाय।स्थायी कर्मचारियों का कहना है कि माह जुलाई अगस्त सितंबर 2023 का बकाया वेतन का संपूर्ण भुगतान किया जाय।वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 2 वर्षों का बकाया बोनस का संपूर्ण भुगतान व महंगाई भत्ता एरिया दिया जाय। घटना की जानकारी होते ही मुगलसराय एसडीएम अविनाश कुमार मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाया। धरनारत कर्मचारी अपने भुगतान पर अड़े रहे। इस बाबत नगर पालिका परिषद के ईओ कृष्ण चन्द ने बताया कि कर्मचारियों का वेतन एनपीएस पीएफ उनके खाते में भेज दिया गया है। कहा कि सरकारी कामकाज में बाधा डालने वालों के खिलाफ होली करवाई की जा रही है।

# एनडीआरएफ वाराणसी ने किया "फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0" का आयोजन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के दिशा निदेर्शानुसार मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी के बचाव कर्मियों द्वारा ह्फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0" का आयोजन ह्स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत" थीम के साथ किया गया। "फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0" एनडीआरएफ परिसर, मकबूल आलम मार्ग, चौकाघाट से पुलिस लाईन चौराहा तक किया गया। प्रेम कुमार पासवान, उप कमांडेंट के नेतृत्व में अधिकारियों व जवानों ने 03 किलोमीटर के इस फ्रीडम रन में उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने बताया कि "फिट इंडिया मूवमेंटह्व एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को अपने रोजमर्रा के जीवन में खेल और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के लिए स्वस्थ मानव संसाधन का निर्माण ही एकमात्र रास्ता है। स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के निर्माण से ही यह संभव है। एनडीआरएफ बचवाकर्मियों द्वारा आगे भी इस प्रकार का कार्यक्रम जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी सड़क दुर्घटना पर जताया गहरा दुःख, अधिकारियों को दिए निर्देश

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री ने दुःख जताया है। उन्होंने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से शोक संवेदना सन्देश ट्वीट किया है।

वाराणसी-जौनपुर हाईवे अपर भोर में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 8 सस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल यही जिसका उपचार चल रहा है। इस घटना की सूचना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर कौशल राज शर्मा से बात कर घायल को समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया है।

### घायलों के बेहतर उपचार के लिए किया निर्देशित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑफिस ट्विटर अकॉउन्ट से किये गए ट्वीट में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री @myyogiadityanath जी महाराज ने जनपद वाराणसी में

सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है.महराज जी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को समुचित उपचार के लिए निर्देशित किया है। महाराज जी ने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घयों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा !

करखियांव के पास हुए इस सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज चल रहा है। कार की हालत देखकर कहा जा सकता है कि कार बहुत तेज रफ्तार में थी क्योंकि उसके परखचे उड़ गए हैं। सभी शवों को मुश्किल से पुलिस ने कार से बाहर निकाला और मोर्चरी भेजवाया है। सभी पीलीभीत के रहने वाले हैं। पुलिस परिजनों से संपर्क साध रही है।

# खराब सड़कों को ठीक करने के लिए डीएम ने अधिकारियों की कसी नकेल

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**
**दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में मंगलवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में ऐतिहासिक दुर्गा पूजनोत्सव मनाए जाने के सम्बंध में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों द्वारा मुख्य मार्गो यथा पॉलिटेक्निक चौराहे से सिटी स्टेशन, पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलनगंज रोड, सिपाह से मानिक चौक, भंडारी रेलवे स्टेशन से रसूलाबाद सहित कुल 11 मुख्य मार्गों पर क्षतिग्रस्त मार्गो को रिकवर करने, गड्ढों को पाटने इत्यादि समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर किसी भी प्रकार का कोई नया प्रोजेक्ट त्योहार समाप्त होने तक शुरू न करे। पुराने प्रोजेक्ट के तहत जहां कहीं भी गड्ढे है उसे पाट दे, सड़के मोटरेबल होनी चाहिए जिससे पूजनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

सभी ईओ को निर्देशित किया कि प्रस्तावित सभी मुख्य मार्गों पर चूना छिड़काव करे, खराब स्ट्रीट लाइट्स को सही कराएं , साफ सफाई, पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था करें। एसीएमओ को निर्देशित किया कि मेडिकल एड, एंबुलेंस की व्यवस्था करें, कंट्रोल रूम का नंबर जारी करे, तथा सीएचसी सेंटरों को अलर्ट मोड

पर रखे तथा एंबुलेंस में मौजूद सभी उपकरण सक्रिय अवस्था में होने चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने विसर्जन घाट पर भी एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर व पूजा पंडाल के आस पास पुलिसकर्मी निरंतर भ्रमणशील रहे, संवेदनशील पूजा स्थलों पर पीएससी फोर्स लगाया जाए, महिलाओं की सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाए।

एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा पंडाल एवं पूजा स्थल पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे तथा लूज कंडक्टर, लटकते तार आदि की भी चेकिंग कराएं।

दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मूर्तियों की लंबाई मानक के अनुसार रखें, बिजली सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले, वॉलिंटियर्स तथा प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स को भी पूजास्थल पर तैनात रखे जिस स्वरुप में विगत कई वर्षों से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है इस वर्ष भी उसी स्वरूप में मनाया जाए इसमें किसी भी प्रकार का कोई विस्तार न किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि नगर पालिका में कंट्रोल रूम बनाया जाए जिससे सभी संबंधित विभागों के अधिकारी जुड़े रहे तथा स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे जिससे किसी अप्रिय दुर्घटना को रोका जा सके। कंट्रोल रूम समय से संचालित करें व्हाट्सएप ग्रुप पर भी सभी अधिकारी जुड़े रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, एसपी सिटी बृजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# तीन लोगों के खाते से धोखाधड़ी के माध्यम से ठगी किये गये 68120 रुपये दिलवाये गये वापस

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**

शिकायतकर्ता उस्मान अली पुत्र बहाब अली,, निवासी ईदगाह के सामने बभनौली, थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र के खाते में कुल- 50,000 रु0, तथा योगेन्द्र पटेल पुत्र गरीब चौधरी निवासी- डाला थाना चोपन सोनभद्र के खाते में कुल 2816 रु0 तथा अभिषेक कुमार पुत्र सूर्यमणि गुप्ता निवासी-हरनाकछार पोस्ट घिवही थाना बभनी सोनभद्र के खाते में कुल 15304 रु0 पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार साइबर सेल की टीम, साइबर सेल प्रभारी राजेश जी चौबे, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार द्वारा आवेदकों के दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़ौदा ग्रामीण बैंक एवं पेटीएम कम्पनी से सम्पर्क कर कुल 68,120 रु0 शिकायतकाताओं के खाते में वापस कराया गया । शिकायतकताओं के रुपये वापस होने पर शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस विभाग की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी

# कच्ची दीवाल गिरने से 5 घायल, हालत सामान्य

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो फूलपुर वाराणसी।**

फूलपुर थाना क्षेत्र के मंगारी गांव में बुधवार को दोपहर में कच्ची दीवाल गिरने से महिला समेत चार लोग घायल हो गए।

बताया जाता है कि मंगारी गांव हरिजन बस्ती निवासी रामधनी का कच्चे घर की दीवाल पड़ोसी रामपति के टिन शेड पर गिर गई। जिससे चलते उसमे बैठी पड़ोसी प्रेमा देवी 50 वर्ष, बहु सुमन 25 वर्ष, पौत्री जयशिखा 5 वर्ष, पुत्र राजकुमार 28 वर्ष, पुत्री अर्जलि 19 वर्ष घायल हो गई। उन्हें आनन फानन में सीएचसी गंगापुर ले गए। जहां उनका इलाज किया गया। अधीक्षक डॉ रविन्द्र बिंद ने बताया कि सबकी हालत ठीक है। घटना की सूचना के मौके पर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय , कानूनगो व लेखपाल भी गांव व अस्पताल पहुच घायलों का हालचाल लिया। वही बीडीसी श्याम कुमार ने पीड़ित के क्षतिग्रस्त हुए घर व गृहस्थी के सामान के लिए एसडीएम से मुआवजे की मांग की।

# समूह ज्ञान प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी

## विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार सिंह

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी- रामनगर नगर के पीएसी तिराहे पर स्थित डीएवी विद्यालय के परिसर में भारत विकास परिषद की ओर से समूह ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार सिंह व निर्णायक मण्डल सुबहे बनारस से जुड़े डॉ प्रीतेश कुमार,डॉ अशोक झा व बीएचयू के असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश कुमार ने दीप प्रज्वल्लन कर किया। कार्यक्रम में आधा दर्जन विद्यालयों ने देशभक्ति से ओत प्रोत समूह गान की शानदार प्रस्तुति की। प्रथम स्थान पर डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने बाजी मारी वही दूसरे स्थान पर बाल विद्यालय डोमरी के छात्राओं की टीम रही। तृतीय स्थान पर टेंगरा मोड पर स्थित दयावती मोदी एकेडमी की छात्राएं रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने अपना फैसला सुनाया। महिला संयोजिका रविकान्ता ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाया। मुन्नालाल कनौजिया ने जजों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र सिंह रहे। इस दौरान अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, सचिव नीरज गुप्ता,आर पी सिंह व ई एम राजेश मौजूद रहे।

# चार शातिर चोर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**

थानाध्यक्ष सिकरारा, दिव्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अपराधी संदिग्ध व्यक्ति/वाहन रात्रिगस्त के दौरान ग्राम रीठी बाजार मे मौजूद थे कि मुखिबर खास की सूचना पर गोदाम चौराहे पर पहुचे कि कुछ देर बाद स्िकरारा बाजार की तरफ से दो मो0सा0 आती हुई दिखाई दी। आती हुई मो0सा0 चालको को टार्च की रोशनी से रोकने का इशारा व

संकेत दिया गया तो पुलिस बल को देखकर पीछे मुड़कर भागना चाहे कि एक बारगी धावा बोलकर हिकमत अमली से दोनो मो0सा0 सवार को पकड़ लिया गया। अभियुक्तो के पास से चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने पर फर्द दाखिला के आधार पर मु0अ0सं0 233/2023 धारा 411,419,420,467,468,471 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त उपरोक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी भी की जा रही है।

# सारनाथ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## कई दिनों से फरार चल रहे चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर**

वाराणसी। थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा वाराणसी कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्र से वाहन चोरी के मुकदमों का सफल अनावरण, चोरी की कुल 15 मोपेड मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त मनीष विश्वकर्मा गिरफ्तार

# अम्बाला में प्रस्तावित एयरपोर्ट का "अम्बा एयरपोर्ट अम्बाला छावनी" रखना प्रस्तावित- अनिल विज

## सिविल एन्कलेव से चेक-इन कर, एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी को लाएंगे प्रयोग में - विज

महेश शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

अम्बाला छावनी, अक्टूबरः हरियाणा के गृह मंत्री ने बताया कि अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के साथ सिविल एन्कलेव बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चेक-इन और चेक-आउट करेंगे। इसके बाद ही उन्हें बस के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन के अंदर विमान तक हवाई पटटी के पास ले जाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि उड़ान भरने के लिए अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। सिविल एन्कलेव को शुरूआत में एडहॉक आधार पर संचालित किया जाएगा। जिसकी पूर्ण रूप से सफलता के बाद इसके संचालन में विस्तार किया जाएगा।

### एयरफोर्स स्टेशन रोड की जाएगी फोरलेन, रक्षा मंत्री से चल रही है बातचीत

गृह मंत्री ने बताया कि अंबाला के कैपिटल चौक से जीटी रोड तक एयरफोर्स स्टेशन रोड को फोरलेन करने पर भी बातचीत चल रही है। इस संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पत्राचार किया जा रहा है। रोड फोरलेन होने से वाहन चालकों को आने-जाने में आसानी होगी। गौरतलब है कि अम्बाला में प्रस्तावित एयरपोर्ट का नाम ह्नअम्बा एयरपोर्ट अम्बाला छावनीह्व रखने का प्रस्ताव है। गृहमंत्री अनिल विज ने इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को यह प्रस्ताव भी भेजा है।

# मधुबन पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों को पढ़ाया अपनी वर्दी के सम्मान का पाठ

विनोद कश्यप,
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चण्डीगढ़ 04 अक्टूबरः हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुलिस कर्मियों को बड़ी राहत दी है। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र कर्मियों को बेसिक पे 20 प्रतिशत का विशेष भत्ता दिया जाएगा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबोधन के दौरान ये घोषणा की।

उन्होंने कहा कि परेड में शामिल हुए 441 सब इंस्पेक्टर में से 61 बेटियां हैं, जो हमारे लक्ष्य से 15 फीसदी के करीब है। पहले हरियाणा पुलिस में 3 फीसदी महिला पुलिसकर्मी थी, जो आज बढ़कर 10 फीसदी हुई। सीएम ने कहा कि एक अकादमी इस पुलिस अकादमी से बाहर समाज की भी है। जहां पुलिस में रोजगार नहीं बल्कि सेवा के उद्देश्य से काम करना होगा।

### मुख्यमंत्री ने दिए सुझाव

मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस विभाग को सुझाव देते हुए कहा कि वर्दी के सम्मान के लिए हमें हमेशा तैयार रहना होगा। इसके साथ ही वर्दी के स्तर बढ़ने के साथ-साथ पुलिस थानों के भी स्टार बढ़ने चाहिए। सीएम ने कहा कि एक से लेकर 7 स्टार तक पुलिस थानों को रेट किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले 1 सितंबर से 25 सितंबर तक ड्रग फ्री साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें 100000 से अधिक साइकिल सवारों ने भाग लिया।

### हर पुलिस लाइन में ई-लाइब्रेरी

सीएम ने कहा कि हर पुलिस लाइन में ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। सरकार की ओर से पुलिस की राशन, डाइट भत्ते में 2.5 गुना की बढ़ोतरी को मंजूरी दी जा चुकी है। उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को साल में अब 10000 रुपए वर्दी भत्ता दिया जा रहा है। कॉन्स्टेबल स्तर के कर्मचारियों का कन्वेंस भत्ता 120 रुपए से बढ़कर 720 रुपए कर दिया गया है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर,सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर का कन्वेंस भत्ता 1000 कर दिया गया है।

### नए सब इंस्पेक्टरों को सीएम ने दी बधाई

दीक्षांत समारोह में आज पास आउट होने वाले सभी पुलिस कर्मियों और उनके परिवार को सीएम ने बधाई दी। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि इससे पहले भी 2020 में 9 जनवरी और 25 जुलाई को भी दीक्षांत समारोह में शामिल हुआ था। 9 जनवरी को 5192 जवान और 25 जुलाई को 400 इंस्पेक्टर पुलिस विभाग में शामिल हो चुके हैं।

# गुरुग्राम पुलिस ने हरियाणवी सिंगर मनोज गुरु को किया गिरफ्तार

## गैंगस्टर काला जठेड़ी के नाम पर देता था धमकी

एस. के. शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

गुरुग्राम, अक्टूबरः हरियाणा में गुड़गांव पुलिस ने मशहूर हरियाणवी सिंगर मनोज गुरु को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि मनोज ने अपने मतलब के लिए मोबाइल फोन पर स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गैंगस्टर काला जठेड़ी का भतीजा कहते हुए बोला था कि वो काला जठेड़ी का भतीजा है।उसने तब डायरेक्टर को धमकाया था।
पुलिस बल ने मामले पूरी तफतीश और सुराग जुटाने के बाद ही मनोज गुरु को गिरफ्तार किया है। म्यूजियम कम्पनी से अपना एग्रीमेंट तोड़ने के लिए मनोज गुरु ने म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर को जान से मारने के लिए धमाकाया था।
पुलिस अधीक्षक ( क्राईम) वरुण दहिया ने कहा कि इस घटना की बाबत जेम ट्यूनिस म्यूजिक कम्पनी के निदेशक ने इस धमकी की शिकायत सैक्टर -37 के थाने में दर्ज कराई थी। अपनी इस शिकायत में निदेशक ने बताया कि 17 सितम्बर को एक आदमी ने उन्हें फोन करके बताया कि वो लारेंस बिश्नोई गैंग का काला जठेड़ी का भतीजा बोल रहा है। मनोज गुरु के

साथ तुम्हारा कोई आर्टिस्ट बांड तय हुआ है अगर वो बॉड तोड़ने की कोशिश भी कि तो तेरी जाना भी तय है।डायरेक्टर की इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।
पुलिस इस शिकायत पर एक्शन में आ गई और उसने सैक्टर 37 में इन्डियन गैस गोदाम के पास से 2 आरोपियों को पकड़ा। इन दोनों की पहचान सोनीपत जिले के गॉव जठेड़ी में रहने वाले दीपक, जिसे कच्चा बोलकर भी बुलाते हैं, को और दूसरा आरोपी जो हिसार के शिवनगर के रहने वाले मनोज उर्फ गुरु के नाम से हुई। पुलिस ने जब उससे पूछताछ शुरू की तो उसने स्वयं को मनोज उर्फ गुरु बताया।
दोनों ही आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मनोज उर्फ गुरु एक हरियाणवी सिंगर है, जिसका जेम ट्यूनिस म्यूजिक कंपनी के साथ एक 5 साल का करारनामा हुआ था। उस करारनामा में जेम ट्यूनिस म्यूजिक कंपनी ने स्पष्ट किया था कि वो साल के दौरान 10- 12 गाने निकालेंगे और गुरु के स्टेज पर भी लाइव कार्यक्रम कराएंगे। लेकिन इस म्यूजिक कंपनी ने इकरार के अनुसार कुछ नहीं किया। जिस कारण मनोज उर्फ गुरु ने अपने दोस्त दीपक उर्फ काला के साथ मिलकर म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर को करारनामा तोड़ने के लिए कहा था। करारनामा नहीं तोड़ने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। मनोज उर्फ गुरु ने बताया कि वो अपना एक कार्यक्रम देने के लिए गैंगस्टर काला जठेड़ी के भाई के जन्मदिन पर गया था। वहाँ पर दीपक उर्फ काच्चा के साथ उसकी दोस्ती हो गई।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि काच्चा उर्फ दीपक के खिलाफ सोनीपत जिले में हत्या, हत्या का प्रयास और शस्त्र अधि नियम के तहत 2 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इन दोनों के मोबाइल फोन भी कब्जे में ले लिये हैं। पुलिस इन दोनों का रिमांड लेने के लिए आज मामला अदालत में पेश कर रही है।

# डीवीजनल फोरेस्ट अधिकारी को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने ठेकेदार से 3 लाख बतौर रिश्वत लेते दबोचा

बिंदेश कुमार पाण्डेय
संवाददाता दैनिक समाज जागरण

चरखी दादरी, अक्टूबरः चरखी दादरी डीएफओ (डिविजन फोरेस्ट अधिकारी) दलीप सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो और मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की संयुक्त टीम ने तीन लाख की रिश्वत लेते पकड़ा है। टीम ने उनके कार्यालय से महज 10 कदम दूर सरकारी आवास से घूस राशि बरामद की।
एंटी करप्शन ब्यूरो डीएसपी सुमित कुमार और मुख्यमंत्री उड़नदस्ता डीएसपी संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि डीएफओ दलीप सिंह ने ठेकेदार संदीप से बकाया राशि का भुगतान करने और उसकी एजेंसी को ब्लैक लिस्ट से हटाने की एवज में तीन लाख रुपये की डिमांड की थी। इसके बाद ठेकेदार संदीप ने इसकी लिखित शिकायत उन्हें सौंपी। डीएसपी सुमित कुमार और संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार को ठेकेदार संदीप कुमार तीन लाख रुपये लेकर वन विभाग कार्यालय पहुंचा। इसके बाद डीएफओ दलीप सिंह उसे अपने सरकारी आवास पर ले गए और वहां उनसे घूस राशि ली। इधर, ठेकेदार से इशारा मिलते ही संयुक्त टीम डीएफओ के सरकारी आवास पर पहुंच गई और वहां से रिश्वत राशि बरामद कर ली।

# संजय सिंह की ग्रिफ़्तारी भारतीय राजनीति का एक और काला अध्याय

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता चण्डीगढ़,04 अक्टूबरः आज भारतीय राजनीति का एक और काला दिन है। भाजपा के नेता किसी भी तरह से अपना विरोध बर्दाश्त नहीं कर पा रहे और एक ही पार्टी जो सही में विपक्ष की भूमिका निभा रही है उसके नेताओं को एक एक करके जेल में डाला जा रहा है। यह बात आम आदमी पार्टी के चण्डीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रेम जी ने आज यहाँ कही। उन्होंने कहा राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह एक बेबाक नेता है जो खुल कर भाजपा की जनता विरोधी नीतियों का विरोध करते हैं। इसलिए इडी द्वारा श्री संजय सिंह जी को गिरफ़्तार किया गया ताकि विपक्ष की आवाज ही बंद कर दी जाए।लेकिन भाजपा को यही तानाशाही रवैया लेकर डूबेगा।

# भाजपा में रहते जेजेपी के साथ मिलकर किसी भी प्रकार का चुनाव नहीं लड़ने के पक्ष में हैं चौधरी बीरेंद्र सिंह

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़,04 अक्टूबरः देश में वर्ष 2024 में लोकसभा चुनावे के अलावा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भी राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस में कई गुट होने का दावा करने वाली बीजेपी के लिए पिछले कुछ समय से पार्टी के ही एक नेता सिरदर्द बनते दिखे रहे हैं। यही नहीं उनके बयानों से बीजेपी और जननायक जनता पार्टी के गठबंधन के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। उनके बयानों से ऐसा लगता है कि वे बीजेपी से नाखुश चल रहे हैं।

**शायद यही वजह है कि वह खुले मंच से बीजेपी और उनकी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते रहते हैं। ये नेता कोई और नहीं, चौधरी बीरेंद्र सिंह हैं।**

बीरेंद्र सिंह ने बीते सोमवार को कहा कि यदि बीजेपी-जजपा गठबंधन जारी रहा तो वह पार्टी छोड़ देंगे। उन्होंने जजपा पर राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि अगर बीजेपी सोचती है कि जजपा अगले साल के चुनाव में गठबंधन के वोट ले सकती है, तो वे गलत हैं। जजपा को अपने वोट भी नहीं मिलने वाले हैं।

उन्होंने कहा, "अगर बीजेपी-जजपा का गठबंधन जारी रहा तो बीरेंद्र सिंह नहीं रहेगा, ये बात साफ है।" उन्होंने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जजपा के एक बड़े नेता ने लोगों को इतना बड़ा धोखा दिया है, जितना हरियाणा के किसी अन्य नेता ने नहीं दिया।

### "बीजेपी को अकेले लड़ना चाहिए चुनाव"

यह पहला मौका नहीं है जब बीरेंद्र सिंह ने बीजेपी के साथ-साथ जजपा से गठबंधन को लेकर भी हमला बोला हो। इसी साल मार्च महीने में वीरेंद्र सिंह ने कहा था, "अगर बीजेपी गठबंधन करने की सोचेगी तो मेरा यह मानना है कि पार्टी खुद को अभी भी उतना सक्षम नहीं समझ रही है। मैं इस बात का पक्षधर हूं कि बीजेपी 10 साल के शासनकाल में हरियाणा में अपनी जड़ों को मजबूत करने में कामयाब हुई है। इसलिए बीजेपी को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए, उसके अच्छे नतीजे आएंगे।

### बीरेंद्र सिंह ने तब कहा कि

बीजेपी को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए, उसके अच्छे नतीजे आएंगे। अगर गठबंधन की बात करेंगे तो लोगों में संशय की भावना आ जाएगी।"

इसके बाद जून महीने में बीरेंद्र सिंह ने कई मुद्दों को लेकर हरियाणा की ही बीजेपी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है।

बेरोजगार युवा अपनी जमीनों के बेचकर विदेश भाग रहे हैं। चाहे उन्हें गलत ढंग से विदेश जाने का मौका मिले, वह चूक नहीं रहे हैं। राज्य में सबसे बड़ी समस्या शिक्षा और स्वास्थ्य की है, जिसको लेकर बहुत ज्यादा काम किए जाने की आवश्यकता है। प्रदेश का युवा लगातार बेरोजगारी का शिकार हो रहा है ।

### नूंह हिंसा पर भी दिया था बड़ा बयान

वहीं अगस्त महीने में नूंह हिंसा पर बीजेपी नेता ने कहा था, "मैं समझता हूं कि ये जो भी घटना घटी है, उसमें कहीं न कहीं कोई न कोई ऐसा कारण है, जिसकी वजह से ये हुई है। ये एकदम की बात नहीं, ये कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में पहले घटना घटने का कार्यक्रम रचा गया। इसके बाद ये ऐसा हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए। हमारे को बैठकर शांति पूर्ण वातावरण में इन चीजों को निखारना चाहिए, समाज के सामने लाना चाहिए ।

बीरेंद्र सिंह ने आगे कहा था,- "हरियाणा की जो अपनी सभ्यता, संस्कृति, विरासत है जो हमारे को प्रेम, सद्भावना के नाम से छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर चलने को मिली है, इसको बनाकर रखना चाहिए।" फिर बीते सितंबर महीने में बीरेंद्र सिंह का एक बयान किसान आंदोलन को लेकर आया था, जिसकी खूब चर्चा हुई थी। बीरेंद्र सिंह ने कहा था, "बीजेपी में मैं अकेला था जो किसान आंदोलन में किसानों के साथ खड़ा रहा । मैं अपनी सोच पर चलता हूं।" यही नहीं बीरेंद्र सिंह पहलवानों के प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे।

### चौधरी बीरेंद्र सिंह की पहचान

चौधरी बीरेंद्र सिंह हरियाणा के एक प्रमुख जाट नेता हैं। उनके पिता नेकी राम भी हरियाणा की राजनीति के बड़े खिलाड़ी रहे थे। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए बीरेंद्र सिंह ने भी राजनीतिक क्षेत्र में कदम बढ़ाए। स्पष्टवादी बीरेंद्र सिंह ने राजनीति के क्षेत्र में जींद, हिसार, नरवाना, कौल, कैथल और आसपास लगते क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हुए। बड़े- बूढ़े ही नहीं बल्कि युवाओं और महिलाओं का भी इनमें विश्वास जमा कि यह नेता इस हल्के के विकास में दिलोजान से काम करने वाला साबित होगा और वैसे ही हुआ। कांग्रेस पार्टी में रहते हुए बीरेंद्र सिंह ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में सुर्खियां बटोरी और धीरे धीरे कदम बढ़ाए।
बीरेंद्र सिंह ने पहली बार 1972 में चुनाव में कदम रखा। इसके बाद वह उचाना ब्लॉक समिति के अध्यक्ष बने। फिर पांच बार 1977, 1982, 1994, 1996 और 2005 में उचाना से विधानसभा का चुनाव भी जीता। वे तीन बार हरियाणा सरकार में मंत्री रहे। वहीं 1984 में हिसार में ओमप्रकाश चौटाला को हराकर पहली बार सांसद बने।

बीरेंद्र सिंह साल 2010 में कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा सदस्य के रूप में भी मनोनीत हुए। वहीं 2014 में बीजेपी का दामन थाम लिया था। कांग्रेस से 42 साल तक जुड़े रहने के बाद बीरेंद्र सिंह 16 अगस्त 2014 में जींद की एक रैली में तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में पार्टी शामिल हुए थे। बीजेपी ने 2016 में उन्हें दोबारा राज्यसभा में भेज दिया था। साथ ही ग्रामीण विकास, पंचायती राज, स्वच्छता और पेयजल विभाग का मंत्री बनाया। इसके बाद वो इस्पात मंत्री भी बने। 2019 में बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने हिसार से जीत हासिल की। उसके बाद बीरेंद्र सिंह ने राज्यसभा से भी इस्तीफा दे दिया।

### जेजेपी का विरोध करने की वजह

**दरअसल, साल 2019 में विधानसभा चुनाव में बीजेपी के बहुमत से दूर रहने के बाद अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी ने समर्थन दिया था।**

जानकारी के अनुसार, राजनीतिक विवाद की वजह उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र भी है। उचाना बीरेंद्र सिंह का गढ़ है। इस सीट को लेकर लंबे समय से चौटाला और बीरेंद्र सिंह के परिवारों के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। दोनों ने इस सीट पर अपने-अपने परिवारों के जीतने का दावा किया था। यहाँ 2009 के विधानसभा चुनाव में आईएनएलडी के ओमप्रकाश चौटाला ने बीरेंद्र सिंह को हरा दिया था. वहीं 2014 में प्रेम लता ने आईएनएलडी के दुष्यंत चौटाला को हराया। इसके बाद 2019 में दुष्यंत चौटाला ने 2014 में हार का बदला लिया और प्रेम लता को हरा दिया।

### बीरेंद्र सिंह पर पहले भी हमला बोल चुकी है जेजे पी

हाल ही में जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला ने बीरेंद्र सिंह पर जुबानी हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि बीरेंद्र सिंह ने उचाना में पांच साल में नौ करोड़ भी खर्च नहीं किए वे एक नॉन सीरियस नेता हैं, जबकि उनके मुकाबले में उचाना में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला चार साल में 960 करोड़ रुपये हल्के के विकास के लिए खर्च कर चुके हैं।

# किसान यूनियन के नेताओं और भाजपा मंडल अध्यक्ष के बीच विवाद ने लिया हाथापाई का रूप

## अभद्रता की नौबत बनी हाथापाई की जड़

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 04अक्टूबरः हरियाणा के जिला सिरसा स्थित ऐलनाबाद में नरमे की तुलाई व रेट को लेकर बुधवार को मिल संचालकों, मार्केट कमेटी के सदस्यों व किसान यूनियन के पदाधिकारी में मीटिंग के चलते गुटबाजी सामने आई और इसके परिणामस्वरूप धड़ों के बीच गर्म माहौल पैदा हो गया।
इसी दौरान बीजेपी के मंडल अध्यक्ष द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग कर मीटिंग को और विवादित कर दिया गया। जिसके चलते किसानों व भाजपा मंडल अध्यक्ष के बीच में हाथापाई हो गई।यूनियन द्वारा आक्रोश जाहिर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाकर प्रदर्शन करने की बात दोहराई गई।

जानकारी के अनुसार किसान यूनियन प्रधान प्रकाश ममेरा, मार्केट कमेटी और मिल संचालकों की विगत दिवस मूसली गांव के किसान की 17 क्विंटल नरमे की तुलाई को लेकर वार्ता जारी थी। जिसको लेकर किसान यूनियन ने आक्रोश जाहिर करते हुए बुधवार को प्रदर्शन कर मामले को सुलझाने की बात रखी थी। जिसको लेकर बैठक चल रही थी।

### मीटिंग को बिना सुने शुरू की विवादित बातें

इसी दौरान जसवीर सिंह चहल ने आकर आकर मीटिंग की बात को बिना सुने ही अन्य प्रकार की विवादित बातें करनी शुरू कर दीं। जिस पर किसान नेता ने उन्हें मुद्दे से हटकर अन्य बात न करने को कहा। जिस पर आक्रोशित होते हुए जसवीर सिंह चहल फिजूल की बातें करते हुए अभद्र भाषा पर आतुर हो गए। इसी अभद्र भाषा को लेकर किसानों व जसवीर सिंह चहल में हाथापाई शुरू हो गई।
वहीं, प्रधान प्रकाश ममेरा ने बताया कि जसवीर सिंह चहल द्वारा की गई अभद्र भाषा का किसान यूनियन कड़े शब्दों में निदा करती है। उन्होंने कहा कि जहाँ किसानों की बात की जानी थी, वहीं मुद्दे से हटकर बात करना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि जसवीर सिंह चहल हमेशा विवादों में रहा है।

### चहल के एक-एक शब्द का हिसाब लेंगे किसान-मजदूर

वही, जसवीर सिंह चहल द्वारा करीब 30 वर्षों से किसानों की लड़ाई लड़ रहे प्रकाश ममेरा को गाली गलौज करने पर संयुक्त किसान मोर्चा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। जसवीर सिंह चहल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। चहल द्वारा कहे गए एक-एक शब्द का हिसाब किसान व मजदूर लेकर रहेगा। इसके लिए चाहे बड़ा आंदोलन क्यों न करना पड़े।

# वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत सतलुज यमुना सम्पर्क नहर के निर्माण का मुद्दा फिर उछाल लेने लगा राजनीतिक गलियारों में

**सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व सलाह के अनुसार केंद्रीय सरकार दखल देकर कराये नहर के निर्माण का काम**
**केंद्रीय सरकार की चुप्पी से एसवाईएल नहर निर्माण का काम पड़ा है ठप्प**

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ , अक्टूबरः देश में 2024 के लोकसभा चुनाव की बिसात बिछने के ठीक पहले एक बार फिर सतलुज यमुना सम्पर्क नहर के मुद्दे से हरियाणा और पंजाब ही नहीं बल्कि दिल्ली की राजनीति भी गर्माहट में पहुँचने की आशंका जन्म ले रही है।
हरियाणा की राजनीति के खिलाड़ी मानते हैं कि सतलुज-यमुना नहर मुद्दा बार-बार पंजाब-हरियाणा में टकराव बढ़ाने का काम करता है। इस मुद्दे को लेकर जहाँ एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में सालों से सुनवाई चल रही है तो वहीं केंद्र सरकार की अध्यक्षता में भी पंजाब-हरियाणा के बीच सतलुज यमुना सम्पर्क नहर मुद्दे पर कई बैठकें हो चुकी हैं। इसी साल पहले जनवरी माह में यह मुद्दा उठा और उसके बाद पिछले महीनों में ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ बैठक बुलाई थी।
लेकिन बैठक में वही हुआ जिसकी उम्मीद की जा रही थी। सतलुज यमुना सम्पर्क नहर पर पंजाब-हरियाणा में कोई सहमति नहीं बनी। पंजाब सरकार ने बैठक के दौरान हरियाणा को सतलुज का एक भी बूंद पानी देने से इंकार कर दिया।यह कोई नयी बात नहीं है। पूर्व के वर्षों में जब जब सम्पर्क नहर के निर्माण की बात आई,पंजाब के विभिन्न दलों के सत्ता पर काबिज नेताओं ने एसवाईएल पर हरियाणा की माँग को अनसुना कर दिया।स्थिति यहाँ तक पहुँच गयी कि जिन किसानों की जमीन सरकार ने खरीदने के बाद नहर का रूप भी दे दिया था,उस पर ही खेत के साथ लगते किसानों ने कब्जा कर लिया और आज स्थिति ऐसी है कि वहाँ पंजाब के किसानों की फसल लहलहाती है। गत बैठक में भी वही हुआ जो पूर्व में होता रहा है।यानि बैठक बेनतीजा रही।
पंजाब ने बैठक में फिर वही बात दोहराई कि उसके पास किसी को भी देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है। सतलुज यमुना सम्पर्क नहर बनाकर हरियाणा को पानी नहीं दिया जा सकता। सतलुज यमुना सम्पर्क नहर पर पंजाब की तरफ से यह तक कहा जा चुका है कि अगर सतलुज-यमुना नहर बनी तो पंजाब जल उठेगा। बता दें कि, सतलुज यमुना सम्पर्क नहर मुद्दा सियासी तूल भी पकड़ता है। ऐसे में पंजाब सरकार अभी तक कोई हल नहीं निकाल सकी है और हरियाणा और पंजाब के बीच यह विवाद जस का तस बना हुआ है। जबकि हरियाणा का कहना है कि हमारी बस यही मांग है कि हरियाणा के लिए पंजाब की तरफ से एसवाईएल नहर का निर्माण होना चाहिए। हरियाणा के लिए सबसे बड़ी समस्या पानी है, 40 सालों से अधिक समय से एसवाईएल नहर का निर्माण अटका हुआ है। जबकि सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा की जीत होती रही है।

### पंजाब से हरियाणा के अलग राज्य बनने पर 1966 से उत्पन्न हुआ विवाद

विदित हो कि 1966 में पंजाब से जब अलग हरियाणा राज्य बना तभी से यह विवाद है। विभाजन के समय पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को छोड़कर सभी संपत्तियां 60 और 40 के आधार पर बांटी गईं। वहीं पानी को लेकर 10 साल के लंबे विवाद के बाद 1976 में दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारे को अंतिम रूप दिया गया और इसी के साथ सतलुज यमुना नहर बनाने की बात कही गई। 24 मार्च 1976 को केंद्र सरकार ने पंजाब के 7.2 एमएएफ यानी मिलियन एकड़ फीट पानी में से 3.5 एमएएफ हिस्सा हरियाणा को देने की अधिसूचना जारी की थी। जिसके बाद पंजाब भड़क उठा। इसके बाद साल 1981 में समझौता हुआ और पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 8 अप्रैल 1982 को पंजाब के पटियाला जिले के कपूरई गांव में एसवाईएल का उद्घाटन किया था। हालांकि, इसके बाद भी विवाद नहीं थमा बल्कि या यूं कहें कि विवाद और भी बढ़ता गया।
वहीं 1985 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एसएडी प्रमुख हरचंद सिंह लोंगोवाल से मुलाकात की थी और फिर एक नए न्यायाधिकरण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हरचंद सिंह लोंगोवाल को समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक महीने से भी कम समय में आतंकवादियों ने मार दिया था। वहीं 1988 में मजत गांव के पास परियोजना पर काम कर रहे कई मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे निर्माण कार्य ठप हो गया। 1990 में, आतंकवादियों ने नहर से जुड़े मुख्य अभियंता एमएल सेखरी और अधीक्षण अभियंता अवतार सिंह औलख की भी हत्या कर दी।

### हरियाणा की 1996 में सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

यह सब देखते हुए हरियाणा सरकार ने 1996 में सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी। इसके बाद 15 जनवरी 2002 को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब को एक साल में एसवाईएल बनाने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ 4 जून 2004 पंजाब सरकार ने अपनी याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया गया। हालांकि, पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं माना। पंजाब सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राजी नहीं हुआ और पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट एक्ट-2004 बनाकर हरियाणा के साथ तमाम जल समझौते रद्द कर दिए। इस तरह से पंजाब ने हरियाणा को पानी देने वाले समझौते को मानने से ही साफ इनकार कर दिया। 2017 में तो एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का मुकदमा भी पंजाब सरकार के खिलाफ दर्ज हुआ था।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा चेतना पार्टी प्रभारी विनोद शर्मा और अम्बाला से भाजपा विधायक के बीच तीखी नोकझोक

**सियासी घमासान के बीच एक दूसरे को दी जा रही धमकी**

**पहले हुड्डा की थाली में छेद किया और अब बीजेपी छोड़कर भी नहीं जाता- असीम गोयल**

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 04अक्टूबरः हरियाणा में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है अंबाला में राजनीतिक पारा भी चढ़ता जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा जन चेतना पार्टी सुप्रीमो विनोद शर्मा परिवार और भाजपा विधायक असीम गोयल के बीच सियासी घमासान मचा हुआ है। नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा देख लेने की धमकी दे रहे हैं।

अंबाला सिटी से भाजपा विधायक असीम गोयल ने कहा कि अभी तो आपने पिक्चर का ट्रेलर देखा है, ये सब प्रवासी पक्षी है। साल 2014 में चुनाव लड़ने के बाद 2019 तक कोई नजर नहीं आया। साल 2019 में चुनाव लड़ा झूठे वादे करके मेयर (विनोद शर्मा की पत्नी शक्ति रानी शर्मा) बन गए, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया।

असीम गोयल ने विनोद शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि कहीं बोल रहे थे श्रीमान सुपर सीएम साहब-इन्नू मैं देखागां। विधायक ने खुली चेतावनी दी कि मैं यहीं खड़ा हूं, देखना है आज देख ले, महीने बाद देख ले या फिर साल बाद। जब तेरा जी करके तब देख लियो। विधायक ने खुली चेतावनी दी है कि जित्थे देखना है देख, टैम बंध के देख। इन धमकियों से मैं कभी नहीं डरा, मैंने आज तक अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया।

### जनता देखने को आती है तो बिस्तर गोल कर देगी

गोयल ने कहा कि (विनोद शर्मा) तेरे को 9 साल पहले लोगों ने देख लिया। पहले पंजाब में और अब अंबाला के लोगों ने दौड़ाया। अब न जगह पंजाब में मिलती और न ही अंबाला में। जब जनता देखने को आती है तो बिस्तरा गोल कर देती है। जल्द ही बची हुई कसर भी जनता निकाल देगी। गोयल ने आरोप लगाए कि बदमाशी इनके (शर्मा परिवार) के खून में है। पहले किसानों की जमीन हड़पी और फिर धमकी दे रहे हैं इन्नू तो मैं देखूँगा। असीम गोयल ने कहा कि हमारे ऊपर ठिकरा डाल दिया कि पीएम और सीएम तो ठीक है। असीम खराब है। विनोद शर्मा पर तंज करते हुए कहा कि पहले हुड्डा की थाली में छेद किया और छोड़ते बीजेपी को भी नहीं। कहा कि गरीबी रेखा से नीचे और सरकारी नौकरी के नाम पर विनोद शर्मा मुझे नहीं सरकार की पॉलिसी और सीएम को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।निशाना साधते हुए कहा कि चैनल चलाने के लिए विज्ञापन सरकार से चाहिए। बेटे को राज्यसभा भेजना है, वोट बीजेपी और सरकार से चाहिए। कोई काम का श्रेय लेना है तो सरकार से चाहिए, लेकिन बीजेपी माड़ी है। नसीहत देते हुए कहा कि आप अपना स्टैंड तो देख लो।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह में वैधता के लिए सप्तपदी अनिवार्य तत्व

## सभी रीति रिवाजों के साथ संपन्न हुए विवाह समारोह को ही कानून की नजर में वैध विवाह माना जा सकता है।

### क्या कहा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने

वाराणसी की रहने वाली एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह में वैधता के लिए सप्तपदी अनिवार्य तत्व है। सभी रीति रिवाजों के साथ संपन्न हुए विवाह समारोह को ही कानून की नजर में वैध विवाह माना जा सकता है। यदि ऐसा नहीं है तो कानून की नजर में ऐसा विवाह वैध विवाह नहीं माना जाएगा। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने वाराणसी निवासी स्मृति सिंह उर्फ मौसमी सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए की है। कोर्ट ने 21 अप्रैल 2022 को याची के विरुद्ध जारी समन तथा परिवाद की प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। उसके पति और ससुराल के लोगों ने बिना तलाक दिए दूसरा विवाह करने का आरोप लगाते हुए वाराणसी जिला अदालत में परिवाद दायर किया था।

### साल 2017 में हुई थी शादी

याची स्मृति सिंह का कहना था कि उसका विवाह पांच जून 2017 को सत्यम सिंह के साथ हुआ था। शादी नहीं चली। विवादों के कारण उसने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति व ससुराल वालों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट भी दाखिल की है। पति और ससुराल वालों की तरफ से पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कहा गया कि याची ने पहले पति से तलाक लिए बिना दूसरी शादी कर ली है। इस शिकायत की सीओ सदर मीरजापुर ने जांच की और उसे झूठा करार देते हुए रिपोर्ट लगा दी। उसके बाद याची स्मृति सिंह के पति ने जिला न्यायालय वाराणसी में परिवाद दाखिल किया। अदालत ने यह परिवाद स्वीकार करते हुए स्मृति सिंह को समन जारी किया था।

### स्मृति सिंह ने दूसरे विवाह के आरोप को गलत बताया

इसे चुनौती देते हुए स्मृति सिंह ने कहा कि दूसरा विवाह करने का आरोप सरासर गलत है। यह उसकी (याची की) तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे का बदला लेने के लिए लगाया गया है। शिकायत परिवाद में विवाह समारोह संपन्न होने का कोई साक्ष्य नहीं है। न ही सप्तपदी का कोई साक्ष्य है, जो विवाह की अनिवार्य रस्म है। एकमात्र फोटोग्राफ साक्ष्य के तौर पर है। इसमें भी लड़की का चेहरा स्पष्ट नहीं है।

अदालत ने कहा- विवाह को कोई साक्ष्य नहीं अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह को सुनने के बाद कहा कि याची के खिलाफ दर्ज शिकायत में विवाह समारोह संपन्न होने का कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है। जबकि वैध विवाह के लिए विवाह समारोह का सभी रीति-रिवाज के साथ संपन्न होना जरूरी है। यदि ऐसा नहीं है तो कानून की नजर में यह वैध विवाह नहीं होगा। हिंदू विवाह की वैधता को स्थापित करने के लिए सप्तपदी अनिवार्य तत्व है, मगर वर्तमान मामले में इसका कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। यह स्पष्ट है कि सिर्फ याची को परेशान करने के उद्देश्य से दूषित न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई है और यह अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। अदालत का यह दायित्व है कि वह निर्दोष लोगों को ऐसी प्रक्रिया से बचाए।

# एसवाईएल मामला : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जताया सुप्रीम कोर्ट का आभार

## पंजाब से की न्यायालय के आदेशों पर तुरंत कार्रवाई की माँग

### केंद्र सरकार से अपील की कि सर्वेक्षण कार्य जल्दी पूरा किया जाए

चंडीगढ़- मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने एसवाईएल के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए आदेशों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए न्यायालय का आभार जताया और पंजाब सरकार से सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना सुनिश्चित करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसवाईएल हरियाणा की जीवन रेखा है और हरियाणा वासियों का हक है। उन्होंने कहा कि वे आज के आदेश के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय का सभी प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि पंजाब सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर अविलंब अमल करेगी।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह एसवाईएल के सर्वे का कार्य बिना देरी के पूर्ण करवाकर हरियाणा को वर्षों से लंबित उसका हक दिलवाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि पंजाब अपने क्षेत्र में एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न करके हरियाणा के हिस्से के लगभग 1.9 एमएएफ जल का उपयोग कर रहा है। हरियाणा को उसके हक का यह पानी मिलने से प्रदेश की 10.08 लाख एकड़ भूमि सिंचित होगी, प्रदेश की प्यास बुझेगी व लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। इस पानी के मिलने से दक्षिणी-हरियाणा में जो भूजल स्तर काफी नीचे जा रहा है उसमें भी सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि पंजाब सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार बिना देरी के एसवाईएल के माध्यम से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी देगी।

# ह्लगार्बेज फ्री इंडियाह्व रही स्वच्छता ही सेवा प्रतियोगिता की थीम

## दीपिका प्रथम स्थान, रितिका द्वितीय और गुरमीत कौर ने प्राप्त किया तृतीया स्थान

**कालका (संदीप शर्मा)**

राजकीय महाविद्यालय कालका में प्राचार्या श्री मति कामना की अध्यक्षता तथा दूसरा हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल परमिंदर सिंह व एडमिरल ऑफिसर ले आरसीफ्टिनेंट कर्नल विभोर गुप्ता के दिशानिर्देशन में "स्वच्छता ही सेवा - 2023" अभियान 15 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर तक चलाया गया। इस अभियान का आयोजन एनसीसी गर्ल्स यूनिट की प्रभारी लेफ्टिनेंट डा गुरप्रीत कौर तथा एनसीसी बॉयज यूनिट के प्रभारी लेफ्टिनेंट डा यशवीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान को मुख्यतः तीन हिस्सों में बांटा गया और इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। पहले चरण में एनसीसी कैडेट्स के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की थीम ह्लगार्बेज फ्री इंडियाह्व रही, जिस्का उद्देश्य था कैडेट्स को स्वच्छता की महत्वता के बारे में जानकारी देना। इस प्रतियोगिता में सभी एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमें बी ए की दीपिका प्रथम स्थान, रितिका द्वितीय स्थान और गुरमीत कौर तृतीया स्थान पर रही। इस अभियान के दूसरे चरण में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य था आम जनता में स्वछता के प्रति जागरूकता लाना।

तीसरे चरण में महाविद्यालय के आस पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया और अंत में महाविद्यालय प्रांगन में स्वच्छता शपथ ली गयी। प्राचार्य श्री मति कामना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के लिए उनके जीवन में स्वच्छता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साफ और स्वच्छ रहने से हम खुद को बीमारियों से दूर रख सकते हैं। हमें अपने घर के आस-पास हमेशा स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। गांधी जी ने कहा था स्वच्छता सेवा भाव है। इसीलिए प्रतिवर्ष गाँधी जयंती को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है

उन्होंने बताया कि इस बार इसकी थीम ह्लगार्बेज फ्री इंडियाह्व है जो की भारत की जनता को स्वच्छता अपनाने का संदेश देती है।सभी एनसीसी कैडेट्स ने इस आयोजन में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और शपथ ली की हम अपने देश को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे । प्रस्तुत जानकारी डॉ बिंदु ने दी।

## अग्रोहा धाम में 29 अक्टूबर को महाकुंभ में देश भर से लाखों लोग भाग लेंगे- बजरंग गर्ग

राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम में 29 अक्टूबर महाकुंभ के लिए राष्ट्रीय संयोजक की कमेटी का गठन किया गया अग्रोहा धाम के नेतृत्व में देश में वैश्य समाज की हजारों संस्था जनहित के कार्यों में लगी हुई है- बजरंग गर्ग

हिसार / दिनेश महता अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग लेने के उपरांत अनाज मंडी

में पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रोहा धाम में 29 अक्टूबर 2023 को विशाल वार्षिक मेला महाकुंभ होगा। जिसमें देश भर से लाखों लोग अग्रोहा धाम में भाग लेंगे। मेला ऐतिहासिक होगा। मेले में खुला अधिवेशन व मुख्य कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक रहेगा। 29 अक्टूबर को प्रातः 6:00 बजे शक्ति सरोवर स्नान, 7:00 बजे मंदिरों में आरती, हवन व पूजन होगा, 8:00 बजे 501 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा, 8:30 बजे छप्पन भोग व 101 सवामणी का भोग लगेगा, 9:00 बजे से विशाल भंडारा जो देर रात तक चलेगा और 10:00 बजे महाराजा अग्रसेन जी का ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। बजरंग गर्ग ने बताया कि 28 अक्टूबर को राष्ट्रीय कार्यकारी व जनरल बॉडी की मीटिंग अग्रोहा धाम में होगी। जिसमें अग्रोहा धाम के विकास करवाने, संगठन का विस्तार करने, टीलें की खुदाई का काम शुरू करवाने के लिए विचार किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम के महाकुंभ में उड़ीसा के महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल, एक्सेल ग्रुप के चेयरमैन व राज्यसभा पूर्व सांसद डॉ सुभाष चंद्र व अनेकों सामाजिक, धार्मिक व प्रमुख उद्योगपति भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विशेष रूप से महामंदेश्वर ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी भक्तों को आशीर्वाद देंगे। इस कार्यक्रम में अनेकों भजन सम्राट व टीवी कलाकारों के साथ-साथ भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम देश का पांचवां धाम है। जिसके साथ देश के नागरिकों की आस्था जुडी हुई है। मेले की तैयारी के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अग्रोहा धाम राष्ट्रीय मेला संयोजक दिल्ली विधायक महेंद्र गोयल, राजस्थान विधायक अमित चचाण, पंजाब विधायक नीलम मित्तल, प्रमुख समाजसेवी गोविंद कांडा व अंजनी कनोडिया सिरसा, लखन कुमार सिंगला फरीदाबाद, अल्केश अग्रवाल मुंबई, दुर्गा दत्त गोयल महेंद्रगढ़, रमेश जिंदल करनाल आदि को बनाया गया है।

इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, निर्माण समिति संयोजक ऋषिराज गर्ग, जिला प्रधान एनके गोयल, अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, पूर्व प्रधान संजय गोयल, मंडी हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन, प्रमुख समाजसेवी दीपक गर्ग झज्जर वाले, बजरंग असरावां वाला, श्याम मंडल प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, राहुल गर्ग, विनोद जिंदल, निरंजन असरावां वाले, देवेंद्र गर्ग, बजरंग गंगवा आदि समाज के प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने मेदिनीनगर में राज्य के सातवें अत्याधुनिक मेधा डेयरी प्लांट का किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री ने पशुपालकों के लिए दूध पर 3 रुपए प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 करोड़ 90 लाख रुपए का सौंपा चेक**

**मुख्यमंत्री ने कहा- कृषि एवं वन उपजों को बाजार भी उपलब्ध कराएंगे, एमएसपी भी तय करेंगे**

**मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा- जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे बढ़ें,**

**मुख्यमंत्री बोले- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार पेड़ लगाने और उसके बचने के लिए सरकार दे रही आर्थिक मदद**

**किसानों- पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

**किसान आगे बढ़ेंगे तभी राज्य और देश आगे बढ़ेगा**

**दूध उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ रहे कदम**

**डेयरी प्लांट से किसानों - पशुपालकों की बढ़ेगी आय, जीवन में आएगा सकारात्मक बदलाव**

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)04सितम्बर 2023:-किसान आगे बढ़ेगा तभी राज्य और देश भी आगे बढेगा। इस संकल्प के साथ किसानों-पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज पलामू में राज्य का सातवां अत्याधुनिक डेयरी प्लांट राज्यवासियों को समर्पित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डेयरी यहां के किसानों - पशुपालकों के जीवन में बदलाव लाने में वरदान साबित होगा।

**किसान अपने पैरों पर खड़ा हो सकें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इनकी आमदनी में इजाफा हो। ये बेहतर तरीके से जीवन यापन कर सकें। इस्के लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों पशुपालकों से कहा कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ ले और राज्य को भी मजबूती देने में योगदान करें। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार आपको चार कदम आगे बढ़कर सहयोग करेगी।

**जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही चुनौतियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हो रहे जलवायु परिवर्तन से हमारी चुनौतियां भी बढ़ रही है। इसका इससे सबसे ज्यादा किसान प्रभावित हो रहे हैं । मौसम में आ रहे इस बदलाव से कहीं बाढ़ आ रहा है तो कहीं सुखाड़ की स्थिति पैदा हो रही है। इस वजह से फसल उत्पादन प्रभावित हो रही है। अगर हम अभी सचेत नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने की लिए तैयार रहना होगा। ऐसे में वैकल्पिक खेती और इससे जुड़े अन्य कार्यों की दिशा में आगे आगे आना होगा । इस्के लिए सरकार ने कई योजनाएं भी शुरू की है । आप इस योजनाओं से जुड़े और खुद को जलवायु परिवर्तन के बीच खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं।

बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में जिस तरह की अनिश्चिता बनी रहती है , उसको देखते हुए सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की है। किसान इस योजना से जुडें और अपनी जमीन में विभिन्न प्रकार के फलदार पेड़ लगाएं। इसके लिए सरकार की ओर से आपको पेड़ लगाने के साथ पेड़ बचाने के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का लाभ लेकर आप कृषि के साथ-साथ फलों से भी अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

### पशुधन को दे रहे हैं बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में किसानों के लिए पशु काफी मायने रखती है । ऐसे में किसानों को पशुधन से समृद्ध करने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है । इसके तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों- पशुपालकों को पशु दिए जा रहे हैं । इतना ही नहीं, पशु शेड के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। इस योजना का मकसद किसानों को पशुपालन से जोड़कर उनकी आय को बढ़ाना है।

**डेयरी प्लांट की स्थापना से गौ पालन का होगा विकास : उपायुक्त**

पलामू उपयुक्त शशि रंजन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डेयरी प्लांट की स्थापना से ग्रामीण विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि डेयरी प्लांट की स्थापना से गौ पालन का विकास होगा। इससे गोबर भी प्राप्त होंगे। इसके लिए गोबर गैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। गौपालन से रोजगार का अवसर मिलेगा और किसान नई दिशा और दशा तय कर पाएंगे। उपायुक्त ने सरकार द्वारा पलामू में डेयरी प्लांट स्थापित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

**किसान बंधुओं तथा बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा प्लांटः एमडी**

कार्यक्रम में झारखंड राज्य मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी प्लांट पूरे राज्य एवं विशेष कर पलामू एवं आसपास के जिलों के किसान बंधु तथा बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। जिले में अपनी डेयरी होने से इस व्यवसाय एवं व्यवसाय से जुड़े किसानों को पहचान मिलेगी। वहीं पलामू एवं आसपास के जिलों में गव्य विकास को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मेधा डेयरी दूध क्रय के अतिरिक्त नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मार्गदर्शन में गोबर खाद प्रबंधन योजना की शुरूआत की है। वहीं एक त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के द्वारा चुने हुए गायों में अच्छे नस्ल का भ्रूण प्रत्यारोपण किया जाता है,

जिसके फलस्वरुप नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिल रही है तथा राज्य के किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

### दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों पशुपालकों को कहा कि सरकार डेयरी प्लांट खोल सकती है , लेकिन इसे चलाने का जिम आपका है आप जितना ज्यादा दूध इस प्लांट को उपलब्ध कराएंगे उतना ही ज्यादा दुग्ध और दुग्ध उत्पाद यहाँ तैयार होंगे। इससे न सिर्फ यह डेयरी प्लांट मजबूत होगा, बल्कि आपको भी फायदा बढेगा। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो यहां और भी डेयरी प्लांट खोले जाएंगे।

**वन उपजों को बाजार उपलब्ध कराएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और वन उपजों की दृष्टिकोण से झारखंड काफी समृद्ध है। ऐसे में यहां के वन उपजों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है । इस दिशा में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन गठन किया गया है। इसके जरिए कृषि और वन उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा तथा इसका एमएसपी भी तय होगा। इसके माध्यम से किसानों को अपने इन उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा।

**पशुपालकों को दूध पर 3 रुपए प्रति लीटर दी जा रही प्रोत्साहन राशि**

ज्ञात की राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को दूध पर 3 रुपए प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी के तहत मुख्यमंत्री ने यहां के किसानों/ पशुपालकों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 करोड़ 90 लाख रुपये का चेक झारखंड मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह को सौंपा। सरकार से प्राप्त अनुदान राशि को किसानों के बीच झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा वितरित किया जाएगा। यह 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगा।

**25 हजार किसानों- पशुपालकों को होगा फायदा**

पलामू का मेधा डेयरी प्लांट राज्य का सातवां डेयरी प्लांट है। लगभग 28 करोड रुपए की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक डेयरी प्लांट से लगभग 25 हजार किसानों- पशुपालकों को सीधा फायदा होगा। इस डेयरी की वर्तमान में प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की क्षमता होगी, जिसे एक लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकेगा। यहां दूध के स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए चार मिल्क सायलो लगाया गया है। इस डेयरी प्लांट का संचालन झारखंड मिल्क फेडरेशन करेगा।

---

**डेयरी प्लांट की स्थापना से रोजगार का अवसर हुआ प्राप्तः रामेश्वर उरांव**

योजना-सह-वित्त विभाग के मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि मेधा डेयरी प्लांट के स्थापित होने से रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। दूध का व्यापार बढ़ेगा और किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पलामू में पलाश, लाह और महुआ अर्थव्यवस्था का आधार है। इस व्यवस्था को सरकार पुनर्जीवित करने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने मुख्यमंत्री से डेयरी प्लांट में तकनीकी पदों को छोड़कर अन्य पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार देने का अनुरोध किया।

**वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डेयरी प्लांट की स्थापना :श्री बादल**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री श्री बादल ने मेधा डेरी प्लांट के उद्घाटन को पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक बताया उन्होंने कहा कि सरकार ने दूध उत्पादन के लिए जो सपना देखा था, वह पूरा हो रहा है। राज्य में ढाई लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इसे बढ़ाकर 5 लाख किए जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के माध्यम से किसान भाइयों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि पर प्रकृति की मार पड़ रही है। ऐसे में सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डेयरी प्लांट की स्थापना की है। उन्होंने सरकार द्वारा पशुपालकों को प्राप्त होने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी।

# रास्तों पर भीषण गन्दगी, जलभराव से ग्रामीण परेशान

विशाल सोनकर (जौनपुर)
सिरकोनी, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के रमदत्तपुर गांव के बीच से जाने वाली सड़क पर ट्रकों के आने-जाने से बन गए बड़े गड्ढे व गंदगी के अंबार होने से नाराज होकर जिम्मेदारों के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बरसात होने के बाद सड़क पर पानी इकट्ठा व सड़क पर गंदगी का अम्बार होने से बरसात के दिनों में संक्रमण रोग होने की आशंका से चिंतित ग्रामीणों ने व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया।
उक्त गांव के बीच से जाने वाली सड़क टूट कर गढ्ढे व कीचड़ बने रहने से वहां के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। इसके अलावा मच्छर जनित बीमारियों की हमेशा आशंका बनी रहती है। शासन प्रशासन के स्पष्ट निर्देश के बाउजूद वहां इस प्रकार से गंदगी का अंबार रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दिनों बड़े वाहनों के ज्यादा आने जाने से सड़क एक दम खराब हो चुकी है। हौज टोल प्लाजा का टोल टैक्स बचाने के चक्कर मे काफी वाहन सिरकोनी से तथा जफराबाद बाईपास से होकर इस सड़क से ही निकल रही है। हालांकि अब ट्रक व ट्रेलर जैसे बड़े वाहन वीरभानपुर नहर मार्ग से निकल रहे रहे। सड़क के टूटने के कारण आये दिन बाइक व साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे। सड़क के दोनों तरफ आबादी है। चार पहिया वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं जिसके कारण बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसको लेकर बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

गांव के राजेश कुमार ने कहा कि ये सड़क बने काफी दिन हो चुके है। ट्रकों के आने–जाने से बीच–बीच में गड्ढे होने से जलभराव हो गया है और सड़क पर गन्दगी का अंबार लग गया है जो लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। अगर सफाईकर्मी लगाकर साफ करा दिया जाय तो अच्छा रहता। शैलेश कुमार ने कहा कि सड़क के गड्ढों के कारण गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं जबकि मामूली रूप से तो दर्जन भर से ज्यादा लोग गिरकर घायल हो गए हैं। शीला देवी ने कहा कि सड़क के किनारे गांव के पास सफाईकर्मी द्वारा साफ न करने पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाईकर्मी गांव में आते ही नहीं और न ही साफ–सफाई करते हैं, इसलिए गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे तमाम सी बीमारियों का खतरा बना रहता है। सड़क को जल्द से जल्द बनवाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में शिवचन्द प्रजापति, पारसनाथ, अजय प्रजापति, दीपक कुमार, शीला देवी, अर्चना सहित तमाम लोग उपस्थित रहे

# मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापन बोर्ड की बैठक

समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्टर
वाराणसी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण अवस्थापन बोर्ड की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव सुनील वर्मा समेत अन्य अधिकारिगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा अवस्थापन निधि से निम्नलिखित प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया-
- ₹67.00 लाख की लागत से संजय नगर कॉलोनी, कॉटनमील में निर्मित एचआईजी, एमआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के पास सड़कों के सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- ₹18.00 लाख की लागत से महामना नगर कॉलोनी सुन्दरपुर,करौंदी,लंका स्थित पार्क नंबर-2 में बाउंड्री गेट,ओपन जिम,पाथवे,चेयर,झूला आदि का निर्माणकार्य।
- ₹1.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम के निर्माण कार्य हेतु आरक्षित धनराशि। उक्त के संदर्भ में मंडलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया की इंदौर, बैंगलोर आदि के तर्ज. पर जंग-विरोधी फैब्रिकेटेड ओपन जिम लगाये जायें जिससे बारिश के उपरांत भी उक्त जिम निर्बाध्य संचालित किया जा सके।
- ₹3.50 लाख की लागत से लालपुर फेज टू वाराणसी में विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 12 दुकानें 08 फ्लैटों के नीचे रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने व केसी ड्रेन के निर्माण का कार्य।
- ₹1.04 करोड़ की लागत से जनपद नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों (पण्डित दीनदयाल उपाध्याय नगर सीमान्तर्गत) के सुदृढ़ीकरण के साथ साथ मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं से आच्छादित किये जाने सम्बंधित कार्य।
- ₹5.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में प्राथमिक/सेकेंडरी विद्यालयों हेतु ब्यूटीफि के शन/इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेडियम, आंगनवाड़ी विकसित किए जाने का कार्य।
- ₹3.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न स्थानों पर मार्ग जैसे आशापुर चौराहा-सुहेलदेव तिराहा मार्ग, नटीनियादाई तिराहा से एनएच-56 मार्ग, अर्दली बाजार-महावीर चौक मार्ग, मीरापुर बसाहीं-सिंधौरा मार्ग, नदेसर मस्जिद से चौकाघाट चौराहा मार्ग आदि में प्रकाश व्यवस्था के कार्य।
- ₹3.00 करोड़ की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न मार्गों जैसे संत अतुलानंद बस स्टॉप से वा०वि०प्रा० जंक्शन मार्ग, पुलिस लाइन चौराहा से चौकाघाट मार्ग, अंबेडकर तिराहा से सर्किट हाउस मार्ग आदि पर आवश्यकतानुसार फूटपाथ का निर्माण एवं टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कार्य।
- ₹30.00 लाख की लागत से रामनगर आवासीय योजना में जलापूर्ति हेतु नलकूप स्थापना का कार्य।
- ₹26.00 लाख की लागत से सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज की ग्राउंड में मिट्टी भराई, आरसीसी ड्रेन एवं सीवर लाइन से संयोजन करने का कार्य।
- ₹50.00 लाख की लागत से वाराणसी शहर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य।
- ₹4.00 करोड़ की लागत से प्राधिकरण कार्यालयों/संपत्तियों के अनुरक्षण, प्राधिकरण विकास क्षेत्र में शहर के विभिन्न स्थानों पर प्राधिकरण की दृष्टि से दशाश्वमेध/लहरतारा/फुलवरिया व अन्य आवश्यक स्थानों पर पेंटिंग, साइनेज, अर्बन स्ट्रीट स्केपिंग, सड़क उच्चीकरण एवं मरम्मत, ग्रीन स्पॉट, पब्लिक स्पेस, काशी व्यू पॉइंट, आई लव काशी के साइन बोर्ड, प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ पार्कों में मरम्मत रंगाई पुताई आदि का कार्य।
- ₹36.00 लाख की लागत से रवींद्रपुरी- लंका मार्ग स्थित पार्क के सुंदरीकरण का कार्य।
- ₹22.00 लाख की लागत से दुर्गाकुंड के समीप स्थित पार्क के सुंदरीकरण का कार्य।
- ₹20.00 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर योजना में वाह्य विकास हेतु धनराशि।
- ₹1.00 करोड़ की लागत से रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के मध्य एवं समीप मार्गों के सुदृढ़ीकरण का कार्य।
- ₹75.00 लाख की लागत से प्राधिकरण के भविष्य की परियोजनाएं यथा न्यू टाउनशिप, हॉट एयर बलून असि नदी जीर्णोद्धार, सिटी डेवलपमेंट प्लान आदि के कंसल्टेंसी। इसके अतिरिक्त मंडलायुक्त द्वारा वाराणसी शहर में फूड स्ट्रीट,प्लेसम्किंग,फ्लाईओवर के नीचे रिक्रिएशनल एक्टिविटीज आदि पर कार्य के प्रस्ताव बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

# निराश्रित गोवंश से टकराकर बाईक सवार की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात्रि पशु से टकराकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के चंदवक थाना क्षेत्र भुड़ली ग्राम निवासी अमित सिंह (44) पुत्र अवध नारायण सिंह अपने चचेरे भाई अश्विनी सिंह उर्फ राजू को ट्रेन पर बैठाने वाराणसी स्थित कैंट स्टेशन पहुंचाने गये थे। मंगलवार की देर रात्रि कैंट स्टेशन से वापस घर लौटते समय चोलापुर के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर अचानक पशु से टकराकर सड़क पर गिर पड़े, हेलमेट न लगाने से सर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक अमित दो भाई में बड़ा था, छोटा भाई अरुण सिंह मुम्बई में नौकरी करता है, तेरह वर्ष पूर्व में पत्नी अपने एक बच्चे के साथ घर छोड़कर चली गई। घटना से माता इंद्रा सिंह समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक घर पर रहकर खेती-बारी करता था।

# अवैध गांजे के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी चोलापुर थाना अंतगर्त बुद्धवार को धिरेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व० रामप्यारे पाण्डेय निवासी ग्राम धरसौना थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को थाना चोलापुर पुलिस टीम ने 395 ग्राम अवैध गाजा व 150 रुपया नगद के साथ कटारी बस स्टैण्ट से गिरफ्तार किया। वही चोलापुर पुलिस ने उक्त अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वाराणसी ब्यूरो
वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के सुरही गांव के सामने हुई दुर्घटना में मृतको के परिजनों के न होने पर ग्राम प्रधान रविन्द्र यादव के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 279,337, 338, 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# इलाज के दौरान घायल आटो सवार की हुई मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी रोहनिया।शहावाबाद मे मंगलवार को आटो तथा कार में आमने-सामने की हुई टक्कर के दौरान गंभीर रूप से घायल सोनारपुरा भेलूपुर निवासी अरुण नंदी के पुत्र आदित्य नंदी की बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में ईलाज के दौरान मंगलवार की देर रात में मौत हो गयी।मृतक आदित्य नंदी को गंगापुर से एम काम का परीक्षा देकर आटो से घर जा रहा था।

# स्कूली वैन से कुचलकर मासूम की दर्दनाक मौत

विशाल सोनकर (जौनपुर)
खेतासराय(जौनपुर)थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर में बुधवार की सुबह बच्चों को लेने आई एक स्कूल का वाहन बैक करते समय चार साल की बालिका को रौंद दिया। घटना स्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे होने के बाद मय वाहन ड्राइवर फरार हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बच्ची की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया।
अपने मामा के यहाँ आई हाजरा 4 वर्ष पुत्री हसनैन निवासी कटौली थाना लालगंज आजमगढ़ सुबह अपने दरवाजे के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान मारूफपुर में स्तिथ एक मरदसे की स्कूली वैन छात्र छत्राओ को लेने आई थी। बैक करने के दौरान बालिका पिछले पहिया के जद में आ गई। जिस से उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मौका पाते ही ड्राइवर गाड़ी समेत खिसक लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस छानबीन में जुट गई। शव को

कब्जे में लेकर मेडिकल के लिए के लिए भेज दिया।
थानाध्यक्ष चंदन रॉय ने बताया कि स्कूली वाहन से बालिका की मौत हुई है। तहरीर मिलते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।
काश आवाज सुनकर गाड़ी रुकती तो बच जाती मासूम..
खेतासराय(जौनपुर) मोहिद्दीनपुर में स्कूली वाहन से घर के एक चिराग बुझ जाने में ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है। मारूफपुर मदरसे की स्कूली बस छात्र छत्राओं को लेने गई यहा ड्राइवर यातायात नियमों की अनदेखी कर बैक करने लगा। अन्य बच्चें घटना के दौरान आवाज लगाते रहे लेकिन उसने एक नही सुनी। यदि गाड़ी में तैनात रहा परिचालक उसने ट्रैफिक नियम का पालन क्यों नही किया ? सवाल उठ रहा है। हादसे से जहाँ घर मे कोहराम मचा है वही गांव में मातम का माहौल है।

# शंकराचार्य सहित सभी के मुकदमे की वापसी की अदालत से लगीं मोहर

वाराणसी। आज एम पी एम एल कोर्ट ने सरकार द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती सहित सभी के मुकदमे की वापसी पर सुनवाई करते हुए मुकदमा वापसी पर अपनी मोहर लगा दी है बता दे कि एम पी एम एल कोर्ट वाराणसी मे सुनवाई करते हुए जज अवनीश गौतम ने अजय राय को छोड़ कर सभी के मुकदमे की वापसी पर अंतिम निर्णय सुनाया है।
2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में 5 अक्टूबर, 2015 को निकाली गयी ह्यअन्याय प्रतिकार यात्राह्ण में नामजद 82 लोगों में से उ0प्र0 शासन द्वारा 81 लोगों के खिलाफ हुए मुकदमे को वापस लिया गया, जिसका संदर्भ लेते हुए अपर सत्र न्यायाधीश वाराणसी (एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट) ने उन 81 लोगों को बरी कर दिया।
उन 82 लोगों में से सिर्फ एक व्यक्ति वर्तमान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री अजय राय के खिलाफ हुए मुकदमें को वापस नहीं लिया गया।
उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सी0पी0 राय ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ही घटना और एक

ही मुकदमे में दो तरह के फैसले कैसे लिये जा सकते हैं?
श्री सी0पी0 राय ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बढ़ती लोकप्रियता और जनता का मिल रहा अपार समर्थन कहीं न कहीं इस सरकार में हताशा पैदा कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का यह पूरी तरह से पूर्वाग्रही और अविवेकपूर्ण कार्य है।
श्री राय ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने नैतिकता के खिलाफ जाकर अपने कई मुकदमे एवं अपने उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मुकदमे वापस लिये। इसी मुकदमे में इनकी सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालूह्न भी आरोपित थे, मगर उनका भी मुकदमा वापस लिया। पूरे प्रदेश में भाजपाइयों के 20 हजार से ज्यादा मुकदमे वापस लिये गये। मगर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बढ़ती लोकप्रियता से घबराये मुख्यमंत्री एक जायज मुकदमा वापस लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि अविलम्ब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ दायर इस मुकदमे को वापस लिया जाये।

# रेलवे ने चलाया टिकट चेकिंग अभियान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के निर्देशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के नेतृत्व में औड़िहार स्टेशन को आधार बनाकर पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाराणसी सिटी झ औड़िहार, औड़िहार-जौनपुर, औड़िहार-मऊ एवं औड़िहार-छपरा रेल खण्ड पर चलने वाली बनारस-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस,स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू एक्सप्रेस,भटनी-वाराणसी सिटी अनारक्षित सवारी गाड़ी तथा आजमगढ़-वाराणसी सिटी अनारक्षित गाड़ियों से उतरने वाले यात्रियों की टिकट जाँच टीम के सदस्यों द्वारा औड़िहार स्टेशन पर किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है।
इस टिकट जांच अभियान टीम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन के साथ 12 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बलके चार जवानों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा करने वाले एवं

अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों समेत कुल 250 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 110700 (एक लाख दस हजार सात सौ रुपए) जुमार्ना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया। इस टिकट जाँच अभियान में कुल 38 यात्रियों को जुमार्ना नहीं चुकाने पर रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष ट्रायल हेतु प्रस्तुत किया गया और जुमार्ना अदा करने के पश्चात छोड़ा गया।
उक्त बस रेड अभियान के दौरान इस खण्ड के स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए लम्बी कतार लग गई थी। वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक शेख रहमान ने आम यात्रियों से अपील की है कि यात्री अपनी यात्रा के दौरान स्टेशन अथवा ट्रेनों में साफ-सफाई का ध्यान देवें और उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# भीषण जाम से बिलबिला उठे लोग

वाराणसी ब्यूरो
रामनगर / वाराणसी बुधवार को एक सुबह से किला से लेकर सामने घाट पुल पर लगे भीषण जाम से लोग बिलबिला उठे। लगभग पांच घण्टे तक चले जाम की वजह से ठीक ठाक मौसम में भी लोग पसीने पसीने हो उठे। खुद पुलिस को भी जाम छुड़ाने में पसीने छूट गए। हुआ यह कि सामनेघाट पुल पर माल लदी पिकअप अचानक खराब हो गई। जिससे सामनेघाट पुल से रामनगर की ओर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई और देखते ही देखते वाहनों की कतार लगभग आधा किलोमीटर से ज्यादा दूर तक लग गई,जो पुल से लेकर किला मार्ग होते हुए चौराहा तक पहुंच गई। इस बीच जल्दी आगे निकलने की होड़ में लोग अपने अपने वाहन लेकर आड़े तिरछे खड़े होते गए और नतीजा ये हुआ कि जाम बद से बदतर स्थिति में

पहुँच गया। स्कूल जाने वाले बच्चे भी जाम में फंस गए। स्कूल के लिए निकले बच्चे जाम देखकर घर वापस चले गए। स्थिति यह हो गई कि चौराहा से पड़ाव व टेंगरामोड़ मार्ग पर भी जाम का झाम हो गया।जो जहां फंसा वहीं खड़ा हो गया।दस मिनट की दूरी तय करने में घंटों समय लगा। इस दरम्यान जाम में एंबुलेंस से लेकर स्कूली वाहन भी फंसे रही। छोटे छोटे बच्चे व्याकुल हो उठे।नगर में जाम लगते ही क्षेत्रीय लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए।कोई पुलिस की निष्क्रियता तो कोई अतिक्रमण को कोसता रहा। दरअसल पुल पर लगने वाला जाम नासूर बनता जा रहा है। जाम किसी दिन कम तो किसी दिन भीषण रूप ले ले रहा है।

# लोक निर्माण विभाग की उदासीनता से सुर्खियों में रहते है जिले

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**
सिद्धार्थनगर। जिले की बदहाल सड़कों का कोई पुरसाहाल नहीं है चाहे लोक निर्माण विभाग में बैठे जिम्मेदार हों अथवा प्रशासन के लोग। किसी महाशय का ध्यान बदहाल सड़कों की तरफ नहीं जा रहा है जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। तो ऐसे में योगी सरकार की शख्ति का भी किरकिरी होना लाजमी है। प्राप्त समाचार के अनुसार बांसी शोहरतगढ़ डुमरियागंज इटवा तहसील क्षेत्र की ज्यादातर सड़कें अपना अस्तित्व खो चुकी और जर्जरता की आखिरी दहलीज पर पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं इन बदहाल सड़कों पर लोग आए दिन चोटिल भी हो रहे हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन के लोगों के कानों में जूं तक नहीं रहता है। और लोग कुंभकर्णी नींद में बेखौफ शो रहें हैं। बताते चलें कि विकास खण्ड इटवा के पकड़ी से ग्राम धन्धरा होते हुए बुढ़ऊ चौराहे तक जाने वाली सड़क पूर्ण रूप से बदहाली की गिरफ्त में हैं और सड़क के गड्ढे खुलेआम दुर्घटना को दावत दे रहे हैं कब कौन राहगीर इन गड्ढों की चपेट में आ जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि इस सड़क से गुजरने वाले राहगीर इन गड्ढों से बचकर गुजरने का प्रयास कितना भी कर लें लेकिन सड़क जब गड्ढों में तब्दील है तो कौन कितना बचकर चल पाएगा। जबकि पकड़ी से ग्राम धन्धरा होते हुए बुढऊ चौराहे तक जाने वाली सड़क करीब दर्जनों गांव का मुख्य मार्ग है। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि जानलेवा गड्ढों की वजह से सड़क पर कोई दुर्घटना घटती है तो उस दुर्घटना का जिम्मेदार आखिर कौन होगा। लेकिन वाह रे लोक निर्माण विभाग व प्रशासन के जिम्मेदार लोग इन जानलेवा गड्ढों पर आप लोगों की नजर कब पड़ेगी। सूत्रों के अनुसार जिले की बदहाल सड़कें लोक निर्माण विभाग व प्रशासन के जिम्मेदारों को आईना दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती हैं। लेकिन जिम्मेदारों की आंखों पर तो भ्रष्टाचार का पर्दा इस कदर छाया हुआ है कि यह गड्ढे शायद दिखाई नहीं देते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि योगी शासनकाल में भी लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के लोग बदहाल सड़कों के प्रति इतनी उदासीनता बरत रहे हैं और जनप्रतिनिधि भी चैन की बंसी बजा रहे हैं। अब देखना है कि जिले की बदहाल सड़कों का कब कायाकल्प होगा और बदहाल सड़के गड्ढा मुक्त कब होंगी।

# श्रुतलेख परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा का विद्यालय में किया गया सम्मानित

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय मयंदीपुर ब्लाक बक्शा की छात्रा शगुन यादव

पुत्री विजय यादव ने जनपद स्तरीय श्रुतलेख प्रतियोगिता में पूरे जिले में प्रथम स्थान पाकर अपने विद्यालय /गांव मयन्दीपुर का नाम रोशन किया है, इस प्रतियोगिता में पूरे जिले से 21 ब्लॉकों के चयनित छात्रों ने हिस्सा लिया था , विद्यालय की प्रधानाध्यापिका किरन सिंह ने प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा को माला पहनाकर और पारितोषिक देकर सम्मानित किया,और कहा कि छात्रा ने इस उपलब्धि के माध्यम से पूरे विद्यालय और गांव का नाम जनपद स्तर पर रोशन किया है, छात्रा का सपना है कि वो डॉक्टर बनकर गरीबो की सेवा करे। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह,सुरेंद्र मोहन सिंह, राजेश सिंह,अंकिता यादव,सुनीता,जमील,विनीत,रविन्द्र प्रताप बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

# रात भर हुई बारिश के कारण ढहा जर्जर मकान

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। नगर के कोतवाली क्षेत्र में बड़ी मस्जिद तिराहे के सामने स्थित ऋषि मेडिकल एजेंसी के पास रात भर हुई बारिश के कारण एक पुराना जर्जर मकान ढह गया।
मौके पर जिला प्रशासन को सूचना मिलते ही यातायात आवागमन रोक दिया गया। राज कॉलेज चौकी प्रभारी, शंकर मंडी चौकी प्रभारी, पुरानी बाजार चौकी प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मकान गिरने से किसी के घायल होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन यह घटना सावधानी की आवश्यकता को दशार्ती है। ऐसे अनेक मकान जिले में देखे जा रहे हैं।

# बाइक से धक्का लगते ही निकली वृद्ध की जान

**समाज जागरण विशाल सोनकर (जौनपुर)**
जौनपुर। बैंक से अपना कार्य निपटाकर घर लौट रहे वृद्ध की बाइक से धक्का लग जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मछलीषहर कोतवाली क्षेत्र के राजापुर पकड़ी गांव निवासी 75 वर्षीय लुदुदर यादव बुधवार दोपहर मछलीषहर कस्बे के मड़ियाहूं तिराहा पर स्थित बैंक आफ बड़ौदा में किसी बैंक कार्य से आए हुए थे। वह बैंक का कार्य निपटाकर बैंक से बाहर निकल कर अभी कुछ दूर पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार भी गिर पड़ा और बाईक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना पर पहुंची पुलिस ने अगलकृबगल के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें मछलीशहर सीएचसी भिजवाया जहां उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गये। मृतक के दोनों पुत्र राम आसरे व राम अकबाल भी कोतवाली पहुंच गये जहां उन्होंने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दिया जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विद्युत करेंट की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
सेवापुरी। वाराणसी कपसेठी थाना क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र अटंगु गुरुवार को डीएलडब्ल्यू स्थित एक मकान के हो रहे ढलाई में मजदूरी के लिये गया हुआ था। जहां विद्युत करेंट की चपेट में आ गया आनन -फानन में वहां कार्य कर रहे अन्य मजदूर उसे एक निजी अस्पताल ले गये।जहां इलाज चल रहा है।

# नाव पर सवारी बैठाने को लेकर मारपीट मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो पंकज झा**
वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के पितांबरपुर सोनारपुर इलाके में रहने वाले सुशील साहनी की नाव पर सवारी बैठाने को लेकर पड़ोस में रहने वाले अजय बाबू चंद साहनी पप्पू साहनीअनिल साहनीने पिटाई कर दी।लाठी डंडे से हमला होने से गंभीर रूप से सुशील घायल हो गया। बीच बचाव करने पहुंचे सुशील के भांजे की भी आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी।सुशील की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# हाईवे क्षतिग्रस्त होने से लगा जाम ट्रक की चपेट से दरोगा घायल

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर डाफी इलाके में हाईवे क्षतिग्रस्त होने के कारण बुधवार को लंबा जाम लग रहा है।पुराने टोल टैक्स के समीप ट्रक की चपेट में आने से चंदौली पुलिस लाइन में तैनात दरोगा भगवान प्रसाद 58 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक से टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल के साथ भगवान प्रसाद ट्रक के नीचे चले गए। बाइक उनकी ट्रक में फस गई।सूचना पर पहुंचे रमना चौकी प्रभारी सुफियान खान ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाया।इसके बाद उनको निकाल कर बीएचयू ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भिजवाया गया। कमर के नीचे कई जगह फैक्चर हो गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल दरोगा भगवान प्रसाद मऊ जनपद के हलधरपुर थाने के पीपरशाह गांव के रहने वाले हैं।अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार दोपहर बाद वाराणसी से चंदौली की तरफ जा रहे थे।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में लग गई। हाईवे खराब होने के कारण पूरे दिन टोल टैक्स से विश्व सुंदरी पुल तक दूसरी तरफ नारायणपुर चौराहे के सामने तक जाम लग रहा है।

# निराश्रित गोवंश से टकराकर बाईक सवार की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात्रि पशु से टकराकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के चंदवक थाना क्षेत्र भुड़ली ग्राम निवासी अमित सिंह (44) पुत्र अवध नारायण सिंह अपने चचेरे भाई अश्विनी सिंह उर्फ राजू को ट्रेन पर बैठाने वाराणसी स्थित कैंट स्टेशन पहुंचाने गये थे। मंगलवार की देर रात्रि कैंट स्टेशन से वापस घर लौटते समय चोलापुर के धरसौना ग्राम के समीप वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर अचानक पशु से टकराकर सड़क पर गिर पड़े, हेलमेट न लगाने से सर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक अमित दो भाई में बड़ा था, छोटा भाई अरुण सिंह मुम्बई में नौकरी करता है, तेरह वर्ष पूर्व में पत्नी अपने एक बच्चे के साथ घर छोड़कर चली गई। घटना से माता इंद्रा सिंह समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक घर पर रहकर खेती-बारी करता था।